जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, शनिवार 26 अगस्त, 2023

# NPO

## NEW PRODUCT OFFER

## 31 अगस्त, 2023 को बंद हो रहा है।

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN

DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA

सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

### 5 महीने में 25 लाख और पजेशन तक 50 लाख तक का रिटर्न

**आज की रेट ₹3000/- Sq Ft | पजेशन की रेट ₹4500/- Sq Ft**

### PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

1.5 गुना रिटर्न



POSSESSION DEC. 2025

| युनिट टाइप | साइज | NPO New Product Offer आज की रेट | 31 अगस्त की रेट +5% | 30 सितम्बर की रेट +10% | 31 अक्टूबर की रेट +15% | 30 नवम्बर की रेट +20% | 31 दिसम्बर की रेट +25% | पजेशन की रेट +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800 120 2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# बेहद गंभीर है एक साल में सात लाख बुजुर्गों का न्यायालय के द्वार खटखटाना

एक तरफ यह माना जा रहा है कि 2050 आते-आते देश का हर पांचवां नागरिक बुजुर्ग होगा तो दूसरी और बुजुर्गों के साथ असम्मान में दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ोतरी हो रही है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार पिछले एक साल में सात लाख बुजुर्गों ने अदालतों के द्वार खटखटाये हैं। जबकि इससे पहले ही पिछले साल तक अदालतों में बुजुर्गों द्वारा दर्ज कराये गये पांच साल से अधिक के 20 लाख से अधिक मामलें न्याय के लिए लंबित चल रहे हैं। सवाल यह नहीं है कि अदालतों में कितने मामलें लंबित है या सवाल यह भी नहीं है कि कितने समय से लंबित है या सवाल यह भी नहीं है कि अदालतों में बुजुर्गों से संबंधित मामलों के निर्णय में क्यों देरी हो रही है? बल्कि सीधा-सीधा सवाल यह है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान में क्यों बढ़ोतरी हो रही है। केवल और केवल एक साल में सात लाख मामलों का सामने आना हमारे समाज की बुजुर्गों के प्रति असहिष्णुता को स्पष्ट रुप से दर्शाता है। एक और हमारी संस्कृति और सभ्यता में बुजुर्गो के सम्मान सिखाया जाता रहा हैं वहीं अब समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा न्यायालय का दरवाजा खटखटाना बेहद चिंता का विषय हो जाता है।

एक साल में सात लाख मामलों में कुछ कम ज्यादा हो सकता है पर आंकड़ा सात लाख के आसपास से कम इस मायने में नकारा नहीं जा सकता कि अदालतों में दर्ज होने वाले प्रकरणों की मोनेटरिंग होती है। अब सवाल सीधा-साधा यह हो जाता है कि एक साल में सात लाख मामलें सामने आने का मतलब साफ साफ है कि असलियत में इस तरह के मामलें कई गुणा होंगे। साफ है अदालत या पुलिस में कैस दर्ज कराने के हालात बहुत ही अति की स्थिति में होते हैं। एफआईआर या अदालत में इश्तगाशा कराना आम आदमी के लिए ही मुश्किल भरा काम होता है तो किसी बुजुर्ग से इस तरह की आशा करना बेमानी ही होगा। दरअसल कोई भी आदमी मेरा मतलब आम आदमी से भी है कि उसके द्वारा भी पुलिस थानों या वकीलों और अदालतों के चक्कर लगाने से बचने की ही कोशिश की जाती है। फिर बुजुर्ग की तो अपनी सीमाएं होती हैं। कोर्ट-कचहरी तक जाने से आज भी आम आदमी डरता है। हांलाकि न्यायालयों के प्रति आम आदमी का विश्वास बरकरार है चाहे उसमें देरी कितनी भी हो रही हो।न्याय में विश्वास का ही परिणाम है कि न्यायालयों में वादों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

सवाल सीधे सीधे यह हो जाता है कि समाज में बुजुर्गों के प्रति असम्मान के हालात कैसे बन रहे हैं। चिंतनीय यह भी हो जाता है कि आज देश में औसत आयु में बढ़ोतरी हुई है तो युवा जनंसख्या के आधिक्य के साथ ही 2050 तक सीनियर सिटीजन्स की संख्या बढ़ेगी ही, इसलिए एक और जहां सरकारों को अभी से नई रणनीति बनानी होगी वहीं समाज विज्ञानियों और समाज विज्ञान के अध्येताओं को समाज में बुजुर्गों के प्रति बढ़ रही असहिष्णुता के कारणों को खोजना होगा। हांलाकि आज आर्थिक युग आ गया है। प्रतिस्पर्धा और आपा-धापी के दौर में संबंधों की डोर कमजोर होती जा रही है। परिवार के कमजोर व्यक्ति को सहारा देना बीते जमाने की बात होती जा रही है तो बुजुर्गों से तालमेल बैठाना भी मुश्किल होता जा रहा है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि बुजुर्गों के साथ ज्यादती या अन्याय या असहिष्णुता घर और बाहर दोनों जगह देखने को मिल रही है। आम बुजुर्ग की चाहत ही कितनी है, दो जून की सम्मान की रोटी, सद्व्यवहार और प्रेम के दो बोल। पर समस्या इसको लेकर होने के साथ ही कुछ नए आयाम जुड़ते जा रहे हैं। देखा जाए तो आज बुजुर्गों के जो मामलें सामने आ रहे हैं उनमें प्रापर्टी विवाद, किरायेदारों से मकान खाली कराने, सरकार या परिजनों से गुजारा भत्ता, पेंशन के विवादित प्रकरण या फिर पारिवारिक हिंसा के कुछ मामलें हो सकते हैं तो कुछ हद तक बदलते हालातों में संतान द्वारा तंग या परेशान करने के मामलें भी सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य संबंधी भी एक समस्या है पर वह न्यायालयों तक जाने का मामला नहीं बनती।

**परिवार के कमजोर व्यक्ति को सहारा देना बीते जमाने की बात होती जा रही है तो बुजुर्गों से तालमेल बैठाना भी मुश्किल होता जा रहा है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि बुजुर्गो के साथ ज्यादती या अन्याय या असहिष्णुता घर और बाहर दोनों जगह देखने को मिल रही है। आम बुजुर्ग की चाहत ही कितनी है, दो जून की सम्मान की रोटी, सद्व्यवहार और प्रेम के दो बोल।**

आज देश दुनिया ने काफी तरक्की की है। सुविधाओं का विस्तार हुआ है। जीवन स्तर में बदलाव आया है। जीवन जीना आसान हुआ है। पर इन सबके बीच मानवीय संवेदनाएं कहीं खो गई है। ऐसे उदाहरण आम है कि इकलोती संतान रोजगार के लिए विदेश जाती है और फिर वहीं की होकर रह जाती है। इनमें से अधिकांश का प्रयास यह होता है कि पारिवारिक संपत्ती को बेच बिचा कर चले जाएं और फिर वहीं के होकर रह जाए। समस्या यहां तक आती है कि बुजुर्ग परिजनों के पास गुजारा करने लायक नहीं रहता तो दूसरी और इस उम्र में जहां दो शब्द सहानुभूति की आवश्यकता होती है उसमें उन्हें अकेले रहने को मजबूर होना पड़ता है। जरुरी नहीं है कि बेटा-बेटी विदेश में ही हो देश में भी नौकरी के कारण दूसरी जगह होंगे और फिर उनकी प्राथमिकता कुछ और ही हो जाती है। परिवार पति-पत्नी और बच्चों तक ही सीमित होकर रह जाता है। स्वार्थ कहीं ज्यादा हो जाता है और घर परिवार के प्रति अपने दायित्वों से दूर होकर परिजनों में कमियां देखना ही बाकी रह जाता है।

कोई भी परिवार के प्रति अपने कर्तव्य या जिम्मेदारी की बात नहीं करता अपितु एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप व बुजुर्गों में कमियां निकालने में ही अपनी बहादुरी समझने लगते हैं। यह सोच अब रहा ही नहीं कि मैं माता-पिता या बुजुर्गो के लिए क्या कर रहा हूं अपितु सोच यह होता जा रहा है कि माता पिता या बुजुर्ग ने क्या कमी छोड़ दी। दोषारोपण ही रह गया है। खैर यह विषयांतर होगा पर विचारणीय मुद्दा यह है कि जब एक साल में सात लाख मामलें इस तरह के सामने आ रहे हैं जो न्यायालयों में पहुंचे है तो कल्पना करने की बात यह है कि वास्तव में इस तरह के मामलें बहुत अधिक ही होंगे। कल्पना करके सिहर जाना चाहिए कि देश में बुजुर्गों के हालात क्या से क्या होते जा रहे हैं। क्योंकि आम बुजुर्ग ना तो पुलिस में शिकायत कराने जा सकता और ना ही अदालतों के फेरे लगाने को तैयार हो सकता। ऐसे में यह साफ है कि सात लाख बुजुर्गों ने तो केवल समाज को आईना दिखाने का काम किया है जबकि ना जाने कितने ही बुजुर्गों के साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा होगा। यह सब तो तब है जब स्वास्थ्य से लेकर जीवन यापन तक सहज हुआ है। सरकारी नौकरी से रिटायर होने का मतलब पेंशन के माध्यम से सुरक्षा है तो अन्य हालातों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन लगभग सभी राज्यों में दी जा रही है। सरकारों द्वारा सीनियर सिटीजन्स को विशेष दर्जा देकर सुविधाएं उपलब्ध कराने लगी है। ऐसे में इस तरह की समस्या उभरना निश्चित रुप से गंभीर हो जाती है।

सात लाख के आंकड़े से सरकारों, समाज चिंतकों और सामाजिक विज्ञान के अध्येताओं को गंभीरता से कारणों की तह तक जाना होगा नहीं तो कितनी से सुविधाओं का विस्तार हो, कितने ही रैन बसेरे खुले, कितने ही वृद्धाश्रम खोले जाएं, समस्या का समाधान संभव नहीं लगता। अभी तो यह चेतावनी है पर आने वाले समय में हालात विकराल होने का संकेत भी है ऐसे में सोचने और बहुत कुछ करने की दरकार हो जाती है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# चांद, लोक और विज्ञान



दशरथ कुमार सोलंकी

लोक की रोचकता दृष्टि में समाए बिंब और इसके बारे में निर्धारित परिकल्पनाओं से निर्मित हुई। हमने भरे-पूरे चांद में एक पेड़ देखा, उसकी छांव में बूढ़ी अम्मा को सूत कातते देखा। तब दृष्टि ही हमारा (वि)ज्ञान था। जाने कब से अम्मा सूत कात रही होगी। क्या वह थक नहीं गई होगी। कितना सूत इक्कठा हो गया होगा चांद पर ?

हमारे बालपन ने इन किस्सों से चांद की छवि बनाई। वह हमें अपना-सा लगने लगा। चंदा मामा बनकर हमारी कहानियों, किताबों और विचारों में बसा वह। सोचते, कभी मामा आएंगे, वहां कता हुआ सूत हमें भेज देंगे। खाट बुनेंगे या कपड़ा, हम सोचते। लोक का यह चंद्र-निरूपण कितना आत्मीय था। कि हम गाते थे, गाते हैं– 'चंदा मामा दूर के.....!'

फिर चंद्र अपनी छवि के उजलेपन से कवि की कल्पना में उतरा। वह कविताओं-गजलों में प्रेयसी के मुखड़े की उपमाओं का आधार बना। चांद तब हमारे और करीब आया। साहित्य ऐसे ही किसी अगम्य वस्तु या पिंड को हमारा अपना बना देता है। चंद्र को न देख सकें, महबूबा तो दिखती है ना! पूरे महीने ज्योत्सना के दीदार भले न हो, प्रेमिका का सलोनापन उस कमी की पूर्ति करता। हमने चांद को इस तरह धरती पर उतारा, शायरी में बसाया, कविताओं में ढाला। प्रेमिकाओं को चंद्र की उपमा देकर प्रेमी प्रसन्न हुए। चंद्र से संबंध का यह साहित्यिक निरूपण था।

विज्ञान का विस्मय रोचकता का एक विशिष्ट अध्याय है। विज्ञान तथ्यपरक है इसलिए कठोर भी। विज्ञान कल्पना की बात नहीं करता, सत्य का उद्घाटन करता है। सत्य भला कब नरम हुआ है। विज्ञान ने चांद की सतह के खुरदरेपन के भेद खोले तो लोक की कल्पनाएं ध्वस्त हुईं, कवियों की उपमाएं आहत हुईं। पर कल्पना से सत्य की यात्रा का यह स्वाभाविक मोड़ है, इसे सहजता से लिया जाना चाहिए। चांद के गड्ढों को हम जानने लगे, उसकी सतह के राज खुलने लगे, हम चांद पर जाने लगे। पर लगभग चार लाख किलोमीटर की दूरी पर चांद अनंत काल से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा। लोक अपनी कल्पना उस अनवरत संबंध से बनाता है। भगिनी भले ही उम्र या आकार में बड़ी हो, भ्राता का दायित्व चांद पूरे मनोयोग से निभा रहा। उसकी परिक्रमा करके, किसी सुविचारित दायित्वबोध की पूर्ति करता। हम पृथ्वीवासियों को अपनी कलाओं, चंद्रिका, ज्वार भाटे आदि से प्रभावित तो करता ही, ज्योतिष के अनुसार हमारे मन को भी प्रभावित करता।

बहुत बड़ा है चांद......हम उसके अत्यंत मामूली हिस्से का पर्यवेक्षण करने निकले हैं। यह भावभरा है कि राखी से ठीक पहले पृथ्वी से चांद पर कोई संदेसा गया है। रोवर एक दायरे में अपना काम करेगा। पर वो पेड़, वो बुढ़िया, वो सूत। वे तो हैं वहां। चांद के किसी किसी कोने में हमारी कल्पनाओं का वह पेड़ खड़ा होगा, बुढ़िया उसके नीचे लगातार सूत कात रही होगी। हमारी कल्पनाओं के चांद में उनका बने रहना लोक की थाती का सजीवत रहना है।

बहरहाल...... विज्ञान ने मानवता की राह में एक और मील का पत्थर स्थापित कर दिया है। विज्ञान की जयकार होनी चाहिए। जय विज्ञान।

**–दशरथ कुमार सोलंकी,**
**निदेशक वित्त,**
**जोधपुर विकास प्राधिकरण,**
**जोधपुर**

# चुनावी समर-सक्षम और जीत ही टिकट का आधार



राजेन्द्र जोशी

राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए राजनैतिक पार्टियों में चुनावी कसरत प्रारंभ हो चुकी है। दोनों ही पार्टियां अखाड़े में कूद चुकी है। अब इन अखाड़ों के पहलवान कौन हो उसकी कवायद भी तेज हो चुकी है। अभी पार्टियों ने कुछ क्राइटेरिया तय किया है। राजनैतिक पार्टी अपना क्राइटेरिया तय करती है, कुछ पार्टियां राजनैतिक परिवार को विरासत सौंपते हुए उन्हें आगे बढ़ाती है, तो कुछ जगह पर नया परिवार सामने आता है।

इन दिनों प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के पर्यवेक्षक ब्लॉक स्तर पर आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। यह सारी कवायद टिकट वितरण तक धरी रह जाएगी, जब दोनों पार्टियां एक ही बात तय करेगी की राजनीतिक रूप से अभ्यर्थी जिताऊ होना चाहिए बिकाऊ हो या ना हो यह चुनाव के बाद पता चलेगा। चुनाव के बाद जिसका पलड़ा भारी होगा उधर जीते हुए कैंडिडेट जा भी सकेंगे?

अभी कोई खुद के लिए टिकट मांग रहा है, कोई अपने बेटे को विरासत सौपना चाहता है, कोई पत्नी के लिए और कुछ लोग अपने नाती-रिश्तेदारों के लिए भी टिकट की जुगाड़ में लग रहे हैं। अभी तो राजनैतिक दल चुनाव लड़ने की उम्र तय कर रहे है। परंतु पिछले चुनावो के अनुभव से यह देखा गया है की टिकट वितरण करते समय ना तो उम्र को देखा जाएगा और ना ही पीछे हारे हुए या जीते हुए को आधार बनाया जाएगा। राजनैतिक पार्टियों में चुनाव के लिए टिकट वितरण में कोई आधार नहीं रहेगा। केवल एक ही आधार है कि वह चुनाव लड़ने के लिए साधन सुविधा उपलब्ध कराने में सक्षम होना चाहिए, पैसा पानी की तरह बहाने की क्षमता रखता हो और इन सबके बावजूद जिताऊ होना चाहिए।

पहले टिकाऊ भी देखा जाता था पर अब टिकाऊ का कोई आधार नहीं है जिस दल की सरकार होगी उधर टिक जाएगा जीता हुआ व्यक्ति। सबसे बड़ी बात आज भी यह है कि दोनों ही पार्टियां अपने-अपने स्तर पर चुनावी मैदान में सक्षम उम्मीदवारों को खोज रही हैं। यह कोई नौकरी तो है नहीं की जिसमें योग्यता निर्धारित की जाए। चुनावी समर में सक्षम और जीत ही योग्यता मानी जाती है। अभी सक्षम और जीत की पहचान का वक्त है । फिर चाहे वह 80 या 90 वसंत भी क्यों ना देख चुका हो। यह योग्यता रखता है तो चुनाव का टिकट आसानी से मिल जाएगा।

**लेखक हिन्दी-राजस्थानी के साहित्यकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता है।**

**–राजेन्द्र जोशी**
**कवि-कथाकार**

# दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डिग्गी पहुंचकर श्रीजी के दर्शन किये

- **पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को पदयात्रा का अन्तिम पड़ाव चोसला में किया**
- **आज चढ़ेगा लक्खी पदयात्रा का कल्याणधणी मंदिर शिखर पर शाही निशान**

**मालपुरा,** (निसं)। धर्मनगरी डिग्गी में विराजित कल्याणधणी की एक झलक पाने की मन में ईच्छा लिये हजारों किलोमिटर से नंगे पांव पैदल चलकर हाथों में धर्म ध्वजा लहराते तो कनक दण्डवत करते 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने डिग्गी पहुंचकर श्रीजी के दर्शन कर दरबार में मत्था टेका।



**कल्याणधणी के दर्शन के लिये पैदल व कनक दण्डवत करते लाखों श्रद्धालु डिग्गी पहुंच रहे हैं।**

58वें लक्खी मेले के लिए जयपुर से रवाना हुई लक्खी पदयात्रा में शामिल लाखों श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को पदयात्रा का अन्तिम पडाव चोसला में किया तथा रातभर भजन संध्या व संकीर्तन का आयोजन किया गया। भजन संध्या में राजस्थानी कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लोकनृत्य की प्रस्तुतियों से दिनभर पैदल चलकर पहुंचे कल्याण भक्तों की थकान मिटाकर श्रीजी के भजनों पर झूमने को विवश कर दिया। धर्मनगरी डिग्गी की और आने वाले सभी मार्गो से गूंज रहे जयश्री कल्याण के जयकारों से डिग्गीधाम से 20 किमी. की परिधि में वातावरण धर्ममय हो गया। यादव समाज सहित श्रीजी भंडारा परिवार व श्याम मित्र मंडल के चल रहे भंडारों में सुबह से मध्य रात्रि तक कल्याण भक्तों को पंगत प्रसादी करवा सेवादार बने कल्याण भक्त पैदल यात्रियों के पांव दबाने तो पांव में मालीश करने सहित सेवाचाकरी में जुटे हुए हैं। शुक्रवार को सवेरे मंगला आरती के दर्शनों के लिए पहुंचे लाखों पदयात्रियों से चौपड़ चौराहे से मंदिर तक भारी भीड़ रही। जैसे-जैसे सूरज की किरण फैलती गई वैसे-वैसे डिग्गी में श्रीजी भक्तों का सैलाब उमडता गया।

विधायक कन्हैयालाल चौधरी, उत्तराखण्ड विधायक भरत सिंह चौधरी, विधानसभा विस्तारक सुमित आचार्य ने श्रीजी भंडारे में पहुंच 2 घंटे से अधिक समय तक सेवाचाकरी कर पूण्य अर्जित किया। धर्मनगरी डिग्गी से महज 10 किमी. की दूरी पर ठहरे लक्खी पदयात्रा के पदयात्रियों के साथ यात्रा संयोजक श्रीजी शर्मा शनिवार को भव्य जुलूस के साथ डिग्गी पहुंच कर मंदिर शिखर पर पदयात्रा का केसरिया शाही निशान चढायेंगे। चौसला पहुंची लक्खी पदयात्रा की मिली सूचना पर डिग्गी थानाधिकारी अयूब खान ने पदयात्रियों का स्वागत कर सुरक्षा व्यवस्थाऐं चाक-चौबंद की।

# हेमलता राजे के नेतृत्व में होने वाली पदयात्रा की सफलता के लिए पूजा-अर्चना

**जोधपुर,** (कासं)। मारवाड़ में अमन चैन व खुशहाली के लिए पूर्व महारानी हेमलता राजे के नेतृत्व तथा सैनाचार्य अचलानन्द गिरि महाराज के सानिध्य में जोधपुर से बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा तक एक सितंबर से की जा रही पदयात्रा की सफलता के लिए शुक्रवार को प्रातः रातानाडा स्थित गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की गई व ध्वज पूजन किया गया। इस अवसर पर हेमलता राजे व सेनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरी महाराज ने पूजा अर्चना कर ध्वज पूजन किया। ध्वज पूजन के बाद राइका बाग स्थित जुगल जोड़ी बाबा रामदेव मंदिर में स्थापित किया गया।

हेमलता राजे ने इस अवसर पर कहा कि जोधपुर से रामदेवरा तक की उनकी पदयात्रा का उद्देश्य देश व मारवाड़ में सद्भाव व खुशहाली की कामना करना है। उन्होंने कहा कि लोक देवता बाबा रामदेव कहते थे कि हर जाति, हर समाज के व्यक्ति उनके यहां आएं। उन्होंने इस अवसर पर महाराजा उम्मेद सिंह, महाराजा हनवन्त सिंह व महाराजा गजसिंह के संदेश की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी धर्म के लोगों में आपसी भाईचारा व अमन चैन बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराजा उम्मेद सिंह कहते थे कि हिंदू व मुस्लिम मेरी दोनों आंखों के समान है। महाराजा हनवन्त सिंह जी ने कहा था कि मैं थांसू दूर नहीं व पूर्व महाराजा गज सिंह का कहना है कि म्हारी ओलखांण मारवाड़ी की जनता सू है।

सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज ने इस अवसर पर कहा कि लोक देवता बाबा रामदेव ने सभी का कल्याण किया। वर्ष भर लाखों श्रद्धालु रामदेवरा उनको धोक देने जाते हैं। सभी जाति व धर्म के लोग उनकी पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा महारानी हेमलता राजे के नेतृत्व में होगी। उन्होंने कहा कि पदयात्रा का उद्देश्य वासुधैव कुटुंबकम, पर्यावरण संरक्षण व नशा मुक्ति एवं नारी शक्ति को समर्पित है। इस अवसर पर रघुवीर सिंह भदावत, मदन सेन, विष्णुचंद प्रजापत, नरेंद्र पंवार, श्याम बाबू व दीपक बागड़ी सहितअनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।



**पदयात्रा की सफलता के लिए रातानाडा स्थित गणेश मंदिर में पूजा अर्चना की गई व ध्वज पूजन किया।**

रामदेवरा तक हो रही इस पदयात्रा का जोधपुर से लेकर रामदेवरा तक जगह-जगह सभी धर्म में समाजों के लोगों द्वारा स्वागत किया जाएगा। लोगों द्वारा महारानी हेमलता राजे के नेतृत्व व सैनाचार्य अचलानन्द गिरी महाराज के सानिध्य में निकल रही पदयात्रा के प्रति उत्साह है। गणेश मंदिर परिसर में पदयात्रा में शामिल होने वालों का बाबा रामदेव जी का दुपट्टा ओढाकर व यात्रा बैज प्रदान कर स्वागत किया गया गया। इस अवसर पर मेहरानगढ़ बैंड की स्वर लहरियां भी गूंजी। ढोल-थाली के साथ गणेश मंदिर परिसर में स्वागत किया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 26 अगस्त, 2023**

द्वि. सावन मास (शुद्ध), शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, ज्येष्ठा नक्षत्र प्रातः 8:38 तक, विष्कुम्भ योग सांय 4:26 तक, तैतिलकरण दिन 1:06 तक, चन्द्रमा प्रातः 8:38 से धनु राशि में संचार करेगा।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज अश्वत्थ मारूती पूजन, अगस्त्य उदय दिन 11:33 पर होगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:42 से 9:18 तक, चर 12:29 से 2:04 तक, लाभ-अमृत 2:04 से 5:15 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:07, सूर्यास्त 6:50

**मेष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। मित्रों/रिश्तेदारों से संबंध खराब हो सकते हैं। स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। नवीन कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**तुला**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**धनु**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**मकर**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। मानसिक तनाव बना रहेगा।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**The Grandest of Grand Wedding of Dara Shikoh**

Shah Jahan openly favoured his eldest son. Dara Shikoh's first wedding, for example, outshone all others in Mughal history

**DELIGHTS FOR RAKHI**

This Rakhi, Jaipur based brands and businesses are crafting heartfelt hampers that blend tradition with sustainability, nostalgia, and wellness.

# चीन कहता है भारत की पहल पर हुई वार्ता, भारत का कहना है चीन ने आग्रह किया था वार्ता के लिए

## कूटनीतिक हल्कों में अटकलों का बाजार गर्म है कि, जब चीन और भारत किसी ने भी वार्ता के लिए पहल नहीं की तो आखिर किस की पहल पर वार्ता हुई

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अगस्त। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जोहान्सबर्ग में हो रहे ब्रिक्स सम्मेलन के अवसर पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भेंट हुई। ये दोनों एशियन नेता, जिनके देशों में पिछले तीन साल सीमाओं पर तनाव चल रहा है, पूर्वी लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एल.ए.सी.) को सैन्य रूप से मुक्त रखने पर सहमत हो गये। लेकिन इससे पहले कि दोनों देशों के शीर्ष सैन्य अधिकारी सेना के अलगाव की बारीकियों की रूपरेखा तैयार करने के लिये बैठते, इन दोनों एशियन दिग्गज़ों के बीच रिश्तों की बर्फ का पिघलना इस वाक् युद्ध का शिकार बन गया कि मोदी-शी की मीटिंग की शुरुआत के लिये प्रयास किधर से हुये।

- **इन दावों प्रतिदावों के बीच यह चर्चा भी चल रही है कि, दोनों नेताओं की बैठक में परस्पर सौहार्द्र व शांति स्थापना पर जो सहमति बनी है, क्या वह सिर्फ थोथी बातें ही हैं।**
- **चीन के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी किया है कि, भारतीय प्रधानमंत्री के निवेदन पर जिनपिंग ने मोदी से द्विपक्षीय मीटिंग की। इस पर भारतीय पक्ष ने कहा कि, द्विपक्षीय वार्ता के लिए चीन का आग्रह लम्बे समय से लम्बित है।**
- **ज्ञातव्य है कि, मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य झड़प हुई थी तब से ही दोनों देशों के बीच तनाव हैं।**

जहाँ चीनी विदेश मंत्रालय जोर देते हुये कह रहा है कि मोदी का सुझाव था कि दोनों नेताओं को मिलना चाहिये, वहीं भारत ने यह जानकारी दी है कि मीटिंग का प्रस्ताव चीनी पक्ष से आया था। भारत का कहना है कि द्विपक्षीय मीटिंग का निवेदन चीन ने किया था। भारत ने चीन के इस दावे को सिरे से खंडन किया है कि मोदी-शी की मीटिंग का निवेदन नई दिल्ली ने किया था। चीन ने गुरुवार को एक बयान जानी किया कि राष्ट्रपति जिनपिंग ने, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निवेदन पर, ब्रिक्स सम्मेलन के अवसर पर 23 अगस्त 2023 को मोदी के साथ मीटिंग की।

बयान में कहा गया, "दोनों नेताओं ने भारत-चीन के वर्तमान संबंधों तथा साझा हित के अन्य प्रश्नों पर सौहार्द तथा गहनता से विचार-विनिमय किया।" भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने शी जिनपिंग को पूर्वी लद्दाख में एल.ए.सी. पर "अनसुलझे" मुद्दों को लेकर भारत की चिन्ताओं से अवगत कराया। समझा जाता है कि भारत के विदेश मंत्रालय, जिसने अभी तक चीनी बयान के जवाब में कोई बयान जारी नहीं किया है, का रूख यह है कि भारतीय पक्ष के साथ द्विपक्षीय मीटिंग के लिये चीनी पक्ष की ओर से एक लम्बित निवेदन था।

चीन के विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि "राष्ट्रपति शी ने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर हो रहे भारत-चीन संबंधी दोनों देशों और वहाँ की जनता के साझा हितों के लिये उपयोगी है तथा शान्ति, स्थिरता एवं क्षेत्रीय एवं वैश्विक विकास के लिये महत्वपूर्ण है। दोनों पक्षों को उनके द्विपक्षीय हितों के समग्र हित का ध्यान में रखना चाहिये तथा सीमा के मुद्दे को समुचित तरीके से निबटाना चाहिये, जिससे सीमा क्षेत्र में शान्ति संयुक्त रूप से बनी रहे।" भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने शी जिनपिंग को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास अनसुलझे मुद्दों पर भारत की चिंता से अवगत करवाया। उन्होंन कहा कि भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने

( शेष पृष्ठ 4 पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज़म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क - 94602 07080

## राहुल गांधी कारगिल में

नयी दिल्ली, 25 अगस्त। लद्दाख की यात्रा कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कारगिल जाकर शहीदों को नमन किया और कहा कि, कारगिल सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि साहस और बलिदान की वीरगाथा है। गांधी ने कहा, "कारगिल हमारे अनेक जवानों की कर्मभूमि, उनके साहस और बलिदान की सरजमीं है। यह भारत का गौरव है और हर भारतीय की देश के प्रति ज़िम्मेदारी का एहसास है।

- **बाइक से लद्दाख गए राहुल कारगिल पहुँचे और शहीदों को नमन किया।**

( शेष पृष्ठ 4 पर )

## भारत-पाक सीमा पर मिली जिंदा लैंडमाइन

जैसलमेर, 25 अगस्त (नि.सं.)। जैसलमेर से लगती भारत-पाक सीमा पर एक जिंदा एंटी पर्सनल लैण्डमाइन मिलने से सनसनी फैल गई। सरहदी इलाके के केरला गांव के पास शुक्रवार सुबह एक चरवाहे को यह लैण्डमाइन

- **जैसलमेर के केरला गांव के पास सुबह एक चरवाहे को यह लैंडमाइन दिखाई दी। सीमा सुरक्षा बल ने माइन की जांच की है।**

( शेष पृष्ठ 4 पर )

# अपने अटपटे बयानों से महाराष्ट्र की राजनीति में खलबली मचाए हुए हैं शरद पवार

## राजनैतिक विशेषज्ञों के अनुसार शायद पवार सत्तारूढ़ गठबंधन में व्याप्त अनिश्चितता का फायदा उठाने के लिए ऐसा कर रहे हैं

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अगस्त। एन.सी.पी. (नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी) प्रमुख शरद पवार के अप्रत्याशित बयान तथा उनके मोड़ एवं घुमाव राजनैतिक हल्कों में चर्चा का विषय रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों यह अविश्वनीय बयान दिया था कि एन.सी.पी. में कोई विघटन एवं बिखराव नहीं हुआ है तथा उनके भतीजे अजीत पवार एन.सी.पी. के नेता हैं। अपने इस बयान के बाद, शरद पवार इस बयान से तुरन्त ही मुकर गये तथा कहा कि नेताओं के एक ग्रुप का किसी भिन्न रास्ते को अपनाने के निर्णय को पार्टी का टूटना नहीं कहा जा सकता। एक दिन पहले पवार की पुत्री तथा पार्टी सांसद सुप्रिया सुले ने भी यही बात कही हैं।

31 अगस्त एवं 1 सितम्बर को मुम्बई में होने वाली इंडिया ब्लॉक की तीसरी मीटिंग से पहले, शरद पवार को यह प्रोजैक्ट करने की जरूरत तो है ही कि वे एन.सी.पी. के निर्विवाद नेता हैं तथा महाराष्ट्र की राजनीति के पुराने दिग्गज का उनका रूतबा और दबदबा कम नहीं हुआ है। अपने भतीजे अजीत पवार पर उनके अटपटे बयान का अन्य प्रयोजन यह भी हो सकता है कि उनका उद्देश्य एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली वर्तमान महाराष्ट्र सरकार के पदाधिकारियों में भ्रम फैलने का रहा हो। अजीत पवार गुट के महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो जाने के बाद, एकनाथ शिंदे सरकार अनिश्चितता की स्थिति की तरफ बढ़ रही प्रतीत हो रही है।

- **पवार ने हाल ही में एक अविश्वसनीय बयान दिया कि, अजीत पवार अभी भी एन.सी.पी. के नेता हैं। पर फिर तुरंत ही वे इससे पीछे हट गए और बोले, अगर पार्टी का एक समूह अलग दिशा में जाता है तो इसे पार्टी का विभाजन नहीं कहा जा सकता।**
- **राजनैतिक हल्कों में इन बयानों पर आश्चर्य जताया गया है, पर इस बात से किसी को भी इन्कार नहीं है कि, पवार राजनीति के धुरंधर हैं और उनके बयानों में अवश्य ही कुछ खास मायने हैं।**
- **असल में अजीत पवार गुट के सरकार में शामिल होने से शिंदे सरकार में अनिश्चितता व्याप्त है, खासकर भाजपा में भारी असंतोष है।**

राज्य भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता कथित रूप से अप्रसन्न हैं क्योंकि उन्होंने भाजपा के लिए मेहनत की थी, लेकिन भाजपा वाले वे लोग एन.सी.पी. के अजीत गुट तथा शिव सेना के शिंदे गुट के नेता सत्ता का आनंद उठा रहे हैं। अजीत गुट के सरकार में प्रवेश के बाद, मुख्यमंत्री शिंदे तथा उनके गुट के नेता भाजपा के इरादों को लेकर असुरक्षित हो गये हैं। शिंदे ने तो ऑन रिकॉर्ड यहाँ तक कह दिया था कि अगले चुनावों में वे मुख्यमंत्री को चेहरा होंगे। जहाँ तक अजीत पवार का प्रश्न है, वे मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षाओं के बारे में कभी भी चुप नहीं रहे हैं। इस परिदृश्य के चलते, शरद पवार साफ तौर पर संकटपूर्ण स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश में हैं। अगर महाराष्ट्र अगले साल होने वाले लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों तक इसी प्रकार की ऊहापोहयुक्त बनी रहती है तो जाहिर है कि शरद पवार को अपने गुट को नया रूप देने तथा अपने प्रभाव को मजबूत करने का समय मिल जायेगा।



# एकल पट्टा प्रकरण : सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आई.ए.एस. संधू समेत चार से जवाब मांगा

## आर.टी.आई. कार्यकर्ता अशोक पाठक की विशेष अनुमति याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की

- **उच्चतम न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई अब 21 नवंबर को तय की**
- **एसएलपी में राजस्थान हाईकोर्ट के गत 17 जनवरी के उस निर्णय को चुनौती दी गई है, जिसमें हाईकोर्ट ने संधू समेत अन्य तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ केस वापस लेने की कार्रवाई को सही माना था।**
- **मामले से जुडे अधिवक्ता ने बताया कि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल को भी नोटिस जारी कर रखे हैं। अदालत ने इस एस.एल.पी. को समान मामले में शांति धारीवाल के खिलाफ दायर एसएलपी के साथ नत्थी करने को कहा है।**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सुप्रीम कोर्ट ने एकल पट्टा प्रकरण में पूर्व आईएएस जीएस संधू, रिटायर आरएएस निष्काम दिवाकर, ओंकार मल सैनी और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश आरटीआई कार्यकर्ता अशोक पाठक की विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने इस एसएलपी को समान मामले में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के खिलाफ दायर एसएलपी के साथ नत्थी करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 21 नवंबर को तय की है।

एसएलपी में राजस्थान हाईकोर्ट के गत 17 जनवरी के उस निर्णय को चुनौती दी गई है, जिसमें हाईकोर्ट ने संधू सहित अन्य तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ केस वापस लेने की कार्रवाई को सही माना था। मामले से जुडे अधिवक्ता ने बताया कि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल को भी नोटिस जारी कर रखे हैं।

याचिका में कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ दर्ज केस की एफआईआर को केवल शिकायतकर्ता के राजीनामे के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता। यह केस राज्य सरकार का केस है और भ्रष्टाचार के खिलाफ है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार केस को वापस लेना जनहित का नहीं है और इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। हाईकोर्ट ने मामले में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप होते हुए भी राज्य सरकार की केस लेने की कार्रवाई को सही माना है। इसलिए हाईकोर्ट का आदेश रद्द किया जाए। गौरतलब है कि एसीबी ने 2014 में परिवादी रामशरण सिंह की ओर से गणपति कंस्ट्रक्शन कंपनी को एकल पट्टा जारी करने में धांधली व भ्रष्टाचार होने की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। जिसमें कंपनी के प्रोपराइटर शैलेन्द्र गर्ग, यूडीएच के पूर्व सचिव जीएस संधू, जेडीए जोन-10 के तत्कालीन उपायुक्त ओंकार मल सैनी, निष्काम दिवाकर सहित गृह निर्माण सहकारी समिति के पदाधिकारियों अनिल अग्रवाल और विजय मेहता को आरोपी बनाया था।

आर.टी.आई. कार्यकर्ता अशोक पाठक ने बताया कि राजधानी जयपुर में 300 करोड़ रुपये की जमीन के एकल पट्टा घोटाले के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने सेवानिवृत आईएएस जी.एस.संधू, रिटायर्ड आरएएस निष्काम दिवाकर, ओंकारमल सैनी के पक्ष में फैसला सुनाया था, जिसे चुनौती देते हुए मैंने 17 जनवरी 2023 को एसएलपी पेश की थी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ के न्यायाधीश सूर्यकांत और दीपंकर दत्ता ने आज नोटिस जारी किए हैं।

पाठक ने बताया कि राजस्थान कांग्रेस सरकार की ओर से प्रस्तुत आपराधिक विविध याचिका संख्या 1909/2022 की सुनवाई के बाद राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर में न्यायाधीश फरजंद अली के एक्स-पार्टी निर्णय 17 फरवरी 2022 के विरुद्ध परिवादी रामशरण सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (क्रिमिनल) 2144/2022 (डायरी नंबर 6544/2022) प्रस्तुत की थी। जिस पर वरिष्ठ अधिवक्ता के. सुल्तान सिंह ने परिवादी रामशरण सिंह की ओर से पैरवी की थी, इसमें सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय 7 अप्रैल 2022 को सुनाया था, इस निर्णय की पालना में ट्रायल कोर्ट एसीबी कोर्ट नंबर 4 जयपुर महानगर ने 18 अप्रैल 2022 को परिवादी रामशरण सिंह की प्रोटेस्ट पिटीशन पर निर्णय बाद में करने, जांच एजेंसी एसीबी को मुख्यमंत्री कार्यालय की भूमिका की जांच करने, गलत जांच करने के लिए दो आईपीएस अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने, पुलिस अधीक्षक से उच्च स्तर के अधिकारी से निर्धारित बिंदुओं पर फरदर इन्वेस्टिगेशन करने के निर्देश दिए थे।

इसके बाद परिवादी रामशरण सिंह की ओर से सीबीआई से जांच करवाने की प्रार्थना वाली क्रिमिनल रिट 292/2022 उच्च न्यायालय जयपुर में प्रस्तुत की थी, इसमें न्यायाधीश बीरेंद्र कुमार ने 12 जुलाई 2023 को फैसला सुनाया कि परिवादी स्वर्गीय रामशरण सिंह के पुत्र सुरेंद्र सिंह की याचिका को वापस लेने के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया था और अशोक पाठक के प्रार्थना पत्र पर निर्देश दिया था कि पृथक से याचिका प्रस्तुत की जाए।

इसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता के.सुल्तान सिंह ने मंत्री शांति धारीवाल ने राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर में आपराधिक विविध याचिका संख्या 5353/2022 प्रस्तुत की थी, न्यायाधीश एन.एस.ढड्ढा ने 15 नवंबर 2022 को फैसला सुनाते हुए यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल को राहत दी थी। इस फैसले के विरूद्ध अशोक पाठक ने सर्वोच्च न्यायालय में एसएलपी दायर की। सर्वोच्च न्यायालय अशोक पाठक की दोनों एसएलपी पर एक साथ सुनवाई करेगा। अशोक पाठक ने कहा कि आरोपी अभी इस घोटाले से पूरी तरह मुक्त नहीं हुए हैं और भ्रष्टाचार के विरुद्ध लडाई जारी रहेगी।

## 'कोटपूतली नगर परिषद चार सप्ताह में जवाब पेश करे'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में कोटपूतली नगर परिषद द्वारा नेशनल हाईवे 8 से संलग्न दो छोटी सड़कों पर नियमों का उल्लंघन करते हुए तोड़फोड़ करने की कार्रवाई से संबंधित मामले पर आज पुनः सुनवाई हुई। जैसा कि विदित है इस मामले की 10 अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने नगर परिषद से जवाब मांगा था कि उसके द्वारा 60 फीट चौड़ी सड़क को 80 फीट या उससे ज्यादा चौड़ा करने के संबंध में पारित प्रस्ताव किन विशेष सड़कों के संदर्भ में पारित हैं, उसक पूरी जानकारी दें, क्योंकि याचिकाकर्ताओं के अनुसार जिन सड़कों पर कार्रवाई की गई थी वह 60 फीट चौड़ी थी ही नहीं।

याचिकाकर्ताओं ने इस संदर्भ में अदालत में उक्त क्षेत्र के सबसे नवीनतम नक्शे भी पेश किये थे। अदालत ने इस मामले की पिछली सुनवाई में नगर परिषद को यह भी कहा था कि परिषद सड़क चौड़ा करने का केवल प्रस्ताव ही पारित कर सकती है, उसके बाद उसे यह प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजना पड़ता है, जो अन्ततः स्थानीय लोगों से आपत्तियां आमंत्रित करने और गजट नोटिफिकेशन जारी करने के बाद ही तोड़ फोड़ की कार्रवाई की अनुमति दे सकती है। गत सुनवाई के दौरान नगर परिषद की ओर से अपना जवाब पेश करने के लिये चार सप्ताह का समय और मांगा गया है। अब यह मामला सितम्बर के अंतिम दिनों में सुना जायेगा। इस मामले के तथ्यों के अनुसार 2021 और 22 में तत्कालीन नगर पालिका ने कोटपूतली में सरदार सीनियर सैकेण्डरी स्कूल रोड और हाईवे से नगर पालिका चौराहा तक सड़कों पर अस्थाई कब्जों को हटाने के संबंध में नोटिस जारी किया था, परंतु अन्ततः 150 मकान व दुकानें ध्वस्त कर दी थीं।

## गैर आर.ए.एस. से आई.ए.एस. पदोन्नति के खिलाफ याचिका पर फैसला सुरक्षित

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आईएएस के पदों पर पदोन्नित के लिए गैर आरएएस सेवा के अधिकारियों का कोटा तय करने के खिलाफ दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सीजे एजी मसीह और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। खंडपीठ ने गत 7 जुलाई को पदोन्नित प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए केंद्र सरकार को कहा था कि वह राज्य सरकार की ओर से पदोन्नित के लिए भेजे अफसरों के नामों पर आगे की कार्रवाई ना करे।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता तनवीर अहमद ने कहा कि ऑल इंडिया सर्विस एक्ट व उसके नियम-विनियम के तहत आईएएस सेवा के 66.67 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से और 33.33 प्रतिशत राज्य के प्रशासनिक अफसरों की पदोन्नित से भरे जाने का प्रावधान है। वहीं अपवाद परिस्थिति में ही इस 33.33 प्रतिशत कोटे में से पद अन्य सेवा के अफसरों से भरे जा सकते हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार ने मनमाने तरीके से हर साल ही अन्य सेवा के अफसरों से आईएएस पद पर पदोन्नित देने की परंपरा बना ली है। पूर्व में गैर आरएएस से पदोन्नत हुए आईएएस का पद खाली होने पर राज्य सरकार इस पद को गैर आरएएस को ही पदोन्नत कर भरती है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार ने गत 17 फरवरी को सभी विभागों में पत्र भेजकर अन्य सेवाओं से आईएएस सेवा में पदोन्नित के लिए आवेदन मांगे और स्क्रीनिंग कमेटी ने अन्य सेवा के अफसरों का चयन कर पदोन्नित के लिए यूपीएससी को अपनी सिफारिश भेज दी है। वहीं राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता सत्येन्द्र सिंह राघव ने बताया कि राज्य सरकार आईएएस प्रमोशन नियम, 1954 के तहत इस तरह से प्रमोशन करती आ रही है। इस नियम के तहत राज्य सरकार केंद्र सरकार की राय से अन्य सेवाओं के विशेषज्ञ अधिकारियों की आईएएस पद पर नियुक्ति कर सकती है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: 85-23-24**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 14.09.2023 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। (1) **निविदा संख्या:** 85, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर, उ.प.रेलवे, सादुलपुर के अधीन रेवाड़ी-सादुलपुर खण्ड पर टीबीआर (71.88 किमी.) के संबंध में नावां, लोहारु, खुशालपुरा, गुगलवा किरतान, बेवड़ भोजान, कांधरान व सादुलपुर स्टेशनों पर विविध कार्यों की आवश्यकता। **अनुमानित लागत:** ₹ 12496833.68/- **धरोहर राशि:** ₹ 212500.00/- **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 897-DP/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू.उ.प.रे., जोधपुर द्वारा निम्नलिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। (1) **निविदा नं.:** एसएण्डटी-जेयू-03-2023-24 (2) **कार्य का नाम:** जोधपुर मंडल के समपार फाटकों में कोडल लाइफ पूरी कर चुके इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर बदलने का कार्य। (3) **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 95,78,919/- (4) **ई-निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पता:** वरि. मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, हरीश जोशी मार्ग, जोधपुर (5) **बयाना राशि (Bid Security):** ₹191600/- (6) **ई-निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समय:** 15.09.2023 को 11.00 बजे तक तथा ई-टेंडर ऑनलाइन आई.आर.ई.पी.एस 11.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से निविदा का विवरण देखा जा सकें एवं खरीद की जा सके:** www.ireps.gov.in **नोट:-** यह एक ई-टेंडर है इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई-टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वेबसाइट पर निविदा डालें। 908-DP/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# चंद्रमा पर चलने का अनुभव विद्याधर नगर की सड़कों पर मिलेगा



चंद्रमा के साउथ पोल में कुछ दिन पहले भारत के चंद्रयान-3 ने सफल लैंडिंग की, लेकिन राजधानी जयपुर में विद्याधर नगर स्टेडियम की ओर जाने वाली सड़क पर भी इतने गड्ढे.हैं कि चांद की सतह भी शर्मिंदा हो जाए। या फिर यूं कहें कि लोगों को चांद की सतह पर चलने जैसा अनुभव इस सड़क पर भी मिल सकता है। यहां सड़क में इतने गड्ढे.हैं कि वाहन गुजरना तो मुश्किल है ही, लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी उठानी पड़ती है, इसके बावजूद प्रशासन को आमजन की यह परेशानियां नजर नहीं आती। फोटो-दिनेश भारद्वाज


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभरलेक जिला जयपुर**

क्रमांक-न.पा.सा.ले./2023-24/1606 दिनांक-24/8/2023

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र में स्थित 'श्री श्याम सरोवर' पालिका द्वारा अनुमोदित कॉलोनी में खातेदार द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर योजना के मानचित्र में स्थित Informal comm. Area के क्षेत्रफल 426.15 वर्गगज भूमि को आवासीय में परिवर्तन कराने हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 7 दिवस में मय दस्तावेज लिखित में आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मण्डल, सांभरलेक**



**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 225/23

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम दर्शना देवी पत्नी स्व.श्री मांगीलाल जाति......

विवाद स्थान प्लाट नं.3 श्याम नगर विस्तार बेनाड रोड पुलिस थाना करघनी जयपुर राज.

मृतक मांगी लाल की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 11.10.23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम मांगी लाल पुत्र पुत्र निगला राम जाति.... निवासी श्याम नगर विस्तार बेनाड रोड जयपुर राज. 302012 का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 11 माह 10 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 24 माह 08 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

**आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैंशन न्यायालय जयपुर महानगर द्वितीय**

मोहर



**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 20/23

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम (1) ईन्द्र जीत कोर छाबडा पुत्र स्व. सुरजीत सिंह (2) हरजीत सिंह छाबडा पुत्र स्व. सुरजीत सिंह जाति सिख

विवाद स्थान म.न.47/42 किरण पथ मानसरोवर जयपुर राज.

मृतक स्व.सुरजीत सिंह की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 4.9.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. सुरजीत सिंह पुत्र स्व. प्रताप सिंह जाति.... निवासी 47/42 किरण पथ का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 04 माह 09 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 01 माह 06 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

**आज्ञा से-शरिस्तेदार अपर जिला एवम् सैशन न्यायाधीश क्रम-4, जयपुर महानगर (प्रथम)**

मोहर



**खोया पाया**

मेरे LIC फ्लैट नं. L-1/7 विद्याधर नगर, सेक्टर-6, के मूल आवंटन पत्र (Reg. No. 6058 dt. 20.05.2002) मेरे फ्लैट से शोपिंग सेन्टर-6, विद्याधर नगर के बीच गिर गया है। मिलने पर सूचित करें- सुनील कुमार बागला- 9314500646

राजस्थान राज्य विद्युत मंडल अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति संस्था, जयपुर (Reg. No. 216/83-84) का Society Registration Certificate, Constitution, and other Documents गुम हो गए है। B.S. Meena (Secretary) Mob. no. 9414044503

मेरे मकान- 94/128 विजय पथ मानसरोवर का आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र एवं मकान का कब्जा देने के सम्बन्ध मे वाला पत्र विजय पथ पर गिर गये! मिलने पर सूचित करें- 9314814119

JDA की स्कीम गोविंदपुरा सांगानेर जयपुर के प्लाट नंबर G-1115 जेडीए से जारी आवंटन पत्र सांगनेर में खो गया हे सुचित करें राजतिलक साहू मो 7728035941

मेरे नाम से जारी जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का मूल सर्टिफिकेट कहीं गुम हो गया है, उक्त सर्टिफिकेट कि मुझे बेहद आवश्यकता है। जिस किसी को मिले तो मुझे लौटाने की मेहरबानी करें। भगवान गुर्जर पुत्र बालू राम गुर्जर निवासी डिग्गी, तहसील मालपुरा जिला टोंक, मो. 8440049441


मेरे मकान 2/65, SFS, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर का "Allotment Latter" एवं 'Hending Over Taken over' कहीं खो गया है कृपया मिलने पर सूचित करें 9782600465

मेरे मकान नं. 11/37 मानसरोवर, जयपुर का मूल अलोटमेंट लेटर और पजेशन लेटर कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें 9837034600


## चालान पेश करने के लिए दिया समय

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने बिजली विभाग के एईएन से मारपीट के मामले में पांच सितंबर तक सुनवाई टालते हुए राज्य सरकार को चालान पेश करने को कहा है।


**तीये की बैठक**



हमारे पूजनीय पिताजी **कालूराम पाँचाल** पुत्र स्व. श्री दुर्गालाल जी पॉचाल का आकस्मिक निधन दिनांक 24.08..2023 (गुरुवार) को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 26.08.2023 को दोपहर 12:00 बजे ग्राम बधेरा, बापू बाजार, जिला केकडी पर होगी।

**शोकाकुल**- राजेश जी, लाभचंद्र जी (भ्राता), विकास (पुत्र)।

मो.- 9829966857



**नम्बर मिलाइए 9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**


# सिर में गोली लगने से घायल हुए कांस्टेबल की एस.एम.एस. अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

## पुलिस अधिकारियों जनप्रतिनिधियों व कई लोगों ने शोक जताया

- **जयपुर के एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी पर परिजनों ने प्रदर्शन किया**
- **सरकार की ओर से मृतक के परिजनों को 1 करोड़ रुपए, पारिवारिक पेंशन, मकान और गलेन्ट्री सम्मान के लिए केन्द्र सरकार को लिखने के आश्वासन पर सहमति बनीं**



मृतक कांस्टेबल प्रहलाद

**जयपुर/दौसा**, (निस)। बदमाशों से मुठभेड़ में सिर में गोली लगने से गंभीर रुप से घायल जिला स्पेशल टीम में कार्यरत कांस्टेबल प्रहलाद की उपचार के दौरान मौत हो गई। जयपुर एसएमएस के बाहर लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। बाद में सरकार की ओर से आश्वासन मिलने के बाद लोग शांत हुए।

बाइक चोर को पकड़ने के दौरान फायरिंग में घायल जिला स्पेशल टीम डी.एस.टी. के कॉन्स्टेबल प्रहलाद सिंह ने जयपुर के एस.एम.एस .हॉस्पिटल में इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह दम तोड़ दिया। 34 वर्षीय कॉन्स्टेबल प्रहलाद 2008 में पुलिस में भर्ती हुए थे। वे सीकर जिले के नीमकाथाना क्षेत्र के गांव चीपलाटा के रहने वाले थे। 10 जुलाई 1989 को जन्मे प्रहलाद सिंह 12 मई 2021 से दौसा जिले की जिला स्पेशल टीम में कार्यरत थे। दौसा जिले के सिकंदरा थाना इलाके के रेटा गांव में बुधवार 23 अगस्त की सुबह दो बाइक चोरों से टीम की आपस में मुठभेड़ हुई थी। बाइक चोर का पीछा करते हुए सिपाही प्रहलाद सिंह खुद की जान की परवाह किए बगैर रेटा गांव में बाजरे के खेत में घुस गए थे। बाइक चोर बदमाश के हाथ में हाॅथियार था। उसने पलटकर प्रहलाद के सिर में गोली मार दी। इसके बाद घायल प्रहलाद को दौसा हॉस्पिटल लाया गया व वहां प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल रेफर किया गया था।

**मोर्चरी पर हंगामा:-** सिपाही प्रहलाद के दम तोड़ने की खबर पहुंची तो भारी संख्या में उसके परिजन और रिश्तेदारों सहित अन्य लोग एसएमएस के मुर्दाघर के बाहर जमा हो गए। उन्होंने सिपाही को शहीद का दर्जा देकर शहीद का पैकेज देने की घोषणा करने का सरकार पर दबाव बनाया। प्रदर्शनकारियों ने मांग पूरी नहीं होने तक शव लेने से इनकार कर दिया। पुलिस प्रशासन में खबर पहुंचल आलाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिजन और प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर मुख्यमंत्री की ओर से की गई घोषणा के बारे जानकारी दी। काफी जद्दोजहद के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए तो पुलिस ने राहत की सांस ली। सरकार ने प्रह्लाद के परिवार को 1 करोड रुपए के साथ ही पारिवारिक पेंशन, एमआईजी-ए-श्रेणी का मकान, बिजली का कृषि कनेक्शन और गलेन्ट्री सम्मान के लिए केन्द्र सरकार को लिखने का भी आश्वासन दिया है।

**पाटन संवाददाता के अनुसार:-** मृतक कांस्टेबल नीम का थाना जिले के गांव चीपलाटा की ढाणी खातीवाला के रहने वाले थे। मौत की खबर सुनकर पूरे गांव में सन्नाटा छा गया। कांस्टेबल प्रहलाद सिंह के एक बेटा व एक बेटी है, जिसमें बड़ा बेटा चिराग 5 साल का व बेटी शानू 2 साल की है। तीन भाइयों में प्रहलाद सिंह दूसरे नंबर का था। कांस्टेबल प्रहलाद सिंह 2008 में भर्ती हुए थे तथा दोसा के सदर थाने में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। हाल ही में कांस्टेबल प्रहलाद सिंह जिला स्पेशल टीम में काम कर रहे थे। ग्रामीणों ने सरकार से बहादुर कांस्टेबल को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। मृतक प्रहलाद का शव शनिवार को थाने में पहुंचेगा, उसके बाद उसके शव को उसके पैतृक गांव ले जाया जाएगा। जहां उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।


**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य रामरतन मीणा पुत्र श्री रामपाल मीणा, निवासी-नांगल पुरोहितान, तहसील-आमेर, जिला-जयपुर ने दिनांक 21.08.2023 को प्रभाती देवी पत्नी स्व.श्री मुरलीराम जाति-ब्राह्मण, निवासी-ग्राम-कल्याणपुरा, अनोपपुरा, जयपुर से जरिये इकरारनामा राजस्व ग्राम-कल्याणपुरा, पटवार हल्का दुर्गा का बास, भू-अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र जयसिंहपुरा, तहसील-आमेर, जिला-जयपुर में स्थित सम्पूर्ण खसरा क्रमश खसरा नम्बर 274/235, 275/336, 276, 277/359, 278, 279, 280, 281, 282, 283 कुल खसरा नम्बर संख्या-10 रकबा 4.1000 हैक्टेयर की भूमि को क्रय कर लिया है। कब्जा संभाल लिया है। यदि इस संबंध में कोई भी दीगर व्यक्ति लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी दीगर व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो 7 दिवस के अन्दर अन्दर सूचित करें।

जयपुर (नईमुद्दीन) एडवोकेट

दिनांक-25/8/2023 मो.9352442148



कार्यालयः योगेश कुमार शर्मा, एडवोकेट, गाँधी नगर, गंगापुर सिटी।

**आम-सूचना**

मैं अपनी पक्षकार श्रीमति ममता शर्मा पत्नी राजेश कुमार शर्मा पुत्री स्व०श्री सत्यनारायण शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी कुडगाँव, तहसील सपोटरा, जिला करौली की ओर से सर्वसाधारण एक सर्व आम जन को सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकार के स्व० पिता सत्यनारायण शर्मा पुत्र स्व0 सूरजमल जाति ब्राह्मण निवासी लिवाली तहसील बामनवास जिला गंगापुर सिटी के अधिपत्य एवं स्वामित्व की जायदाद आवासीय भूखण्ड संख्या 8 आवासीय योजना श्री महालक्ष्मी बिला, ग्राम गोलियावास तहसील सांगानेर, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर, प्रोपर्टी आई0डी0 6010000113 कुल क्षेत्रफल 195.93 वर्गगज आज दिनांक तक विधि अनुसार अविभाजित है। इस भूखण्ड मे मेरी पक्षकार का जन्म से हित निहित है, तथा उक्त सम्पत्ति के अलावा अन्य सम्पत्तियों के विधि अनुसार विभाजन हेतु दावा नम्बर 65 / 2023 एवम् प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा नम्बर 32 / 2023 न्यायालय ए०डी०जे० साहब नम्बर 1, गंगापुर सिटी मे विचाराधीन है। अतः कोई भी व्यक्ति उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध मे किसी भी प्रकार का समव्यवहार नही करे। यदि कोई व्यक्ति उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध मे स्व० सत्यनारायण के अन्य वारिसों से कोई समव्यवहार करता है, तो वह उसके लिये स्वयं जिम्मेदार होगा, सूचित रहे।

**योगेश कुमार शर्मा, एडवोकेट**
गांधी नगर गंगापुर सिटी मो. 9414318374



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय**

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772

क्रमांक-DHC-II/1589 दिनांक-8.8.2023

**जाहिर आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 60/183 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 91.50 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्री राधा रमण स्वामी पुत्र श्री किशन लाल स्वामी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1082 दिनांक 30.04.1998 को जारी किया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 07.02.1994 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात श्री राधा रमण स्वामी की मृत्यु दिनांक 05.02.2014 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री नवलकिशोर शर्मा पुत्र स्व.श्री राधा रमण स्वामी ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री नवलकिशोर शर्मा पुत्र स्व.श्री राधा रमण स्वामी के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।

**सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर**



**नाम परिवर्तन**

मैंने मेरा नाम किशोर कुमार सिंघवी से बदलकर किशोर सिंघवी पुत्र स्व.मानकचंद सिंघवी रख लिया है। भविष्य में मुझे किशोर सिंघवी के नाम से जाना जावे। पताः मकान.नं.2039, तोलाराम पालीवाल की गली, नाहरगढ रोड जयपुर

मैंने मेरा नाम इकबाल खान मुगल से बदलकर इकबाल खान रख लिया। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना जावे। पताः डी-405, विद्याधरनगर

मैंनें अपना नाम यासमीन बानो बेगम से बदलकर यासमीन बानो (Yasmin Bano) धर्मपत्नी सलीम अहमद कुरैशी निवासी 960, हकीमजी की गली, एम.डी. रोड जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे Yasmin Bano के नाम से जाना पहचाना जावें।

We Rajesh Navlani & Sonia Navlani Have Changed Our Son's Name From Garvit Nawlani To Garvit Navlani For All Purpose. B-8, 3rd, Floor, Krishna Appartment, Hathi Babu Marg, Banipark, Jaipur (Raj.)

I Sohan Lal Goyal S/o Shimbhu Dayal Goyal R/o 61, Kaashi Sadan, C-Scheme, Karamchari Colony, Gangapur City, Gangapur, Sawai Madhopur, Rajasthan-322201, have changed my name to Sohan Goyal

# सरकारी जमीन पर बनी तीन अवैध दुकानों को जे.डी.ए. ने किया ध्वस्त

## आगरा रोड पर केशव विद्यापीठ चौराहे के सामने सरकारी भूमि पर रातों-रात बनाई गई थी दुकानें

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। आगरा रोड पर केशव विद्यापीठ चौराहे पर सरकारी भूमि पर कब्जा कर रातोंरात बनाई गई तीन अवैध दुकानों को जेडीए प्रशासन ने शुक्रवार को ध्वस्त कर दिया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि सुमेल रोड पर केशव विद्यापीठ चौराहे पर पावर हाऊस के सामने की तरफ खसरा नंबर 717 की सरकारी बेशकीमती भूमि है। जिस पर कुछ भूमाफियाओं ने रातोंरात कब्जा करके बेसमेंट समेत तीन अवैध दुकानें बना ली। शुक्रवार को बुलडोजर की मदद से इस अवैध निर्माण को ध्वस्त किया और मौके पर जेडीए संपत्ति का बोर्ड लगाया।

- **जामडोली में 10 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही कॉलोनी ''रोहित नगर-6'' को भी ध्वस्त किया**
- **बल्लूपुरा गांव में भी पांच बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के लिए किए गए निर्माण ध्वस्त**

इसी प्रकार इकोलॉजिकल जोन स्थित जामडोली में हाइवे हैवन्स होटल के पास करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना अनुमति और भू-रूपांतरण करवाए बिना 'रोहित नगर-6' के नाम से अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। निर्माणकर्ता ने रातोंरात मिट्टी-ग्रैवल की रोड, बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण कर लिए थे। इस अवैध कॉलोनी को भी जेडीए टीम ने रातोंरात खुर्दबुर्द किया।

इसी प्रकार ग्राम बल्लूपुरा में खसरा नम्बर-65,66,67 की करीब 5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर भी जेडीए की बिना स्वीकृति और बिना भू रूपान्तरण करवाए अवैध कॉलोनी बसाने की कोशिश की जा रही थी। निर्माणकर्ता ने भूमि को समतल कर रातों-रात बाउन्ड्रीवाल और कई अवैध निर्माण कर लिए थे, जिन्हें प्रारंभिक स्तर पर ही जेसीबी और तकनीकी स्टॉफ की मदद से ध्वस्त किया।




**जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने आगरा रोड स्थित केशव विद्यापीठ चौराहे पर सरकारी जमीन पर बनी तीन अवैध दुकानों को ध्वस्त किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

### जमीन सरकारी...2 फीट जगह में 12 दुकानों का निर्माण भी अवैध, फिर भी कार्रवाई नहीं!

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा पंचायत समिति के सामने खसरा नंबर 729 की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रातोंरात बनाई जा रही 12 अवैध दुकानों को ध्वस्त करने के बजाय ग्रेटर निगम प्रशासन भू-माफिया पर मेहरबानी दिखाने में जुटा है। जबकि स्वयं विद्याधर नगर जोन उपायुक्त हिम्मत सिंह ने भी माना है कि पंचायत समिति के सामने 65 गुणा 2 फीट जगह में जिस तरीके से अवैध निर्माण हुआ है, वह पूरी तरह से गलत है। हालांकि वे इन निर्माणाधीन अवैध 12 दुकानों को ध्वस्त करने के लिए कह रहे हैं, लेकिन उच्चाधिकारियों से मंजूरी लेने के बाद कार्रवाई करने की बात की जा रही है।

ज्ञात रहे कि विद्याधर नगर जोन के तत्कालीन उपायुक्त संतोष गोयल ने गत 18 जुलाई को सरकारी भूमि पर अवैध दुकानें बनाने वाले वक्रांगी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित नंदवाना को नोटिस देकर जमीन के कागजात और बिल्डिंग निर्माण की परमिशन पेश करने को कहा था। चूंकि जमीन सरकारी होने के कारण निर्माणकर्ता ना तो भूमि के दस्तावेज पेश कर पाया और 2 फीट जगह में निर्माण स्वीकृति दिया जाना संभव ही नहीं है।

### 'अपराधी या तो अपराध छोड़ें या फिर राजस्थान'

**जयपुर**। पुलिस मुख्यालय में प्रदेश के अपराध और कानून व्यवस्था पर समीक्षा बैठक करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपराधियों को चेताते हुए कहा कि अपराधी या तो अपराध छोड़े या फिर राजस्थान छोड़ें। कानून व्यवस्था और क्राइम पर सीएम गहलोत ने सख्ती दिखाते हुए घोषणा कि अपराध व अपराधियों पर काबू पाने के लिए जयपुर में 3000 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही यह भी घोषणा की कि जयपुर कमिश्नरेट में एक नया साइबर थाना खोला जाएगा। राजस्थान सीएम अशोक गहलोत ने पुलिस मुख्यालय में प्रदेश के अपराध और कानून व्यवस्था पर समीक्षा बैठक की।

बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेस में गहलोत ने कहा परिवादियों को न्याय दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है। इनामी अपराधी गिरफ्तार किए जाएंगे। उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी। रेप के आरोपियों को कम से कम समय में गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कानून व्यवस्था चाक चौबन्द रखने के साथ ही आमजन को सुरक्षा देने और आने वाले चुनावों में मतदाताओं को भयमुक्त वातावरण देने की बात कही।

गहलोत ने डीजीपी उमेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों के साथ रिव्यू बैठक लेने के बाद पुलिस बेढ़े में शामिल हुई अत्याधुनिक सौ पीसीआर को हरी झण्डी दिखाकर थानों के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान पुलिस का रेस्पांस टाइम घटेगा। पुलिस वारदात स्थल पर तुरंत पहुंचेगी। पुलिस को 100 डायल 112 आधुनिक वाहन मिले। गाड़ियों में मेडिकल सुविधा, चार साइड कैमरे लगे होंगे।

### मेयर पति सुशील गुर्जर और दलालों की जमानत अर्जी खारिज

**जयपुर**। एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने रिश्वत मामले में नगर निगम हैरिटेज की मेयर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर और दलाल नारायण सिंह और अनिल दुबे की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा है कि प्रकरण में अनुसंधान लंबित है। ऐसे में केस के इस स्तर पर आरोपियों को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। जमानत अर्जियों में कहा गया कि उन्हें प्रकरण में फंसाया गया है। पूरा मामला राजनीतिक द्वेषता से प्रेरित है। इसके अलावा सुशील गुर्जर ने न तो रिश्वत की मांग की है और ना ही उससे रिश्वत राशि बरामद हुई है। उसके घर से मिली 41 लाख रुपए की राशि उसके पिता की ओर से बेचे प्लॉट सहित अन्य मदों की राशि है। इसके अलावा केस के निस्तारण में समय लगेगा। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील की ओर से कहा गया कि आरोपियों में से एक आरोपी दो लाख रुपए की राशि के साथ गिरफ्तार हुआ है।

## दूरबीन की मदद से निकाली लिवर के पास बनी गांठ

**जयपुर**। राजधानी के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में गुरुवार को एक बुजुर्ग महिला के लिवर के पास बनी बड़ी गांठ को दूरबीन से ऑपरेशन कर निकाला गया। डॉक्टरों का दावा है कि लिवर में इतनी बड़ी गांठ को पहली बार दूरबीन के जरिए निकाला गया है। ऐसी गांठ के लिए चीरा लगाना पड़ता है। डॉक्टरों ने बताया कि बुजुर्ग महिला अब पूरी तरह ठीक है। जल्द उसको छुट्टी दे दी जाएगी।

हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि अलवर की रहने वाली 88 साल की महिला को पिछले 3 साल से पेट में दर्द की शिकायत थी। तीन साल तक परेशान होने के बाद महिला ने पिछले दिनों एसएमएस हॉस्पिटल में दिखाया। डॉक्टरों ने जांच करवाई।

जांच में पता चला कि लिवर के पास एक गांठ बनी है। इसका साइज 176 बाई 141 बाई 128 है। गांठ इतनी बड़ी थी कि इससे पित्त की थैली भी पूरी तरह चिपक गई। डॉ. रिचा जैन, डॉ. हनुमान खोजा और डॉ. फारूख खान के निर्देशन में 8 डॉक्टरों की टीम ने महिला का ऑपरेशन करने का निर्णय किया। उम्र ज्यादा होने के कारण बड़ा चीरा लगाने से महिला के ब्लड अधिक बहने और रिकवरी देर से होने का डर था। इसे देखते हुए टीम ने ऑपरेशन दूरबीन के जरिए करने का निर्णय किया। इस दौरान डॉ. गरिमा अग्रवाल, डॉ. नरेंद्र शर्मा, डॉ. सारांश, डॉ. विनोद, डॉ. सिंधु शर्मा, डॉ. राजेंद्र यादव, डॉ. साकेत दाधीच और डॉ. डी.वी.आर हर्षवर्धन में सहयोग दिया।

दूरबीन के जरिए किए गए ऑपरेशन में सबसे पहले गांठ को पंक्चर किया। उसमें भरा लिक्विड बाहर निकाला गया। इससे गांठ पिचककर एक बिना हवा भरे फुटबॉल जैसी हो गई। इस गांठ से पित्त की थैली चिपक गई थी, इसे देखते हुए डॉक्टरों ने ऑपरेशन के दौरान पित्त की थैली को भी बाहर निकालने का निर्णय किया। दोनों एक साथ बाहर निकाले। डॉक्टरों का दावा है कि लिवर में बनी गांठ का दूरबीन के जरिए ऑपरेशन करके बाहर निकालने का हॉस्पिटल में ये पहला केस है।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक रविवार को मिलेंगे दावेदारों से

**जयपुर**। कांग्रेस कार्य समिति सदस्य और राजस्थान प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य तथा जयपुर शहर के पर्यवेक्षक भंवर जितेंद्र सिंह और राजस्थान सरकार में मंत्री साले मोहम्मद, जिला अध्यक्ष आर आर तिवाड़ी के साथ मिलकर जयपुर शहर की 8 विधानसभा क्षेत्र में आए तमाम आवेदनों की जांच करने के साथी दावेदारों से मुलाकात करेंगे।

जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरआर तिवारी तिवारी ने बताया कि जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आठ विधानसभा क्षेत्र सांगानेर, बगरू, मालवीय नगर, आदर्श नगर, हवामहल, किशनपोल, विद्याधर नगर, सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र में जिन दावेदारों ने ब्लॉक अध्यक्ष और जिला कांग्रेस कमेटी में विधान सभा चुनाव लड़ने हेतु आवेदन जमा कराये हैं, दोनों पर्यवेक्षक और जिला कांग्रेस अध्यक्ष उनसे मिलकर चर्चा करेंगे। इस दौरान आवेदक प्रत्याशी के अलावा जयपुर शहर के 16 ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहेंगे।

## संगठन के कार्यों के बजाय स्वयं के कार्यों को सफल बना रहे दावेदार

- **प्रवासी विधायकों पर भी कार्यकर्ताओं से दबाव बनवा रहे हैं समर्थक दावेदारों को टिकट देने का**

**जयपुर**। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के प्रत्येक विधानसभा से अनेक दावेदार सामने आ रहे हैं। यह सभी दावेदार अपनी दावेदारी तो अपने विधानसभा क्षेत्र में जता ही रहे हैं, लेकिन पर्टियों की ओर से विधानसभा चुनाव के ठीक पहले किए जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा को जरूर बिगाड़ देते हैं। भाजपा की ओर से विधानसभा चुनाव की ठीक पहले कार्यकर्ताओं में चुनावी मोड़ लाने के लिए ऐसे कई कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को दिए हैं। जनता के बीच जाकर उन कार्यक्रमों को करें और भाजपा की रीति नीति का प्रचार करें। हाल ही में भाजपा के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान यह कार्यक्रम प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में किया गया। इसमें हर घर तिरंगा कार्यक्रम, तिरंगा रैलियां जैसे कई कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को करने थे। यह कार्यक्रम विधानसभा में भाजपा संगठन के द्वारा करने थे लेकिन जैसे ही इन कार्यक्रमों के बारे में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दावेदारों को जानकारी मिली तो यह दावेदार अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में धन बल के माध्यम से करवाने लगे। संगठन द्वारा यह कार्य करने थे तो वे सफल नहीं हो सके। जिस दिन संगठन के द्वारा इन कामों को करने की तारीख तय की गई थी। उस दिन कार्यकर्ता नहीं पहुच पाए। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जो चुनावी दावेदार विधानसभा सीटों पर अपनी ताल ठोक रहे हैं। वे दावेदार पैसे और धन बल के माध्यम से प्रत्येक गांव पंचायत में इन कार्यकर्ताओं को खरीदते हैं और यह कार्यकर्ता उनके कार्यक्रमों को सफल बनाने में लग जाते हैं। जिससे भाजपा संगठन के कार्य सफल नहीं हो रहे हैं। चाकसू में मयंक बैरवा व अन्य कई दावेदार हैं जो संगठन के कामों को सफल नहीं होने देते हैं, इसका ताजा उदाहरण हाल ही में देखने को मिला जहां नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ द्वारा मंडल और बूथ अध्यक्षों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में चाकसू विधानसभा के पूरे मंडल व बूथ अध्यक्ष नहीं पहुंचे। इस पर राठौड़ काफी नाराज भी हुए। वहीं चाकसू के कार्यकर्ताओं का कहना है कि विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें वही कार्यकर्ता सभी गावों में देखने को मिले। वही भाजपा केंद्रीय नेतृत्व की ओर से प्रवासी विधायक योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा में बाहर के राज्यों की विधानसभाओं के विधायक लगाए गए हैं। यह विधायक उसे विधानसभा क्षेत्र में जाकर वहां की जनता और कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने का काम कर रहे हैं। वही जो दावेदार हैं उनसे भी बात करेंगे लेकिन इन विधायकों के साथ मंडल और बूथ स्तर पर कार्यकर्ता अपने अपने समर्थक दावेदारों का नाम प्रवासी विधायक को बता रहे हैं और उन पर अपने दावेदार को टिकट देने का भी दबाव बना रहे हैं। इसका उदाहरण चाकसू विधानसभा में देखने को मिला। चाकसू में कुछ दावेदार पैसे के बल पर भाजपा संगठन के कार्यकर्ताओं से प्रवासी विधायक को दबाव डलवा रहे हैं कि उनके समर्थक को टिकट दें।

## लॉरेंस गैंग के नाम से डॉक्टर से रंगदारी मांगी

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में जी-क्लब फायरिंग प्रकरण के मास्टर माइंड पकड़े भी नहीं थे कि अब जवाहर सर्किल इलाके में एक डॉक्टर से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। धमकी देने वाले ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का गुर्गा बताया। जिसके चलते पुलिस आईपी एड्रेश के जरिए फोन करने वाले तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जवाहर सर्किल पुलिस ने बताया कि धमकी के शिकार डॉक्टर सुनीत शाह की ओर से दर्ज कराई रिपोर्ट पर आरोपियों की पहचान करना शुरू कर दिया है। घटनाक्रम के अनुसार 24 अगस्त को दोपहर करीब 3 बजकर 25 मिनट पर पीड़ित के पास व्हाट्सएप कॉल आया। फोने करने वाले खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग सक्रिय सदस्य बताकर जान सलामती के लिए 50 लाख की रंगदारी मांगी। बदमाश ने उसे चेतावनी दी कि पुलिस को बिना बताए 25 तारीख को दोपहर 2 बजे तक पैसों की व्यवस्था नहीं करने पर जान से धमकी दी। गौरतलब है कि शहर में ऐसी धमकियां कई लोगों को मिली चुकीं हैं जिनके आरोपियों को पुलिस नहीं तलाश सकी है। सूत्रों की मानें तो कुछ छुटभैया बदमाश भी लॉरेंस का नाम लेकर धमकी भरे कॉल कर रहे हैं। पुलिस अब ऐसे तत्वों पर निगरानी बनाए हुए है। हालांकि कुछ प्रकरणों में पीड़ित ने डर से पैसे दिए और पुलिस तक भी शिकायत नहीं की। पुलिस का मानना है कि समय रहते सूचना मिले तो ऐसे बदमाशों पर शिकंजा कसकर लोगों को ठगी से बचाया जा सकता है। गौरतलब है कि करीब 6 माह पहले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को जी-क्लब फायरिंग प्रकरणे में चंडीगढ़ से जयपुर लाकर पूछताछ की थी।

# नर्सेज ने 5 सितम्बर से हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी

## 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेशभर के नर्सेज ने जयपुर में रैली निकालकर विशाल सभा का आयोजन किया

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर शुक्रवार को जयपुर में प्रदेशभर से आए करीब तीस हजार से अधिक नर्सेज ने रैली निकाली। इस दौरान शहर के रामलीला मैदान में हुई सभा में मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर 5 सितंबर से हड़ताल करने की घोषणा की। उधर नर्सेज के एक दिन के सामूहिक अवकाश के कारण एसएमएस सहित कई सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्थाएं बिगड़ने से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक प्यारे लाल चौधरी, राजेंद्र राणा व नरेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि चार महीने से आंदोलनरत नर्सेज की वाजिब मांगें जो कि कांग्रेस पार्टी के पिछले घोषणा पत्र में है, उन पर कोई निर्णायक करवाई नही की गई है। अब इससे नाराज नर्सेज के पास हड़ताल पर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

उन्होंने बताया कि पूर्व की तरह पूरे राजस्थान के तमाम चिकित्सा संस्थानों में सुबह 8 से 10 बजे तक प्रति दिन दो घंटे विरोध स्वरूप गेट मीटिंग आगे भी आम हड़ताल तक जारी रहेगी। 28 अगस्त को सभी जिला मुख्यालयों पर नर्सेज प्रदर्शन कर घोषण पत्र के वादे निभाओ दिवस मनाते हुए जिला कलेक्टरों को मुख्यमंत्री के नाम हड़ताल का नोटिस देंगे।

उधर, शुक्रवार सुबह से ही बड़ी संख्या में नर्सेज राजस्थान के कौने-कौने से एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सामने से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए रामलीला मैदान पहुंचे। रैली के बाद नर्सेज नेताओं को पुलिस अधिकारियों द्वारा सीएम ऑफिस ले जाया गया जहां मुख्यमंत्री के ऑफिस में नही होने पर उनके ओएसडी को ज्ञापन दिलाया गया। रामलीला मैदान में हुई सभा को प्रदेश संयोजक प्यारे लाल चौधरी, राजेंद्र सिंह राणा, नरेंद्र सिंह शेखावत, भूदेव धाकड़, पुरषोत्तम कुम्भज, पवन मीणा, प्रीति रामदेव, कैलाश शर्मा व अनेश सैनी सहित विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

वहीं दूसरी ओर नर्सेज के एक दिन के सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्थाओं पर खासा असर देखने को मिला। इससे अस्पतालों में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



**राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर शुक्रवार को जयपुर में प्रदेशभर से आए करीब तीस हजार से अधिक नर्सेज ने रैली निकाली।** फोटो-राष्ट्रदूत

- **नर्सिंगकर्मियों के सामूहिक अवकाश से एस.एम.एस. सहित कई सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्थाएं बिगड़ने से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा**
- **एस.एम.एस. अस्पताल में कार्यरत 3600 नर्सेज में से 3500 सामूहिक अवकाश पर रहे**

इस दौरान सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी, आईसीयू तक में नर्सेज ने काम काज ठप कर दिया है। नर्सेज के अवकाश पर रहने के कारण कई ऑपरेशन नहीं हो सके। एसएमएस अस्पताल में कार्यरत 36 सौ नर्सेज में से 35 सौ अवकाश पर सामूहिक अवकाश पर रहे। हालांकि आरपीएससी से चयनित कुछ नर्सिंगकर्मी और राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति ने हड़ताल में शामिल होने से इनकार कर दिया है। जो काम कर रहे है। वहीं सीएचएस की सेवाएं भी ली जा रही है। लेकिन फिर भी हड़ताल का असर दिख रहा है। सरकार ने नर्सेज की रैली पर कड़ा रुख अपनाते हुए एसएमएस मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिए हैं कि विभागों में नहीं आने वाले नर्सिंगकर्मियों की सूची दें।

## सार-समाचार

### प्रो. मनोज सिंह करेंगे ए.आई.पर चर्चा




**जयपुर**। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में शनिवार, 26 अगस्त को आईआईटी जम्मू के डायरेक्टर, प्रो. मनोज सिंह गौड़ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) एंड द फ्यूचर ऑफ ह्यूमैनिटी विषय पर चर्चा करेंगे। यह आयोजन शाम 5 बजे से आरआईसी के मिनी ऑडिटोरियम 1 में होगा। टॉक की अध्यक्षता राजस्थान के पूर्व डीजीपी, कपिल गर्ग करेंगे और संचालन संयुक्त निदेशक पर्यटन विभाग, डॉ. पुनिता सिंह द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन जुलाई से सितंबर के इंटेलेक्चुअल एक्टिविटी कैलेंडर के तहत आरआईसी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी आरआईसी के निदेशक एनसी गोयल ने दी। उन्होंने आगे बताया कि इस टॉक में डॉ. मनोज गौड़ एआई की वर्तमान स्थिति, इसकी संभावित वृद्धि प्रक्षेपवक्र, इसके संभावित लाभकारी प्रभाव और मानव सभ्यता के सामने आने वाले वास्तविक खतरों पर चर्चा करेंगे। इस दौरान इस बात पर भी चर्चा की जाएगी कि इन खतरों का मुकाबला करने के लिए क्या किया जा सकता है। एआई को जलवायु परिवर्तन और परमाणु युद्ध से भी बड़े खतरे के रूप में देखा जाता है। यह विषय केवल विशेषज्ञों से ही नहीं हम सभी से संबंधित है। डॉ. गौड़ का संवाद इन सभी महत्वपूर्ण विषयों की एक सुलभ प्रस्तुति होगी, जो बिल्कुल आसान शब्दों में और आम लोगों के लिए प्रासंगिक होगी।

### नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा शुरू

**जयपुर**, (का.सं.)। कोर्निया खराब होने के कारण अंधकार में जीवन जीरहे लोगों के जीवन में उजाला लाने के लिए विश्व भर में मनाया जारहा नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा शुक्रवार को प्रातःकाल मोती डूंगरी गणेश मंदिर के बाहर प्रचार अभियान से शुरु हुआ। आई बैंक सोसाइटी ओफ राजस्थान के भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर वहां उपस्थित लोगों को नेत्रदान की प्रक्रियात्मक जानकारी दी तथा प्रचार सामग्री का वितरण किया। आई बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष, बी.एल. शर्मा के नेतृत्व में चले इस कार्यक्रम के दौरान नुक्कड नाटक ''तमसो मा ज्योतिर्गमय'' का मंचन किया गया। नाटक के लेखक, निर्देशक एस.पी. वर्मा ने नाटक के कलाकारों के जरिए आम दर्शकों को नेत्रदान की आवश्यकता, प्रक्रिया, सावधानियां तथा कोर्निया प्रत्यारोपण के बाद ध्यान रखने वाली बातों को बहुत ही सरल तरीके से समझाया है।

### तुषारिका सिंह को बेस्ट राईटर अवॉर्ड



**जयपुर** (कासं)। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित नारीत्व अवॉर्ड्स के तीसरे संस्करण में जयपुर की तुषारिका सिंह को बेस्ट राईटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। नारीत्व अवाड्र्स विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए जयपुर मॉम्स ग्रुप की संस्थापक रचना कौशिक की एक पहल है। समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर तुषारिका सिंह ने कहा कि यह सम्मान पाकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। इससे मुझे आगे भी अच्छा प्रदर्शन करते रहने और अपने काम को अधिक बेहतर बनाने के लिए प्रेरणा मिली है। गौरतलब है कि तुषारिका एक फ्रीलांस राईटर होने के साथ-साथ कम्युनिकेशन एक्सपर्ट और ब्लॉगर भी हैं। उनके लेख कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों और वेबसाइट पर भी प्रकाशित हो चुके हैं।

### डॉक्टर्स एसो.का अधिवेशन आज से

**जयपुर**, (का.सं.)। मुम्बई में कल से जुटेंगे देश भर के सेवारत चिकित्सक संघठन,चिकित्सकों से जुडे विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा। इसमें राजस्थान के अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय चौधरी, संयोजक डॉ. जगदीश मोदी, सचिव डॉ. वी.पी. मीणा, सचिव डॉ. बलवंत मंडा, प्रवक्ता डॉ. ज्योत्स्ना रंगा और डॉ. नसरीन भारती भाग लेंगे। गौरतलब है कि अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ अरिस्दा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय चौधरी राष्ट्रीय फेडरेशन के संगठन महामंत्री भी है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिवेशन में 28 राज्य एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेशों से 200 से अधिक प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। महाराष्ट्र राजकीय चिकित्सक एसोसिएशन की मेज़बानी में हो रहे इस सम्मेलन के आयोजक सचिव महाराष्ट्र के अध्यक्ष और डॉ. राजेश ए. गायकवाड़ ने बताया कि उक्त अधिवेशन का उद्घाटन महाराष्ट्र के चिकित्सा मंत्री तनाजीराव सावंत द्वारा किया जायेगा। इसमें फेडरेशन की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा साथ ही चिकित्सक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों,चिकित्सकों के खिलाफ हिंसा,चिकित्सक कैडर पर मंथन किया जाएगा।

### विकास संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे

**जयपुर**। राजस्थान राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा के नेतृत्व में निकाली जा रही ''मालवीय नगर विकास संकल्प यात्रा'' 15 वें दिन मोती डूँगरी गणेश मंदिर से प्रारम्भ होकर वार्ड 148 में गणेश कॉलोनी, संजय कॉलानी, विजयपथ, तिलक नगर में होती हुई सभा में परिवर्तित हुई। यहां सम्बोधित करते हुए, डॉ. अर्चना शर्मा ने कहा कि हमने पिछले साढे चार साल में इतने विकास कार्य करवाये हैं जो 1980 से 2018 तक 4 दशकों में नहीं करवाये गये थे, राज्य सरकार की योजनाओं और उनके स्वयं के करवाये कार्यों को आज जनता सराह रही है, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता 1985 से जिन्हे चुनती आ रही थी उन्होने जनता को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा, और जनता को मात्र वोट बैंक समझा। मालवीय नगर ब्लॉक काग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने बताया कि 26 अगस्त से 30 अगस्त तक कांग्रेस के कार्यकर्ता 5 दिन में 50 हजार घरों तक जाकर डॉ. अर्चना शर्मा जी द्वारा रक्षा बन्धन पर्व पर दी गई राखियों को विकास पत्रक के साथ घर-घर में पहुँचायेंगे, एक बहन के रूप में डॉ. अर्चना शर्मा का सस्नेह शुभकामना संदेश एवं राखी मालवीय नगर के प्रत्येक भाई के हाथों में पहुँचाई जायेगी।

### हितधारक परामर्श सम्मेलन 28 से

**जयपुर**। प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने कहा कि विजन डॉक्यूमेन्ट, 2030 के माध्यम से राजस्थान के विकास को गति देने के लिए सहकारजन की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए 28 अगस्त से 9 सितम्बर तक संभाग एवं जिला स्तर पर हितधारक परामर्श सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। गुहा शुक्रवार को सहकार भवन में विजन डॉक्यूमेन्ट, 2030 के संबंध में विभागीय अधिकारीयों एवं शीर्ष संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सहकारिता के कार्यों में विविधता लाना आवश्यक है ताकि वर्तमान चुनौतियों के अनुरूप सहकारी संस्थाएं अपने कार्यों को अंजाम दे सके। रजिस्ट्रार सहकारिता मेघराज सिंह रतनू ने कहा कि राजस्थान में हरित क्रांति और श्वेत क्रांति में सहकारी संस्थाओं यथा सीसीबी, पीएलडीबी, पैक्स, दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ एवं प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का प्रमुख भूमिका रही है। सहकारी संस्थानों का लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सहकारी सिद्धान्तों के अनुरूप संचालन होना आवश्यक है।

### 'सप्त शक्ति हॉर्स शो-2023' आयोजित

**जयपुर**, (का.सं.)। राजधानी जयपुर के 61 कैवेलरी द्वारा 18 अगस्त से आयोजित सप्त शक्ति हॉर्स शो-2023 का समापन गुरूवार को हुआ। इस चैंपियनशिप में सेना, सीमा सुरक्षा बल, राज्य पुलिस बल और सिविल क्लब सहित विभिन्न सशस्त्र बलों की टीमों ने भाग लिया। इस आयोजन में कुल 15 अधिकारी, 37 अन्य रैंक, 12 अग्निवीर और 38 नागरिकों ने भाग लिया, जिनमें बच्चे और जूनियर राइडर्स भी शामिल थे। हॉर्स के दौरान घुड़सवारों ने ड्रेसेज, शो जंपिंग और टेंट पेगिंग इवेंट्स में आपसी सयोजन का अच्छा प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें 61 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल राय सिंह गोदारा ने विजेताओं को पुरुस्कृत किया और सभी खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धी भावना की प्रशंसा की और चैंपियनशिप के सुचारू संचालन के लिए आयोजकों तथा ग्राउंड स्टाफ की सराहना की।

### रक्षाबंधन पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा

**जयपुर**, (का.सं.)। रक्षाबन्धन के पर्व पर महिलाएं-बालिकाएं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की साधारण और द्रुतगामी बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने निःशुल्क यात्रा के लिए प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।



## Non-silvery Metals

A metal is an element that readily forms positive ions (cations) and has metallic bonds. These elements have electrons that are loosely held to the atoms, and will readily transfer them. This is why metals are great electrical and thermal conductors -- because the electrons move energy. Most metals' electrons reflect colours equally, so the sun's light is reflected as white. Gold and copper, however, happen to absorb blue and violet light, leaving yellow light. It's worth noting here that copper is also the only metal that is naturally antibacterial.



#TRAIN TRAVEL

# Serenity On Rails

Discover India's scenic train routes where seas and rivers paint a mesmerising backdrop. Whether you are a nature lover or simply seeking a unique travel experience, these scenic train routes with stunning views are sure to leave you spellbound.



Picture yourself travelling by train, with your favourite book in hand, and immersing yourself in the breathtakingly beautiful views of the sun's rays reflecting on the shimmering waters. Doesn't it sound magical? India is blessed with stunning train routes that offer mesmerizing views of seas and rivers. Unlike other ways of travelling, trains have the special quality of making the journey itself more beautiful than the destination. In India, there are numerous breathtaking train routes that pass through lush greenery, dry deserts, snow-covered mountains, and much more. However, the routes that take you alongside mesmerising blue waters are more delightful.

### Bhubaneswar to Brahmapur

**The** train journey from Bhubaneswar to Brahmapur is a truly delightful experience, situated between the Eastern Ghats and Odisha's renowned Chilka Lake. This scenic route offers a peaceful and beautiful view of the Chilka Lake on one side and the dense Malyadri forest on the other. Bird enthusiasts will be captivated by the sight of numerous migratory birds flying over the second-largest lagoon in the country, known for its migratory bird population.

### Mumbai to Goa

**The** train journey from Mumbai to Goa on the Konkan Railway is incredibly scenic. This route is surrounded by the Sahyadri Hills and the Arabian Sea, offering breathtaking views.


You'll cross numerous rivers, tunnels, and bridges, including the famous Panvalnadi Bridge, which is the tallest viaduct in India.

Along the way, you'll see stunning sights of coconut and mango trees, picturesque villages, and colourful wildflowers. When you cross the Panvalnadibridge, you'll be amazed by the stunning rivers flowing down to the sea.

These four train routes in India not only provide convenient transportation but also offer a visual treat to the passengers. From the stunning vistas of the Arabian Sea to the tranquil rivers flowing through lush landscapes, these journeys showcase the incredible natural beauty of India.

Whether you are a nature lover or simply seeking a unique travel experience, these train routes are sure to leave you spellbound.

So, hop on board and embark on an unforgettable journey that combines the joy of train travel with the mesmerizing beauty of the sea and rivers.



### Mandapam to Rameshwaram



**One** of the most amazing train trips you can take in the world is the journey from Mandapam to Rameshwaram in India. This train ride goes over the second longest bridge in the country, called the Pamban Bridge, which is a whopping 2.2 kilometres long. It's the only way to reach Pamban Island from the mainland. As you travel on the train, you'll see the beautiful blue waters below, and it's quite exciting to cross this bridge, which is known to be risky, just to experience the stunning views.

### Vasco Da Gama to Londa




**Another** train trip starting from Goa is the route from Vasco Da Gama to Londa in Karnataka. This train ride offers breathtaking views as it passes through the winding paths of the mountains in the Western Ghats. You can catch a glimpse of the magnificent Dudhsagar waterfalls from a distance. If you love the beach, you will be thrilled to see the train approaching the beautiful beaches of Goa. Hop on the Goan Express and get ready for an unforgettable journey.


Peter Mundy, who was present in Agra for this event, gave the following description: 'On the Strand by the River side, under the castle wall and the Kinges windowe, there was a place Rayled in, about half a mile in Compasse att least. In it were placed the fireworkes, vizt., first a ranck [row] of great Eliphants, whose bellies were full of squibbs, Crackers, etts. Then a ranck of Gyants with wheeles in their hands, then a ranck of Monsters.'



# The Grandest of Grand Wedding of Dara Shikoh









Bulbul Sharma

The wedding of Dara Shikoh, Shah Jahan's eldest son, in 1633 was a grand affair organised by his sister Jahanara Begum in accordance with the wishes of her dead mother Mumtaz Mahal, to Nadira Banu Begum (1633–1659)

'Shah Jahan openly favoured his eldest son. Dara Shikoh's first wedding, for example, outshone all others in Mughal history. At the cost of 32 lakhs rupees, more than the Mughals had ever spent on a wedding, the royal family put on such a spectacle in 1633, that its dimensions are still impressive today. According to European observer Peter Mundy, the awe-inspiring firework display stretched half a mile across Agra sky. Illustrations of wedding festivities survive in a copy of the Padshahnama, an official chronicle of Shah Jahan's rule, now tucked away in Windsor Castle in England. The vibrant scene teem with crowds of imperial musicians, gift bearers, well wishers, and officials who make up a sea of colourful, bejewelled humanity, all present in honour of Shah Jahan's preferred son.

Aurangzeb, fourteen at that time, reportedly attended these events, although he does not merit even an appearance among the hundreds of figures who fill the Padshahnama illustrations of the wedding procession.

Quoting the Englishman in her book Daughter of the Sun, author Ira Mukhoty writes, "Peter Mundy, an English traveller, describes the fireworks, hidden inside huge puppets shaped like 'great elephants, whose bellies were full of squibs, crackers, etc., giants with wheels in their hands then a rank of monsters, then of turrets, then of artificial trees (and other) inventions, all full of rockets." A painting in the National Museum, New Delhi, depicting Dara Shikoh's marriage procession, features fireworks in the background and corresponds records that this was the same veil that Shah-Jahan had warn for his own sihra bandi ceremony: 'In accordance with the custom of Hindustan, for good luck His Majesty fastened around the Prince's head the sihra, which consists of strands of lustrous pearls with brilliant rubies and emeralds, and which His Majesty Jannat-Makani [Jahangir] had fastened with his own blessed hand around His Majesty's [Shah-Jahan's] head on the eve of his marriage.'

The event takes place on an upper terrace overlooking the

> The sihra bandi was a Hindu wedding tradition adopted by the Mughals whereby, on the eve of his marriage, a veil (sihra) was fastened around the groom's forehead to protect him from the evil eye. This painting depicts Shah-Jahan, seated beneath a night canopy decorated with silver stars, fastening the sihra, made of strands of pearls set with rubies and emeralds, around the head of Prince Dara-Shukoh.

with the description.

There are two painting depicting the Sehrabandi of the prince. The first of two facing paintings depicting the sihra bandi ceremony for Prince Dara Shukoh's wedding at the Agra Fort on 12 Feb 1633 shows the grand event.

The sihra bandi was a Hindu wedding tradition adopted by the Mughals whereby, on the eve of his marriage, a veil (sihra) was fastened around the groom's forehead to protect him from the evil eye. This painting depicts Shah-Jahan, seated beneath a night canopy decorated with silver stars, fastening the sihra, made of strands of pearls set with rubies and emeralds, around the head of Prince Dara-Shukoh, who wears gold robe of honour.

The Padshahnamah texts river, with the balcony in front of the Emperor and his sons draped in fine textiles. Beside them, witnessing the event, are important noblemen, including Jafar Khan, Dara-Shukoh's uncle by marriage. Two men on the far-right hold gifts of a sword, a dagger, and a turban ornament to be presented as gifts to the Prince. Below the terrace are female dancers, dancing barefoot in a circle, each depicted in a different pose of the dance. These women are probably kanchani, members of a professional class of dancers and musicians.

According to one contemporary European observer, 'They were not indeed the prostitutes seen in bazaars, but those of a more private and respectable class, who attend the grand weddings, for the purpose of singing

#HISTORY



and dancing. Most of the Kenchens are handsome and well-dressed and sing to perfection…' (Francois Bernier, p.274). A group of macebearers stand guard watching them.

In the background the artist has painted the magnificent firework display that took place that night, the fireworks taking human, animal and fantastic forms, details of which are just discernible on very close inspection of the upper right of the image. The English traveller, Peter Mundy, who was present in Agra for this event, gave the following description: 'On the Strand by the River side, under the castle wall and the Kinges windowe, there was a place Rayled in, about half a mile in Compasse att least. In it were placed the fireworkes, vizt., first a ranck [row] of great Eliphants, whose bellies were full of squibbs, Crackers, etts. Then a ranck of Gyants with wheeles in their hands, then a ranck of Monsters.'

The artist Bulaqi signed the painting on the wall just below Shah-Jahan, although some of the paint has subsequently flaked off. The very precise details of the golden fireworks and the metallic threads of the textiles suggest that he specialised in illumination.

It is uncertain when exactly fireworks began to be used in India. While some historians suggest they came with the Mongols in the 13th century, Mukhoty says they surely existed in the subsequent Mughal era. The Mughals, she adds, associated themselves with light, fire, and the sun – a symbolism that matched the firecrackers. "Akbar used to say that we must celebrate everything to do with fire and fireworks. It was very much a part of their tradition. When Akbar defeated Hemu Vikramaditya [Second Battle of Panipat, 1556] in Delhi, he apparently made a Ravana-style effigy of Hemu, using fireworks. This was the 16th century. So they certainly existed from the 16th century onwards."

In his book, Medieval India: From the Sultanate to the Mughals, historian Satish Chandra mentions that in the 17th century, at the wedding of the daughter of a courtier of Ibrahim Adil Shah, Sultan of Bijapur, around Rs 80,000 was spent on fireworks alone!

Another historian, PK Gode claimed in an account titled History of Fireworks in India between 1400 and 1900 (1953) that firecrackers existed in India two centuries before that. He refers to various texts that mention the use of firecrackers. One of the earliest mentions Gode found was by Kamal-ud-din Abdur Razzaq, the ambassador from the court of the Persian Sultan Shah Rukh, who stayed in Vijaynagar in 1443, and mentioned the use of pyrotechny in the Mahanavami festival. In another instance, Gode, cites a description by Portuguese traveller Duarte Barbosa in Travels (1518), of a Brahmin wedding in Gujarat, where rockets were used.

> Another historian, PK Gode claimed in an account titled History of Fireworks in India between 1400 and 1900 (1953) that firecrackers existed in India two centuries before that. He refers to various texts that mention the use of firecrackers. One of the earliest mentions Gode found was by Kamal-ud-din Abdur Razzaq, the ambassador from the court of the Persian Sultan Shah Rukh.

Gode says some texts, such as Kautukacintamani by Odiya scholar Gajapati Prataparudradeva (1497-1535), described formulas for preparing different fireworks using sulphur, saltpetre, charcoal, powder of steel, powder of iron, a hollow piece of bamboo, cow's urine, and vermillion, among other ingredients. Gode concludes that "it is possible to suggest that the Chinese formulae for the manufacture of fireworks were brought to India sometime in AD 1400 and then modified by the use of Indian substitutes for Chinese ingredients."

rajeshsharma1049@gmail.com

#GIFT IDEAS

# DELIGHTS FOR RAKHI

This Rakhi, Jaipur based brands and businesses are crafting heartfelt hampers that blend tradition with sustainability, nostalgia, and wellness. Explore these unique offerings to celebrate sibling love while supporting the city's entrepreneurs. It is a celebration that goes beyond the thread, fostering bonds and local businesses alike.



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*



Rakhi is just around the corner, and if you have not thought of a gift yet for your sibling, worry not. Jaipur, with its thriving local businesses, offers an array of well-curated Rakhi hampers to help you celebrate this cherished bond in style. So, why not celebrate the spirit of Rakhi by going local and supporting the entrepreneurs of our Pink City? Here are some unique gift ideas that will make this Rakhi truly special:

### Playful Treasures from Omay Foods



**When** it comes to expressing profound love and care for your sibling, Omay Foods offers the ultimate solution. Their specially curated Rakhi gift boxes are designed to nurture the cherished sibling bond, blending well-being and joy into one delightful package. Each gift hamper features a delectable selection of wholesome snacks, tempting chocolates, traditional roli, chawal, and an exquisite set of handcrafted Rakhis that exude premium sophistication. Some boxes also include thoughtful surprises like a matching scarf and pocket square set, adding a touch of elegance to the festivities. This season, Omay Foods has gone the extra mile by introducing delightful gift boxes for children, brimming with playful treasures such as a pop-it toy and magic popping candies.

### Sustainable Rakhi with Lagavi



**A** ceramics home decor and home table ware brand from Jaipur, Lagavi, presents a sustainable Rakhi hamper. This box contains exquisite ceramic homeware from Lagavi, fine blends of coffee from Araku Coffee from Bangalore, and sustainable Rakhis from Seed Rakhi. Founder of Lagavi, Akshita Maheshwari, passionately explains, "Amidst the millions celebrating Raksha Bandhan with plastic and synthetic Rakhis that eventually find their way to waste, Lagavi, a staunch advocate of sustainability, has joined hands with Seed Rakhi to champion a cause that transcends tradition. It is an initiative that will not only nurture the bond between siblings but also nurture our connection with Mother Nature."

### Healthy Treats from Kashmir Rare



**Kashmir** Rare's beautifully packaged Rakhi boxes feature a unique mix of healthy treats and lots of love. This Rakhi hamper is all about celebrating the beauty of the bond you share with your sibling. It's a perfect opportunity for you to express your gratitude to your loved one. The Gift Box includes an Almond Potli, Saffron, Honey, Ferrero Rocher, a reusable gift box, Rakhi with Roli Chawal, and a Happy Rakhi Greeting Card with your personal message.


This Rakhi, make your celebration not only special but also meaningful by choosing from these thoughtfully curated local hampers. By supporting the artisans and entrepreneurs of Jaipur, you are not just exchanging gifts; you are exchanging love, culture, and a piece of your city's vibrant spirit.



### A Nostalgic Rakhi with O'baque

**O'baque,** the brainchild of Chef Sanyogita Peelwa and Swati Rathore, introduces three different kinds of hampers. The "Nostalgia Cookie Tin" will take you back to your childhood with house-made versions of beloved treats like bourbon biscuits, Jim Jam, Hide and Seek, Milk Bikis, and even customizes it with a photo of you and your sibling. Additionally, there are gourmet boxes that include delicacies like Jerusalem bagels, Korean cream cheese buns, and the "Chai Pe Charcha Box" with chocolate and sea salt cookies, vanilla and chocochip cookies, shortbread, and more baked delights.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# नड्डा के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा का श्री गणेश त्रिनेत्र गणेश मंदिर रणथंभौर से : पंचारिया

## गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी करेंगे दूसरी, तीसरी और चौथी परिवर्तन यात्रा को रवाना : भजनलाल शर्मा

**जयपुर।** भाजपा की ओर से निकाली जाने वाली परिवर्तन यात्रा को लेकर चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया, सह-संयोजक ओंकार सिंह लखावत, भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा और प्रदेश मंत्री बिजेन्द्र पूनिया ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन, भ्रष्टाचार, बदहाल कानून व्यवस्था, युवा और किसान विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ भाजपा प्रदेश में 2 सितंबर 2023 से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करेगी। यह यात्रा चार अलग-अलग स्थानों और दिशाओं से प्रदेश की 200 विधानसभा क्षेत्रों में निकाली जाएगी। इस दौरान प्रदेश भाजपा नेतृत्व के सामूहिक नेतृत्व में साढे आठ हजार किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय कर परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली जाएगी।

चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया ने कहा कि परिवर्तन यात्रा के दौरान किसान चौपाल, युवा मोटरसाईकिल रैली, महिलाओं की बैठक और दलित चौपालें भी आयोजित होंगी। कार्यक्रम के अनुसार पहली परिवर्तन यात्रा 2 सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में त्रिनेत्र गणेश मंदिर रणथंभौर सवाईमाधोपुर से प्रारंभ होगी। जिसमें भाजपा का प्रदेश नेतृत्व मौजूद रहेगा। प्रथम परिवर्तन यात्रा 18 दिनों में 1847 किलोमीटर चलकर भरतपुर संभाग, जयपुर संभाग एंव टोंक जिले की 47 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस दौरान हर विधानसभा क्षेत्र में अनेक स्थानों पर स्वागत, स्वागत सभा और जनसभा का आयोजन होगा। यात्रा का संयोजक भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी को बनाया गया है। सह-संयोजक के रूप में उनके साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र गोठवाल होंगे।

दूसरी परिवर्तन यात्रा 3 सितंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में बेणेश्वर धाम डूंगरपुर से प्रारंभ होगी। जिसमें प्रदेश का वरिष्ठ नेतृत्व उपस्थित रहेगा। दूसरी यात्रा के दौरान 19 दिनों में 2433 किलोमीटर चलकर उदयपुर संभाग, कोटा संभाग और भीलवाडा जिले की कुल 52 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस यात्रा का संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया को बनाया गया है। इनके साथ उदयुपर के सह-संभाग प्रभारी प्रमोद सांभर सह-सर्योजक के दायित्व का निर्वहन करेंगे।

तीसरी परिवर्तन यात्रा 4 सितंबर को केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रामदेवरा जैसलमेर से प्रारंभ होगी। जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित प्रदेश का वरिष्ठ नेतृत्व मौजूद रहेगा। यह यात्रा 18 दिनों में 2574 किलोमीटर चलकर जोधपुर संभाग, अजमेर व नागौर जिले की कुल 51 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस यात्रा के संयोजक राज्यसभा सांसद एंव भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र गहलोत को बनाया गया है। जोधपुर सह-संभाग प्रभारी सांवलाराम देवासी सह-संयोजक होंगे। चौथी परिवर्तन यात्रा 5 सितंबर को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में गोगामेडी हनुमानगढ से प्रारंभ होगी। जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित प्रदेश का वरिष्ठ नेतृत्व मौजूद रहेगा। यह यात्रा 18 दिनों में 2128 किलोमीटर चलकर बीकानेर संभाग, झुंझुनू सीकर और अलवर जिले की कुल 50 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। इस यात्रा का संयोजक पूर्व केन्द्रीय मंत्री सीआर चौधरी को बनाया गया है। उनके साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण बगडी को सह-संयोजक बनाया गया है। इन सभी यात्राओं के लिए एक टोली का गठन किया गया है। जिसमें मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी एंव प्रचार-प्रसार सभा के प्रमुख बनाए गए हैं। प्रदेश की गहलोत सरकार के राज में भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण एवं कुशासन के कारण प्रदेश की जनता त्रस्त है। इसलिए कांग्रेस की इस जनविरोधी सरकार को उखाड फेंकने के लिए जनता ने संकल्प ले लिया है।

# अघोषित बिजली कटौती को लेकर भाजपा का हल्लाबोल

## कांग्रेस सरकार के खिलाफ बिजली कार्यालय पर किया प्रदर्शन



अघोषित बिजली कटौती और बार-बार हो रही ट्रिपिंग को लेकर भाजपाईयों ने खेतड़ी रोड स्थित पावर हाउस में प्रदर्शन किया।

**चिड़ावा, (निसं)।** प्रदेश में पिछले काफी दिनों से हो रही अघोषित बिजली कटौती और बार-बार हो रही ट्रिपिंग को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ शुक्रवार को भाजपा की ओर से ज़िला महामंत्री राजेश दहिया के नेतृव में खेतड़ी रोड स्थित पावर हाउस में प्रदर्शन किया गया और ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया के नेतृत्व में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। दहिया ने इस दौरान कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को गर्त में डालने का कार्य किया है। अघोषित बिजली की कटौती से किसान, आम उपभोक्ता, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, सभी परेशान है। राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। राज्य में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है तभी से पूरे राज्य में बिजली की घोर संकट खड़ा हो गया है चाहे किसान हो या आम उपभोक्ता इस बिजली के संकट से जूझ रहा है। रोज की जा रही है अघोषित विद्युत कटौती ने आम आदमी का जीवन प्रभावित हो रहा है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने कहा कि किसानों के सामने सिंचाई का संकट तो विद्यार्थियों के सामने पढ़ने लिखने की दुविधा हो रही है। पिछले 15 दोनों में हुई है अघोषित कटौती ने तो आम आदमी का जीना ही दुश्वार कर दिया है। पहले दिनभर बिजली गायब रहती थी, परंतु अब तो पूरी रात भर बिजली नहीं आने से लोगों की नींद हराम हो रही है, इसको लेकर ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर पार्षद व महामंत्री मदन डारा, पार्षद योगेन्द्र कटेवा, नगर उपाध्यक्ष पवन शर्मा, मंत्री राजेश वर्मा, मंत्री सुशील डाबला, पूर्व पार्षद महेश धन्ना, युवा मोर्चा अध्यक्ष अशोक शर्मा, एस सी मोर्चा अध्यक्ष अशोक महरानिया, सुभाष, मोहित, पवन सैनी, ज़िला प्रवक्ता राकेश पाटन, महिला मोर्चा अध्यक्ष उमा शर्मा, सुनीता जांगिड़, अंजना, किसान मोर्चा ज़िला मंत्री संदीप पारिक, ओबीसी मोर्चा ज़िला उपाध्यक्ष संतोष सैनी, नगर महामंत्री एडवोकेट विजय महरानिया, विक्रम सैनी, सोनू सैनी, अजय जांगिड़, अमित किठानिया सहित काफी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फरार हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया



पुलिस टीम ने हिस्ट्रीशीटर सत्येन्द्र उर्फ लीलु को गिरफ्तार किया।

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना पुलिस अधीक्षक अनिल बेनीवाल द्वारा चलाये जा रहे वांछित अपराधियों तथा स्थायी वारंटियों व हार्डकोर अपराधी की धरपकड़ के विशेष अभियान के सफल क्रियान्वयन के निर्देशानुसार शालिनी राज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना, सतीश वर्मा पुलिस उप अधीक्षक वृत नीमकाथाना के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी इन्द्राज सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

हार्डकोर अपराधी एंव स्थायी वारंटी सत्येन्द्र सिह उर्फ लीलु पुत्र नवरंग सिंह निवासी डूंगां की नांगल थाना पाटन हार्डकोर सक्रिय अपराधी है तथा हिस्ट्रीशीटर भी है। जिसके विरूद्ध मारपीट, लूट, आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज है। जिसका न्यायालय जेएम कोर्ट नीमकाथाना व एडीजे कोर्ट नीमकाथाना से छह स्थायी वारन्ट जारी किये हुये है। हिस्ट्रीशीटर बदमाश किस्म का है जो अपनी गिरफ्तारी के भय से फरार चल रहा था। टीम के भरसक प्रयास द्वारा हिस्ट्रीशीटर का पता किया तो गांव के लोगों ने गांव में ही होना बताया तथा तीन चार दिन से गांव में शराब पीकर उत्पात मचाना बताया।पुलिस टीम द्वारा प्रयास करके हिस्ट्रीशीटर सत्येन्द्र उर्फ लीलु को गिरफ्तार किया है।

# केबिन में आग लगने से जिंदा जला ड्राइवर

■ शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सिर्फ कंकाल बचा, ड्राइविंग लाइसेंस से हुई पहचान, जांच जारी

**बीकानेर, (निसं)।** श्रीडूंगरगढ़ में शुक्रवार सुबह ट्रक-कंटेनर के केबिन में आग लगने से ड्राइवर जिंदा जल गया। माना जा रहा है कि केबिन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी। ड्राइवर को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला और वो पूरी तरह जल गया। उसका कंकाल केबिन में लेटी हुई अवस्था में मिला है। श्रीडूंगरगढ़ के नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह ये घटना हुई। जिसमें साइड में खड़े कंटेनर के केबिन में आग लगी हुई थी। हाईवे पर कीतासर से करीब 2 किलोमीटर श्रीडूंगरगढ़ की तरफ यह घटना हुई है। कंटेनर में बीकानेर की एक नमकीन कंपनी के प्रोडक्ट्स थे। गुरुवार को बीकानेर से लखीमपुर के लिए रवाना हुआ था। गाड़ी सड़क किनारे लगी हुई थी।

आग कैसे लगी और गाड़ी किनारे कैसे खड़ी थी, इसकी जांच की जा रही है। ड्राइवर को बचने का मौका ही नहीं मिला एवं वह अंदर ही आग की चपेट में आ गया। सुबह करीब 7 बजे हाईवे से गुजरते राहगीर ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड़ ने आग बुझाई तो अंदर जला हुआ शव मिला। तब तक पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस को मृतक का ड्राइविंग लाईसेंस भी मौके से मिला है। जिसके अनुसार ड्राइवर की पहचान पूरा की ढाणी, झूंझूनू निवासी सुशील पुत्र चेतन के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई है। इस गाड़ी में कंटेनर पीछे है जबकि केबिन आगे है। दोनों के बीच फासला होने के कारण आग सिर्फ केबिन तक सीमित रही। आग कंटेनर तक नहीं पहुंची। ऐसे में कंपनी का पूरा माल सुरक्षित बताया जा रहा है।

# दुष्कर्म के मामले में 10 वर्ष सश्रम कैद

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने और दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने एक व्यक्ति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। न्यायालय ने दोषी सुनील कुमार पुत्र भागीरथ पर 20 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। ये निर्णय विशेष पोक्सो न्यायालय संख्या-1 के न्यायाधीश सुरेंद्र खरे ने सुनाया।

विशेष लोक अभियोजक गुरचरण सिंह रुपाणा के अनुसार लालगढ़ थाने में मार्च 2020 में एक महिला ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि एक सप्ताह पूर्व उसकी नाबालिग भतीजी बिना बताए घर से कहीं चली गई। उन्होंने अपने जानकारों और रिश्तेदारियों के यहां लड़की की तलाश की लेकिन नहीं मिली। मुकदमे में आरोप लगाया था कि उन्हें संदेह है कि सुनील कुमार पुत्र भागीरथ किशोरी को बहला फुसला कर ले गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। न्यायालय में पेश किए चालान में पुलिस ने बताया कि आरोपी सुनील कुमार किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर चूरू जिले में ले गया। जहां उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने सुनील कुमार के खिलाफ आईपीसी की धारा 363, 366 ए, 376 और पोक्सो एक्ट की धारा 3/4 पोक्सो के तहत न्यायालय में चालान पेश किया था।

विशेष लोक अभियोजन के अनुसार न्यायालय ने दोषी सुनील कुमार को आईपीसी की धारा 376(1) व पोक्सो एक्ट की धारा 3/4 में दोष सिद्ध करते हुए 10 वर्ष कारावास और 20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो जनों की मौत

■ हवा में 20 फीट उछलकर गिरे, सिर फटने से तोड़ा दम, एक गंभीर घायल

■ गुड़ा एंदला थाना क्षेत्र में मंदिर दर्शन कर घर जा रहे थे बाइक सवार तीन जने

**पाली, (नि.सं.)।** पाली जिले के गुड़ा एंदला थाना क्षेत्र में मंदिर दर्शन कर घर जा रहे बाइक सवार तीन जनों को सामने से तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और एक गंभीर घायल हो गया। उसे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। वहीं मृतकों की बॉडी बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई। हादसे में बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर छोड़ चालक मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश में जुटी है।

पाली जिले के गुड़ा एंदला सुमेरदान चारण ने बताया कि हादसा शुक्रवार दोपहर को गुड़ा एंदला थाना क्षेत्र के देवान गांव के निकट हुआ। देवान गांव के निकट मंदिर के दर्शन कर एक बाइक पर अमराराम देवासी, मांगीलाल देवासी और सरदारराम देवासी आ रहे थे। देवान गांव के निकट सामने से तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में तीनों हवा में करीब 20 फीट ऊपर उछल कर नीचे गिरे। सिर में गंभीर चोट लगने से देवान (गुड़ा एंदला) निवासी 60 साल के अमराराम पुत्र वजाराम देवासी और जालोर जिले के रूणमाल की ढाणी भाद्राजून (आहोर) निवासी 35 साल के मांगीलाल पुत्र काणाराम देवासी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। देवान (गुड़ा एंदला) निवासी 40 साल का सरदारराम पुत्र पन्नाराम देवासी गंभीर घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। दोनों मृतकों की बॉडी बांगड़ हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई है।

देवान गांव निवासी रूपाराम देवासी उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने हादसे में घायल सरदारराम को तड़पते देखा तो तुरंत अपनी गाड़ी में डालकर लिए इलाज के लिए बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। घटना की जानकारी पुलिस को भी दी।

# अधिक शुल्क वसूलने पर ई-मित्र पर जुर्माना लगाया

**चूरू, (कासं)।** चूरू शहर के महावीर प्लाजा के पीछे स्थित चौधरी ई-मित्र हरलाल ढाका पर दूसरी बार राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक सेवा शुल्क वसूलने पर 10,000 रुपए जुर्माना लगाया गया है तथा 30 दिनों के लिए निलम्बित किया गया है। यहां सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ब्लॉक कार्यालय चूरू को प्राप्त लिखित शिकायत की जांच के दौरान हरलाल ढाका के चौधरी ई-मित्र का औचक निरीक्षण प्रोग्रामर राजेन्द्र प्रजापत व सूचना सहायक महोब्बत सिंह द्वारा किया गया जिसमें हरलाल ढाका द्वारा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने की पुष्टि हुई। इससे पूर्व में भी चौधरी ई-मित्र पर निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलने पर जुर्माना लगाया जा चुका है।

प्रोग्रामर राजेंद्र प्रजापत ने बताया कि ई-मित्र पर प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं हेतु राज्य सरकार द्वारा शुल्क निर्धारित है। यदि किसी भी ई-मित्र संचालक द्वारा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल की जाती है तो प्रार्थी इसकी शिकायत सम्पर्क पोर्टल पर या 181 पर कॉल कर दर्ज करवा सकता है।

# चुनावी कार्यों का बीएलओ ने बहिष्कार किया

**रानीवाड़ा, (निसं)।** आगामी विधानसभा चुनावों में चुनाव संबंधित कार्यों में लगे शिक्षकों ने गैर शैक्षिणक कार्यों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को बीएलओ संघर्ष समिति की ओर से उपखंड कार्यालय की समक्ष शिक्षकों ने प्रदर्शन कर बीएलओ जैसे गैर शैक्षिणक कार्य से आजाद करने की गुहार लगाई है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और एसडीएम भागीरथराम को नोटिस का जवाब देते बताया कि गैर शैक्षिणक कार्यों का बहिष्कार किया जा रहा है। बीएलओ संघर्ष समिति रानीवाड़ा अध्यक्ष भजनलाल गोदारा ने बताया कि आरटीई की धारा 27 के तहत बीएलओ को ऐसे कार्यों से पूर्ण किया मुक्त करने की मांग की है।

बीएलओ संघर्ष समिति के प्रदेश महामंत्री डॉ. भाखराराम सारण ने बताया कि आरटीई एक्ट की धारा 27 के तहत शिक्षकों को अपने मूल दायित्वों को भली भांति पूरा करने की हिदायतें दी गई है। परन्तु धारा में गैर शैक्षिणक कार्यों से शिक्षकों को पूर्ण रूप से मुक्त रखने का प्रावधान है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि बीएलओ ड्यूटी एक बेगार कार्य है, जिससे शिक्षकों को मुक्त रखा जाए। एसडीएम कार्यालय में शुक्रवार के विरोध प्रदर्शन में शिक्षक संघ राष्ट्रीय और शेखावत संघ ने भी साथ दिया।

गैर शैक्षिणक कार्यों को पूरे प्रदेश में बीएलओ संघर्ष समिति के बीएलओ कार्य में मुक्ति के लिए आंदोलनरत है। इस दौरान ब्लॉक संयोजक भेराराम पूनिया, ब्लॉक मंत्री कृष्ण कुमार चौहान, नटवरलाल परमार, सवदाराम, नरेंद्र कुमार जोशी सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। समस्त बीएलओ ने कार्य से मुक्ति मिलने तक आंदोलन जारी रखने व कार्य का बहिष्कार रखने का निर्णय लिया है।

# जे.ई.ई. एडवांस्ड में 11 वर्षों के मुकाबले सर्वाधिक स्टूडेंट्स ने दी परीक्षा

**कोटा, (निसं)।** देश में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के प्रति क्रेज बढ़ रहा है। युवा साइसं-मैथ्स सब्जेक्ट में कॅरियर की संभावना देख रहे हैं। मैथ्स लेने वाले सर्वाधिक स्टूडेंट्स इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन ले रहे हैं। देश में इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स की संख्या का अवलोकन करें तो यह लगातार बढ़ रही है। इस वर्ष आईआईटी, एनआईटी व ट्रिपलआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली जे.ई.ई.-एडवांस्ड परीक्षा में 11 वर्षों में सर्वाधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए। वहीं जेईई-मेन में चार वर्षों में सर्वाधिक स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा के अनुसार आना वाला समय तकनीकी का है। देश में हर क्षेत्र में तकनीक का उपयोग शुरू हो चुका है। इसे देखते हुए तकनीकी शिक्षा की मांग भी बढ़ रही है। यही कारण है कि युवा इंजीनियरिंग एजुकेशन की तरफ आगे आ रहे हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में आने वाले समय में रोजगार मिलने की ज्यादा संभावनाएं हैं। वहीं रोजगार के अनुसार ही देश के बड़े इंजीनियरिंग संस्थान अपने पाठ्यक्रमों में बदलाव ला रहे हैं। आने वाले समय की चुनौतियों को समझते हुए पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। इसके लिए इंजीनियरिंग संस्थान इण्डस्ट्रीज से जुड़ते जा रहे हैं।

# पेंशन भुगतान में हुए विलम्ब पर ब्याज देने का आदेश

■ सहायक वन संरक्षक जोधपुर के पद से सेवानिवृत भीकाराम पूनिया की अपील स्वीकार की

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर, चलपीठ जोधपुर ने सहायक वन संरक्षक जोधपुर के पद से सेवानिवृत भीकाराम पूनिया की अपील को स्वीकार करते हुए वन विभाग को 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ब्याज प्रदान करने का आदेश पारित किया।

भीकाराम पूनिया की सहायक वन सरंक्षक के पद से सेवानिवृति 30 जून 2019 को हुई थी। सेवानिवृति के पश्चात उसके विरूद्ध किसी भी प्रकार की कोई जांच लम्बित नहीं होने का प्रमाण पत्र भी विभाग द्वारा जारी कर दिया गया। 24 अगस्त, 2019 को प्रार्थी के पक्ष मे पेंशन आदेश भविष्य निधि व अन्य सभी पेशन भुगतान संबधी आदेश जारी कर दिये गये। किन्तु विभाग द्वारा जारी इन आदेशों में प्रार्थी के नाम की स्पेलिंग गलत होने से कोषालय विभाग द्वारा उसको भुगतान नहीं किया गया।

प्रार्थी का पेंशन व उससे सम्बधित सभी भुगतान कोषालय विभाग द्वारा रोक देने पर उसके द्वारा विभाग को कई बार अभ्यावेदन प्रस्तुत किये गये मगर विभाग द्वारा उसकी नाम की स्पेलिंग में कोई सुधार नही किया गया। प्रार्थी द्वारा नाम की स्पेलिंग के सुधार के लिए मैट्रिक उत्तीर्ण की अंकतालिका व अन्य कई दस्तावेज विभाग के समक्ष प्रस्तुत किये गये। मगर वन विभाग द्वारा हठधर्मिता के चलते कोई कार्यवाही नही की गयी। अंत में प्रार्थी ने पेंशन व पेंशन सम्बधी लाभ जारी करवाने के लिए उच्च न्यायायल के समक्ष रिट याचिका प्रस्तुत की। राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा 3 जनवरी 2020 को उसकी नाम की स्पेलिंग में त्रृटि दुरूस्त कर उसे दो सप्ताह मे पेंशन जारी करने का आदेश वन विभाग को जारी किया। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद में प्रार्थी द्वारा कई बार फिर अभ्यावेदन प्रस्तुत करने पर भी प्रार्थी को पेंशन जारी नही की गयी। विभाग द्वारा अंत में 3 मार्च-2020 को प्रार्थी की पेंशन जारी करने के आदेश, भविष्य निधी जारी करने के आदेश व अन्य आदेशो मे संशोधन कर संशोधित पेंशन व अन्य पेंशन सम्बधी लाभ के आदेश जारी किये।

वन विभाग के इस हठधर्मिता से व्यथित होकर प्रार्थी ने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से एक अपील राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण में पेंशन आदेश जारी करने में देरी करने के कारण उस पर ब्याज की मांग करने के लिए प्रस्तुत की। प्रार्थी के अधिवक्ता का अधिकरण के समक्ष कई तर्क दिये। वन विभाग द्वारा वर्तमान अपील मे जवाब प्रस्तुत किया गया। वन विभाग द्वारा प्रस्तुत जवाब में यह कहीं भी अंकित नहीं था कि पेंशन में देरी के लिए प्रार्थी ही दोषी है। विभाग द्वारा दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की बात आवश्य कही गयी। अपीलार्थी के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए अधिकरण ने प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील को स्वीकार करते हुए वन विभाग को यह आदेश प्रदान किया गया कि पेंशन के भुगतान में हुई देरी के लिए अपीलार्थी दोषी नही है। अत वो ब्याज का हकदार है। उसे पेंशन नियम 1996 के नियम 89 के तहत 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से पेंशन परिलाभ देने में विलम्ब अवधि का ब्याज दिया जाये व आदेश की पालना 3 माह में की जाए।

# वकीलों ने अजमेर में हाईकोर्ट की वर्चुअल बेंच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया

## वकीलों से हुई कहासुनी के बाद वकीलों ने टायर जलाकर व रास्ता जामकर प्रदर्शन किया

■ अजमेर बार एसोसिएशन ने कलेक्टर को दिया कानून मंत्री के नाम ज्ञापन



अजमेर संभाग में हाईकोर्ट की वर्चुअल बेंच स्थापित करने की मांग को लेकर वकीलों ने प्रदर्शन किया।

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर संभाग में हाई कोर्ट की वर्चुअल बेंच स्थापित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को अजमेर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में बार से जुड़े वकीलों ने जिला कलेक्टर को केंद्रीय कानून मंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा। वहीं वकीलों और कलेक्टर के बीच हुई कुछ कहासुनी के बाद नाराज वकीलों ने रोडवेज बस स्टैंड के बाहर मुख्य मार्ग पर टायर जलाकर रास्ता जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। एसडीएम प्रशासन की समझाइश के बाद जाम खोला गया।

अजमेर में हाई कोर्ट की वर्चुअल बेंच स्थापित करवाने की मांग को लेकर वकीलों ने प्रदर्शन किया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में सभी वकील रैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर रहे वकीलों से पुलिसकर्मी की धक्का मुक्की हो गई, जिसके बाद नाराज वकील एकत्रित होकर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित से मिलने उनके चैंबर में पहुंचे तो वहां कलेक्टर से भी कहासुनी हो गई, इसके बाद नाराज वकीलों ने आक्रोशित होते हुए रोडवेज बस स्टैंड के बाहर पहुंच कर टायर जलाकर रास्ता जाम कर प्रदर्शन किया। वकीलों के रास्ता जाम की सूचना मिलते ही मौके पर सिविल लाइन, कोतवाली थाना पुलिस के साथ ही दरगाह पुलिस उपाधीक्षक गौरी शंकर भी पहुंच गए और वकीलों से समझाइश की। जाम करने के दौरान कुछ वकीलों की आम जनता से भी बहस हो गई। सूचना मिलते ही एडीएम प्रशासन राजेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे वकीलों से समझाइश की।

समझाइश के बाद सभी वकील जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और जिला कलेक्टर को केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नाम ज्ञापन दिया गया। वकीलों ने ज्ञापन के माध्यम से अजमेर में हाई कोर्ट की वर्चुअल बेंच स्थापित करने की मांग की। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि संभाग स्तर पर हाई कोर्ट बेंच नहीं होने से आमजन भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# सवा करोड़ रुपए का अवैध डोडा-पोस्त पकड़ा, तस्कर गिरफ्तार


## 220 कट्टों में भरा 4118.155 किलो डोडा-पोस्त व ट्रेलर जप्त किया

- हवन सामग्री की आड़ में ले जाया जा रहा था अवैध डोडा-पोस्त
- तस्कर ने अवैध मादक पदार्थ झारखंड से जोधपुर में सप्लाई करना बताया

**अजमेर, (कासं)।** अवैध मादक पदार्थ तस्करी और तस्करों के खिलाफ शुक्रवार अजमेर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए हवन सामग्री की आड़ में ले जाया जा रहा अवैध डोडा-पोस्त मादक पदार्थ के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर के कब्जे से 220 कट्टों में भरा 4118.155 किलोग्राम डोडा पोस्त सहित ट्रेलर जब्त कर लिया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी तस्कर ने अवैध मादक पदार्थ झारखंड से जोधपुर में सप्लाई करना बताया है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच प्रशिक्षु आईपीएस अभिषेक अंदासु को सौंपी है।

जिला पुलिस अधीक्षक एसपी चूनाराम जाट ने बताया कि गुरुवार देर रात मांगलियावास थाना अधिकारी सुनील ताड़ा को ट्रेलर के जरिए झारखंड से जोधपुर मादक पदार्थ तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना पर आदर्श नगर थाना प्रभारी चेनाराम बेड़ा ने थाने के जाब्ते के साथ मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान बाहर से एक ट्रेलर निकल रहा था जिसे रोककर तलाशी ली तो उसमें 220 कट्टों में 4118.155 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ, जिसे चालक हवन सामग्री की बिल्टी की आड़ में ले जा रहा था। एसपी जाट ने बताया कि टीम ने कार्रवाई करते हुए जिला जोधपुर ग्रामीण निवासी आरोपी तस्कर पापाराम उर्फ पप्पूराम पुत्र चोखाराम विश्नोई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने मादक पदार्थ झारखंड से जोधपुर सप्लाई करना बताया है। आदर्श नगर थाना पुलिस ने पूछताछ के बाद 220 कट्टों में भरा 4118.155 किलोग्राम डोडा-पोस्त और ट्रेलर को जब्त कर थाने लाया गया।

पुलिस के अनुसार जप्त डोडा पोस्त की बाजार में कीमत लगभग सवा करोड़ बताई। आदर्श नगर थाना पुलिस ने आरोपी तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। इतनी बड़ी मात्रा पकड़ा गया मादक पदार्थ किसे सप्लाई करना था इसकी जांच में जुटी है।



अजमेर में पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर डोडा-पोस्त जब्त किया।

# सामाजिक कार्यकर्ता युनुस चौपदार धरने पर बैठा

## जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचार के मामलों में 14 महीनों से जांच के नाम पर लीपापोती का मामला

**उदयपुर, (कासं)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचार के मामलों में विगत 14 महीनों से जांच के नाम पर लीपापोती के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता युनुस चौपदार ने शुक्रवार सुबह 11.30 बजे से टीएडी आयुक्त कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया है। चोपदार ने बताया कि मेरे द्वारा शुक्रवार से जनजाति आयुक्त कार्यालय के बाहर भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर प्रस्तावित धरने की अनुमति यह कहकर निरस्त कर दी गई है कि इससे कानुन व्यवस्था को खतरा है, एवं ट्रेफिक व्यवस्था भी बिगड सकती है। जबकि यह समझ से परे है कि मात्र 5 व्यक्ति कैसे कानून व्यवस्था बिगाड़ सकते हैं।यह सरासर मंत्री अर्जुन बामणिया, संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट एवं स्वच्छ के भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए तानाशाही है।

चोपदार द्वारा उठाई गई प्रमुख मांगों में टीएडी द्वारा संचालित विभिन्न विधालयों, छात्रावासों व मां बाडी केंद्रों में घातक व घटिया मिलावटी खाध सामग्री आपूर्ति करने वाली फर्मों व जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही, टीएडी छात्रावासों के लिए खरीदे गये फर्नीचर के घोटाले में जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही व घटिया सामग्री आपूर्ति करने वाली फर्म से वास्तविक नुकसान की वसुली। प्रदेश के 30 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल विधालयों में एक ही परिवार की 3 फर्मों को लगभग 80 क्रयादेश नियमविरुद्ध जारी करने के मामले मे तत्कालीन उपनिदेशक बुद्धिसागर, दिलीप लोढा व अन्य दोषियों पर कार्यवाही, नियमविरुद्ध स्टेशनरी टेंडर मामले में दोषी फर्म व अधिकारियों पर कार्यवाही, स्वच्छ परियोजना रुपी भ्रष्टाचार के अड्डे को भंग कर टीएडी में समायोजन, समस्त टेंडर व उपापन कार्य टीएडी विभाग के स्तर से करने की मांग तथा स्वच्छ में नियमविरुद्ध पदोन्नतियों व प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए किये जा रहे भ्रष्टाचार के मामले में कार्यवाही की मांग शामिल है। चौपदार ने बताया कि यह धरना विभाग द्वारा सभी मामलों में कार्यवाही नहीं किये जाने तक लगातार जारी रहेगा।




सामाजिक कार्यकर्ता युनुस चौपदार ने टीएडी आयुक्त कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया।

# एक करोड़ रूपए की अवैध शराब पकड़ी, दो तस्कर गिरफ्तार

**रेवदर, (निसं)।** पुलिस थाना रेवदर मय टीम ने गुरुवार रात्रि को नाकाबन्दी के दौरान पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब से भरे हुए दो ट्रकों को जब्त कर उनमें से कुल 1194 कार्टन शराब के बरामद किये है।

जिला पुलिस अधीक्षक सिरोही ज्येष्ठा मैत्रेयी ने सम्पति संबंधी अपराधों तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान कपूरा राम थानाधिकारी पुलिस थाना रेवदर मय टीम ने नाकाबन्दी के दौरान पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब से भरे हुए दो ट्रकों को जब्त कर 1194 कार्टन शराब के बरामद किये है। जिनकी अनुमानित कीमत करीबन एक करोड़ रूपए है।

दोनों ट्रकों से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान दो ट्रक को जब्त कर आरोपी रमेश भाई पुत्र मुलु भाई रेबारी जुनागढ़ गुजरात, देवा भाई पुत्र रमेश भाई रेबारी जुनागढ गुजरात को गिरफ्तार किया गया। कपूरा राम थानाधिकारी थाना रेवदर, नारायण लाल हैड कानि, अनिल कुमार हैड कानि, राजेन्द्र सिंह कानि., चुनाराम, हरजीराम, भजनलाल, वीरचन्द, भजन लाल, नगा राम, भजन लाल, शांताराम, विपुल कुमार, गोविन्द राम चालक, हेमाराम, कुलदीपसिंह, सुरेश कुमार, नरेन्द्र कुमार की भूमिका रही।

# युवती से सामुहिक दुष्कर्म

**श्रीगगानगर, (निसं)।** यहां पंजाब की युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। साथ ही अश्लील वीडियो बनाकर युवती को ब्लैकमेल किया गया। साथ ही साढ़े तीन लाख रुपए ठग लिए। शादी करने का झांसा देकर रेप किया। आरोपी ने अपने दो दोस्तों को भी पीड़िता से मिलवाया और तीनों ने उसके साथ गैंगरेप किया। इस संबंध में रात महिला थाने में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में 26 साल की पीड़िता ने बताया कि उसकी सोशल मीडिया के जरिए श्रीगंगानगर के नितिन से दोस्ती हो गई थी। दोस्ती बढ़ी तो आरोपी ने पीड़िता को श्रीगंगानगर बुला लिया। उसे एक होटल में ले गया। शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान नितिन ने पीड़िता के अश्लील वीडियो बना लिए। आरोपी इन वीडियो के जरिए युवती को ब्लैकमेल करने लगा। आरोपी ने पीड़िता को अपने दो दोस्तों शिवशंकर और संजय चलाना से मिलवाया। तीनों ने मिलकर पीड़िता से गैंगरेप किया। आरोपियों ने युवती के वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपए भी ठग लिए। आरोपी ने पीड़िता से धोखाधड़ी से शादी भी की लेकिन उसे अपने साथ नहीं रखा। मामले की की जांच महिला अपराध अन्वेषण सेल के प्रभारी प्रतीक मील को दी गई है।

# तकनीकी कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**बीदासर, (निसं)।** राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय आव्हान पर बिजली कार्मिकों की 13 सुत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को पाँचवे दिन कनिष्ठ अभियंता विद्युत तकनीकी कर्मचारी हड़ताल पर रहे।

हड़ताल के चलते विद्युत निगम का कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं कस्बे व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों ये जोधपुर डिस्कॉम में विद्युत संबंधित कार्य करवाने के लिये आने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निगम के कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम की विसंगति दुर करवाने, इंटर डिस्कॉम ट्रासफर नीति बनवाने, आरजीएचएस को राज्य कर्मचारियों समान लागू करवाने, 2018 में बने नये तकनीकी टेंडर की वेतन विसंगति दुर करवाने, अनुकम्पा पर नियुक्त 12वीं पास तकनीकी कर्मचारियों को कनिष्ठ सहायक बनाने की मांग को लेकर हड़ताल पर चल रहे है। जोधपुर डिस्कॉम के बीदासर कार्यालय में तीन में से दो कनिष्ठ अभियंता तथा 50 तकनीकी कर्मचारियों में से 47 कर्मचारी हड़ताल पर रहे। तथा इनके समर्थन में शुक्रवार को सहायक अभियंता भी हड़ताल पर चले गये है।

# हॉकी विश्व कप क्वालीफायर में भारत की दमदार शुरुआत

ओमान, 25 अगस्त। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर की दमदार शुरुआत करते हुए शुक्रवार को अपने पहले मैच में मलेशिया को 7-2 से रौंद दिया। भारत की इस एकतरफा जीत में कप्तान नवजोत कौर (तीसरा, 28वां मिनट) और मोनिका टोप्पो (12वां, 20वां मिनट) ने दो-दो गोल किये, जबकि अक्षता धेकाले (चौथा मिनट), मरियाना कुजुर (17वां मिनट) और महिमा चौधरी (28वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। मलेशिया की ओर से वान वान (सातवां मिनट) और अज़ीज़ ज़ाफ़िराह (11वां मिनट) ही गोल कर सकीं। भारत ने खेल के छोटे प्रारूप में आक्रामक शुरुआत की और उसका खेलने का तेज़तर्रार तरीका मलेशिया पर भारी पड़ा। कप्तान कौर ने तीसरे मिनट में भारत का खाता खोला, जबकि अगले ही मिनट अक्षता ने टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। वान वान और अज़ीज़ा ने पहला हाफ खत्म होने से पहले एक-एक गोल जमाकर स्कोर बराबर किया, हालांकि इसके बाद भारतीय टीम ने मुकाबले पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया।

अज़ीज़ा के गोल के एक मिनट बाद ही मोनिका ने भारत का तीसरा गोल कर हाफ टाइम तक अपनी टीम को 3-2 की बढ़त दिलाई। ब्रेक के बाद भी भारत की गति नहीं थमी और 17वें मिनट में मरियाना ने स्कोरशीट पर अपना नाम अंकित करवा लिया। मोनिका ने 20वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया, जिसके बाद भारतीय टीम 5-2 की बढ़त के साथ आसानी से जीत की ओर बढ़ने लगी। मलेशियाई टीम कई कोशिशों के बाद भी वापसी नहीं कर सकी, जबकि महिमा और नवजोत ने आखिरी दो मिनटों में भारत के स्कोर में एक-एक गोल जोड़कर मुकाबले का अंत किया। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को जापान से होगा।

## वर्ल्ड कप की टिकटें आज से बिकना शुरू

### भारत के मैचों की टिकटें 30 अगस्त से खरीद सकेंगे, भारत-पाक मैच 3 सितम्बर से

मुंबई, 25 अगस्त। भारत में 5 अक्टूबर से होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए टिकट आज रात आठ बजे से बिकना शुरू हो चुके हैं। टिकट ऑनलाइन पर जाकर बुक कर सकते हैं। अभी भारत के मैचों की टिकट नहीं मिलेगी। इसके लिए 30 अगस्त तक इंतजार करना पड़ेगा। भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट 3 सितंबर से मिलेंगे। सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट 15 सितंबर से मिलेंगे। टिकट लेने के लिए फैंस को पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में होगी। भारतीय टीम अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 8 अक्टूबर को चेन्नई में खेलेगी। भारतीय टीम 30 सितंबर को इंग्लैंड के खिलाफ गुवाहाटी और 3 अक्टूबर नीदरलैंड के खिलाफ अपने अभ्यास मैच खेलेगी। वर्ल्ड कप का हाई वोल्टेज मैच यानी भारत और पाकिस्तान का मुकाबला अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को खेला जाएगा। पहले यह मैच 15 अक्टूबर से खेला जाना था, लेकिन इसी दिन से नवरात्र की शुरुआत होने की वजह से भारत-पाक मैच सहित 9 मैचों की तारीख में बदलाव किया गया।

# एशियाई खेलों में कासिम अकरम होंगे पाकिस्तान के कप्तान

लाहौर, 25 अगस्त। युवा ऑलराउंडर कासिम अकरम हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों में पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। एशियाई खेलों में टी20 प्रारूप में खेली जाने वाली पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता 28 सितंबर से सात अक्टूबर के बीच आयोजित होगी। पाकिस्तान ने पांच अक्टूबर से होने वाले बहुप्रतीक्षित एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए एशियाड के लिये एक युवा टीम चुनी है, जिसमें आसिफ अली, मोहम्मद हसनैन, शाहनवाज दहानी और उस्मान कादिर सबसे प्रमुख नाम हैं। चुने गये 15 खिलाड़ियों में से अधिकतर नाम पिछले महीने श्रीलंका में एसीसी इमर्जिंग एशिया कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि इन्होंने इससे पहले दो चार दिवसीय टेस्ट मैचों और छह वनडे मैचों के लिये जिम्बाब्वे का दौरा किया था।

पाकिस्तान रैंकिंग के आधार पर भारत की तरह ही सीधा क्वार्टरफाइनल चरण में टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा। एशियाई खेलों में क्रिकेट पहले भी दो बार खेला जा चुका है। पहला संस्करण बंगलादेश ने जीता था, जबकि दूसरे संस्करण में श्रीलंका विजयी रहा था। दोनों बार अफगानिस्तान उपविजेता रहा। पाकिस्तान ने 2014 में भाग नहीं लिया और 2010 में वह कांस्य पदक विजेता रहा था।

**एशियाई खेलों के लिए पाकिस्तान पुरुष टीम** : कासिम अकरम (कप्तान), ओमैर बिन यूसुफ, आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, अरशद इकबाल, आसिफ अली, हैदर अली, खुशदिल शाह, मिर्जा ताहिर बेग, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद अखलाक (विकेटकीपर), रोहेल नजीर (विकेटकीपर), शाहनवाज दहानी, सुफियान मुकीम, उस्मान कादिर।

## युगांडा के राष्ट्रपति आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी का करेंगे अनावरण

कंपाला, 25 अगस्त। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष विश्व कप ट्रॉफी 26 अगस्त को युगांडा पहुंचेगी और इसका अनावरण 27 अगस्त को राष्ट्रपति योवेरी कगुटा मुसेवेनी और देश की प्रथम महिला जेनेट काटाका मुसेवेनी करेंगी। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने आज इसकी घोषणा की। एसोसिएशन के संचार प्रबंधक डेनिस मुसाली ने गुरुवार को शिन्हुआ को बताया कि ट्रॉफी का आधिकारिक तौर पर अनावरण एंटेबे में स्टेट हाउस में राष्ट्रपति और प्रथम महिला द्वारा 27 अगस्त को किया जाएगा। श्री मुसाली ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि युगांडा को ट्रॉफी की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा। मुसाली ने कहा, यह अभूतपूर्व पल क्रिकेट के क्षेत्र में युगांडा की अविश्वसनीय प्रगति को दर्शाता है, जिसके महत्वपूर्ण परिणाम सांस्कृतिक और भौगोलिक विभाजनों पर प्रतिबिंबित होते हैं। उन्होंने हालांकि यह स्वीकार किया है कि युगांडा आगामी क्रिकेट विश्व कप में दावेदार नहीं हो सकता है। श्री मुसाली ने देश में खेल के प्रति स्पष्ट जुनून पर जोर दिया। नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले ट्रॉफी चार दिनों तक युगांडा में रहेगी। गौरतलब है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी की यात्रा 27 जून को शुरू हुई और इसमें कुवैत, बहरीन, मलेशिया, अमेरिका, नाइजीरिया, युगांडा, फ्रांस, इटली और मेजबान देश भारत सहित 18 देशों का दौरा करने की योजना है। 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के बीच खेले जाने वाला यह एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ओडीआई) क्रिकेट टूर्नामेंट भारत में पांच अक्टूबर से 19 नवंबर, 2023 तक आयोजित होने वाला है। यह आयोजन शुरू में फरवरी से मार्च 2023 के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। वर्ष 2019 के गत चैंपियन इंग्लैंड सहित दस टीमों के बीच मैच खेले जाएंगे।

# सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में पहुंचे, प्रणय भी आगे बढ़े

कोपनहेगन, 24 अगस्त। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में गुरुवार को इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डैनियल मार्टिन को हराकर पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया, जबकि पुरुष एकल शटलर एचएस प्रणय ने भी अपने प्री-क्वार्टरफाइनल में जीत दर्ज की।

प्री-क्वार्टरफाइनल मैच का पहला गेम जीतने के बाद सात्विक-चिराग की जोड़ी थोड़ा लड़खड़ाई, लेकिन अंततः वे अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंदियों को 61 मिनट में 21-15, 19-21, 21-9 से हराने में कामयाब रहे। यह कार्नांडो और मार्टिन के खिलाफ सात्विक-चिराग की दो मुकाबलों में दूसरी जीत है। अगले चरण में शीर्ष भारतीय युगल का सामना डेनमार्क के किम एस्ट्रूप/एंडर्स रासमुसेन या मलेशिया के ओंग यू सिन/तियो ई यी से होगा। दूसरी ओर, प्रणय ने एक घंटे नौ मिनट में सिंगापुर के लोह कीन यू को 21-18, 15-21, 21-19 से मात देकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा, जहां उनका सामना डेनमार्क के गत विश्व चैंपियन विक्टर एक्सलसन या ताइवान के चोउ तिएन चेन से होगा।

यह कीन यू के विरुद्ध प्रणय का चौथा मुकाबला था। पिछले तीन में से दो मुकाबले जीत चुके भारतीय शटलर ने आत्मविश्वास के साथ मुकाबले की शुरुआत की और लंबी रस्साकशी के बाद पहला गेम 21-18 से जीत लिया। दूसरे गेम में हालांकि सिंगापुर के कीन यू ने लगातार स्मैश खेलकर प्रणय पर दबाव बनाया। इस आक्रामकता में कीन यू ने कुछ गलतियां भी कीं लेकिन वह दूसरा गेम 21-15 से जीतने में सफल रहे।

तीसरे गेम में विश्व नंबर सात प्रणय ने भी आक्रामकता बढ़ाकर ब्रेक तक आसानी के साथ 11-4 की विशाल बढ़त ले ली। हार के नज़दीक खड़े कीन यू ने ब्रेक के बाद ज़ोरदार वापसी की और लगातार हमले करते हुए स्कोर 11-10 पर लगभग बराबर कर दिया। देखते ही देखते कीन यू 16-15 से आगे हो गये। प्रणय ने इस समय धैर्य दिखाया और अपने सिंगापुरी प्रतिद्वंदी की अप्रत्याशित गलतियों का लाभ भी लिया। दोनों खिलाड़ी 19-19 पर बराबर थे जब प्रणय ने लगातार दो अंक अर्जित कर मुकाबला जीत लिया।

इससे पूर्व, पुरुष युगल प्री-क्वार्टरफाइनल में चिराग ने जहां डिफेंस में धैर्य दिखाया, वहीं सात्विक ने कोर्ट में पीछे रहकर ज़ोरदार प्रहार किये। ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बनाने के बाद भारतीय जोड़ी तेज़ी से आगे बढ़ी और अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंदियों की वापसी की कोशिशों को नाकाम करते हुए 15-10 से आगे रही। कार्नांडो-मार्टिन ने गेम के अंतिम हिस्से में वापसी की कोशिश की लेकिन सात्विक-चिराग इस समय तक 21-15 के साथ पहला गेम जीतने में सफल रहे। दूसरे गेम में ब्रेक तक 11-10 की क्षीण बढ़त बनाने वाले सात्विक-चिराग लयविहीन हुए, जिसका फायदा उठाकर कार्नांडो-मार्टिनने जल्द ही 14-11 से आगे हो गये। भारतीय जोड़ी स्कोर 19-19 की बराबरी पर ले आयी लेकिन इंडोनेशियाई युगल ने लगातार दो अंक अर्जित करते हुए मैच को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया।

तीसरे गेम में हालांकि कार्नांडो-मार्टिन अपने भारतीय विरोधियों के आक्रामक अवतार की बराबरी नहीं कर सके। सात्विक-चिराग ने ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बनायी और ब्रेक के बाद विपक्षियों को मात्र तीन अंक देते हुए 21-9 से निर्णायक गेम जीत लिया। इस बीच, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी को प्री-क्वार्टरफाइनल में चीन की चेन क्यू सी और जिया यी फान से सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। यह जिया-चेन के विरुद्ध त्रिशा-गायत्री का दूसरा मुकाबला था और चीनी युगल ने 21-14, 21-9 की जीत हासिल करने में सिर्फ 42 मिनट का समय लिया।

## तेजस्विन के एशियाड प्रशिक्षण उपकरण का खर्च वहन करेगा खेल मंत्रालय

नयी दिल्ली, 25 अगस्त। केन्द्रीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने राष्ट्रमंडल खेलों के मेडलिस्ट तेजस्विन शंकर को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पोल वॉल्ट के लिये लैंडिंग पिट की खरीद के लिये आर्थिक सहायता देने का फैसला किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। हांग्झोउ में 22 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों की ऊंची कूद और डेकाथलॉन स्पर्धाओं के लिये क्वालीफाई करने वाले तेजस्विन अगले महीने तक विशेष रूप से पोल वॉल्ट पिट का उपयोग करेंगे। एशियाई खेलों के बाद अभ्यास करने वाले सभी एथलीटों के उपयोग के लिये इसे खोल दिया जायेगा।

लैंडिंग पिट (10 मीटर 6.8 मीटर 81), पिट के लिये बारिश से बचाने वाली चादर और उसको लाने की लागत टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) तहत वहन की जायेगी। तेजस्विन के अलावा एमओसी ने ब्राजील के रियो डी जनेरियो में पिस्टल निशानेबाज राही सरनोबत के प्रशिक्षण और भागीदारी के लिये वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी। आईएसएसएफ रियो विश्व कप में भाग लेने के लिये निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन को मंजूरी दी गयी। राही दो सितंबर से रियो में प्रशिक्षण लेंगी, जबकि 19 सितंबर को रियो निशानेबाजी विश्व कप खत्म होगा। टॉप्स उनके और उनकी फिजियोथेरेपिस्ट ऐश्वर्या देशपांडे के आवागमन, स्थानीय परिवहन लागत, रेंज और प्रशिक्षण शुल्क, हथियार भंडारण शुल्क, वीजा और बीमा शुल्क और प्रवेश शुल्क सहित अन्य शुल्क वहन करेगा। टेबल टेनिस खिलाड़ियों स्वस्तिका घोष और पायस जैन को भी 20 दिनों के लिये कोच क्वि जियान शियान के तहत जापान में प्रशिक्षण और कई टूर्नामेंटों में भाग लेने की मंज़ूरी दी गयी। टॉप्स डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर स्कोप्जे में पायस की भागीदारी का खर्च वहन करेगा, वहीं स्वस्तिका डब्ल्यूटीटी कंटेंडर अल्माटी, डब्ल्यूटीटी फेडर और डब्ल्यूटीटी फीडर स्टॉकहोम में हिस्सा लेंगी।

# पेरिस ओलंपिक में पहुंचे नीरज चोपड़ा, विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में तीन भारतीय

बुडापेस्ट, 25 अगस्त। भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग राउंड में 88.77 मीटर के शानदार थ्रो के साथ चैंपियनशिप के फाइनल और पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई कर लिया। नीरज अपने पहले ही प्रयास में इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर क्वालीफाइंग राउंड के ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहे। फाइनल में पहुंचने के लिये प्रतिभागियों को या तो 83 मीटर का निशान पार करना था या शीर्ष 12 में रहना था। दोनों समूहों के प्रयास पूरे होने के बाद मनु (81.31 मीटर) और जेना (80.55 मीटर) ने क्रमशः छठे और नौवें स्थान पर रहकर पदक राउंड के लिये क्वालीफाई किया।

नीरज ने इसी के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 का भी टिकट कटा लिया। पेरिस ओलंपिक में क्वालीफाई करने के लिये खिलाड़ियों को कम से कम 85.50 मीटर की दूरी पर भाला फेंकना था। ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया एक जुलाई 2023 को शुरू हुई थी और 30 जून 2024 तक जारी रहेगी। केवल विश्व एथलेटिक्स नियमों के अनुरूप विश्व एथलेटिक्स, क्षेत्रीय संघों या राष्ट्रीय महासंघों (नीरज के मामले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ) द्वारा आयोजित या अधिकृत प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन ही ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये मान्य होते हैं। इस बीच, पाकिस्तान के अरशद नदीम और चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेच ने इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए फाइनल में स्थान पक्का किया।अरशद ने 86.79 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल में जगह बनाने के अलावा पेरिस ओलंपिक में भी स्थान पक्का किया। वाडलेच 83.50 के थ्रो के साथ फाइनल में पहुंचे लेकिन ओलंपिक के लिये फिलहाल क्वालीफाई नहीं कर सके।

राजस्थान सरकार वन विभाग

क्रमांक प.1 (60) वन/2023 जयपुर दिनांक 22.08.2023

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF)
राजस्थान, जयपुर

विषय: Diversion of 0.2986 ha forest land for laying Underground OFC in ROW of existing PWD road from Gerhi to Peeplekoot from Lat/long 23.845817/74.323689 (village Mundela) to 3.855166/74.448102 (Gangji Ka Khera) in Banswara District. Total length & area in Forest and non-Forest are 6.636 KM & 0.2986 ha and 13.407 & 0.6033 ha respectively in Banswara District, Rajasthan (Proposal No.: FP/RJ/OFC/150331/2021)

संदर्भ:-ऑनलाईन प्रस्ताव सख्यां FP/RJ/OFC/150331/2021

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव में JIO DIGITAL FIBER PVT LTD (प्रयोक्ता अभिकरण) द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा-2 में OFC Cable Line हेतु 0.2986 हेक्टेयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई है। नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर विचारोपरान्त प्रस्ताव पर वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अन्तर्गत धारा-2 में सामान्य स्वीकृति बाबत जारी दिशा निर्देशों एवं नवीन निर्देश दिनांक 27.07.2020 के परिपेक्ष्य में Diversion of 0.2986 ha forest land for laying Underground OFC in ROW of existing PWD road from Gerhi to Peeplekoot from Lat/long 23.845817/74.323689 (village Mundela) to 3.855166/74.448102 (Gangji Ka Khera) in Banswara District. Total length & area in Forest and non-Forest are 6.636 KM & 0.2986 ha and 13.407 & 0.6033 ha respectively in Banswara District, Rajasthan (Proposal No.: FP/RJ/OFC/150331/2021) की सैद्धान्तिक स्वीकृति बिना वृक्षों के पातन सहित निम्न शर्तो के अध्यधीन प्रदान करती है:

1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति में कोई परिवर्तन नही होगा।
2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नही किया जावेगा।
3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस-पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव जन्तुओं को किसी प्रकार की क्षति नही पहुचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेगें।
4. प्रत्यावर्तित क्षेत्र में रोपित किये जाने वाले को वृक्षों वनविभाग की बिना पुर्वानुमति के नही काटा जावे। उक्त क्षेत्र में रोपित पेड परिक्व होने पर, वन विभाग के होगें।
5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वन क्षेत्र के आस-पास मजदुरों/ स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैंप नही लगाया जावेगा।
6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों/स्टाफ को रसोई गैस/ केरोसिन तेल आपूर्ति की जावेगी, ताकि निकट वर्ती वनों को क्षति न हो।
7. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस-पास की वनभूमि से/पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी/ पत्थर काटने या भरने का कार्य नहीं किया जावेगा।
8. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशो का पालन करेगा।
9. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ एफ.आर.ए. सर्टिफिकेट प्रस्तुत करावेगा। तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा।
10. राज्य सरकार द्वारा दी गई इस अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा।
11. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/एफसी दि.24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दि.7.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावें तथा प्रकरण में जारी स्वीकृति को यूजर एजेंसी हिन्दी व अंग्रेजी में प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र में अक्षरशः प्रकाशित करावें एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय पंचायत एवं नगर पालिका के राजकीय अधिकारीयों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया,
(मोनाली सेन)
विशेषाधिकारी, वन

# ट्रम्प का फोटो

## साधारण अपराधी के तौर पर लिया गया यह "मग शॉट" ट्रम्प की उग्र मुद्रा के कारण वायरल हो गया है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अगस्त। एक साधारण सा "मगशॉट" अमेरिका में भारी विवाद पैदा कर रहा है। जेल जाने वाले अपराधियों की तस्वीर खींची जाती है उसे "मगशॉट" कहते हैं। इस मामले में तस्वीर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प की है जिन्होंने अपने विरूद्ध चल रहे 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हेराफेरी करने के आपराधिक मुकदमे में जॉर्जिया के जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। चुनाव में हेराफेरी ओर जनादेश को प्रभावित करने का प्रयास अमेरिका में गंभीर अपराध माना जाता है और इसीलिए अमेरिका की विधायिका ने ऐसे अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया है।

भारतीय मतदाताओं का अनुभव देखते हुए, जैसा कि बंगाल के पंचायत चुनाव में हुआ है, यह सोचना पड़ता है कि क्या हमारे देश में भी चुनाव प्रक्रिया में छेड़छाड़ करने के लिए ऐसी कड़ी सजा आवश्यक है। इससे दर्जनों मौतें और खून खराबा रोका जा सकता है।

डॉनल्ड ट्रम्प ने जहां फुल्टन कांउटी अधिकारियों के समक्ष आत्मसमपर्ण किया वहां जॉर्जिया की जेलबुक निर्देशिका में आवश्यक है कि सभी कैदियों के फोटो खींचे जाने चाहिए- इस मामले में अपराधी के चेहरे का एक सामान्य फोटो होता है जिस पर जेल अधिकारियों की मुहर लगी होती है। जिस व्यक्ति का कभी अमेरिका के परमाणु बटन पर नियंत्रण था, जो अमेरिकी सेनाओं का प्रमुख था और कथित रूप से दुनिया का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति रहा था, उसके लिए



यह भारी अपमान था। ऐसा व्यक्ति भी अपने प्रारब्ध पर नियंत्रण नहीं कर पाया और उसे एक साधारण कैदी की तरह फोटो खिंचवानी पड़ी। डॉनल्ड ट्रम्प को एक कैदी नंबर भी आवंटित किया गया।

मगशॉट में ट्रम्प का चेहरा कदापि सामान्य नहीं लग रहा है। वे कैमरे में धमकी भरे अंदाज में देख रहे हैं, उनकी नज़र में धमकी नज़र आ रही है। फोटोग्राफ में उनका चेहरा अवज्ञाकारी दिख रहा है, वे दृढ़निश्चयी तथा परेशान करने वाला व्यक्ति दिखाई देने का अतिरिक्त प्रयास करते नज़र आ रहे हैं।

जाहिर है, यह सब बना हुआ था। अभियोग चलाया जाना तथा उसके बाद, एक सामान्य अपराधी की तरह जेल जाना किसी पूर्व राष्ट्रपति के लिये कोई मोहक नियति नहीं है। इसके अलावा, जॉर्जिया राज्य में, ट्रम्प पर आपराधिक षडयंत्र तथा "इरादतन आपराधिक कृत्य" में शामिल होने का आरोप लगाया जा रहा है।

इसे आर.आई.सी.ओ. अधिनियम कहा जाता है तथा अमेरिका में क्रिमिनल माफिया से निबटने के लिये तैयार किया

- विशेषज्ञों का कहना है कि, अपनी इस गुस्से भरी मुद्रा से ट्रम्प यह दिखाना चाहते हैं कि, वे डरे नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है।
- ट्रम्प समर्थकों ने इस तस्वीर को टी शर्ट्स और कॉफी मग आदि पर इस्तेमाल करना भी शुरु कर दिया है।
- ट्रम्प ने, चुनावों में फर्जीवाड़े के मामले में आज जॉर्जिया में आत्मसमर्पण किया। यहां जेल में उनकी साधारण कैदी की तरह तस्वीर खींची गई। हालांकि ट्रम्प जल्दी ही रिहा हो गए।

गया था। अमेरिका में आपराधिक इरादे वाले किसी आपराधिक ग्रुप से किसी भी किस्म का जुड़ाव भी आर.आई.सी.ओ. अधिनियम के तहत, एक दंडनीय अपराध है। कोई आदमी सीधे ही अपराध न भी कर रहा हो, अपराध करने वालों के साथ उसका किसी भी किस्म का जुड़ाव पर भी सजा मिल सकती है।

मानो, अभियोजकों के प्रति बाजी पलटते हुये, डॉनल्ड ट्रम्प ने मगशॉट में स्वयं को इस प्रकार प्रस्तुत किया है कि वे ताकत और प्रतिशोध का भाव व्यक्त कर रहे हैं। पूरी तरह प्रतिकूल स्थिति में एक तरह से ताकत का प्रदर्शन कर रहे है। ट्रम्प के चुनाव कार्यालय ने यह प्रोजैक्ट करने के लिये जेल में मगशॉट का उपयोग किया है कि वे झुकने वाले नहीं हैं। ट्रम्प हमेशा की तरह जॉर्जिया स्टेट के अभियोजकों पर जमकर बरसे हैं, जो अश्वेत हैं तथा ट्रम्प स्वयं को श्रेष्ठ श्वेत वर्ग के पक्षकार के रूप में प्रस्तुत कर रह हैं।

डॉनल्ड ट्रम्प कितने भी अधम हों, उन्होंने यह मगशॉट सोशल मिडिया में, खासतौर से पूर्ववर्ती ट्विटर प्लेटफॉर्म को टी शर्ट्स तथा कॉफी मग जैसे अन्य चीजों में बिक्री के लिये रख दिया है। लेकिन अमेरिकन बुद्धिजीवी तथा अभिजात्य वर्ग, चाहे वह रिपब्लिकन पार्टी का ही क्यों न हो, इस तथ्य से नहीं बच सकता कि एक पूर्व राष्ट्रपति जिसने देश भर में 91 आपराधिक आरोपों का सामना किया है, उसे उन्हें जिले के अधिकारियों के समक्ष समर्पण करना पड़ा है।

यद्यपि कुछ टिप्पणीकारों का मानना है कि ट्रम्प का स्वयं को एक ऐसे पीड़ित व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास है जिसने कुछ भी गलत नहीं किया है, ये प्रयास जनता को, उनकी पार्टी तथा आरोप लगाने वालों को प्रभावित कर सकते हैं।

ट्रम्प आख्यान, पर सबसे सटीक बात यह है कि उन्हें एक सामान्य अपराधी की तरह फोटो खिंचवानी पड़ी। उक्त आलोचक ने ट्रम्प के मगशॉट पर कहा, एक ऐसा चेहरा, जिसे सारी दुनिया जानती है, अपकीर्ति में जम गया है। अमेरिका का शोकजनक एक युग कैमरे की एक क्लिक में कैद हो गया।"

# पुतिन भारत नहीं आएंगे

मॉस्को, 25 अगस्त। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत नहीं जाएंगे। रूसी राष्ट्रपति के

- रूस के राष्ट्रपति जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने वाले थे।

प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार का यहां मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, पुतिन भारत में सितंबर में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के लिए यात्रा की योजना नहीं बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि, इस समय मुख्य जोर विशेष सैन्य अभियान पर है। जी-20 शिखर सम्मेलन नौ और 10 सितम्बर को नयी दिल्ली में प्रगति मैदान में नवनिर्मित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि, पुतिन दक्षिण अफ्रीका के शहर जोहैनसबर्ग में संपन्न हुए ब्रिक्स के 15 वें शिखर-सम्मेलन में भी भाग लेने नहीं गए थे।

## राहुल गांधी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कारगिल युद्ध के सभी वीर सेनानियों और शहीदों को मेरा शत शत नमन।" कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर लद्दाख के लोगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा, "भारत जोड़ो यात्रा को आगे बढ़ाते हुए राहुल गांधी लद्दाख के लोगों से मिले। यात्रा की भावना के अनुरूप उन्होंने उनकी मन की बातें सुनीं। इन समस्याओं को सुनकर स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार ने लद्दाख को उसके हाल पर छोड़ दिया है। जिन नेताओं को केवल अपने मन की बात में दिलचस्पी है, वे कभी भी जनता की आवाज़ को सुनने नहीं देंगे।"

# जोहैनसबर्ग में मोदी ने विमान से उतरने से मना कर दिया था

## दक्षिण अफ्रीका की न्यूज़ साइट डेली मैवरिक ने दावा किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 अगस्त। गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स के 15वें सम्मेलन के दौरान किसकी पहल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक हुई, से लेकर काफी विवाद उत्पन्न हो गया है क्योंकि दोनों पक्ष दावे और प्रतिदावे पेश कर रहे हैं।

चीन ने अधिकारिक रूप से कहा है कि दोनों नेताओं के बीच अनौपचारिक बैठक भारत के निवेदन पर हुई जबकि भारतीय आधिकारिक सूत्रों ने अनौपचारिक रूप से कहा, "चीन की ओर से द्विपक्षीय बैठक का निवेदन काफी समय से लंबित है। सूत्रों ने कहा कि दोनों नेताओं की जोहन्सबर्ग में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान लीडर्स लाउंज में "अनौपचारिक वार्ता" हुई।

चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा, "राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके निवेदन पर वार्ता की।" बैठक में दोनों नेताओं ने सहमति जताई कि पूरी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तेजी से तनाव घटाएंगे क्योंकि वहां जून 2020 से तनाव चल रहा है जब लद्दाख की गलवान घाटी में दोनों पक्ष टकराए थे। दोनों नेता अपने देशों में कार्मिकों को यह निर्देश देने के लिए सहमत हुए कि एल.ए.सी. पर से सेना कम की जाए।

भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा, "यह ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से वार्ता थी। प्रधानमंत्री ने अन्य ब्रिक्स नेताओं से भी विचार-विमर्श किया। जिनपिंग के साथ वार्ता में प्रधानमंत्री ने एल.ए.सी. तथा भारत-चीन सीमा के अन्य क्षेत्रों के अनसुलझे मुद्दों पर भारत की चिंता व्यक्त की।" क्वात्रा ने कहा, "इस मामले में दोनों नेता सहमत हो गए कि वे संबंधित अधिकारियों को तनाव जल्द से जल्द घटाने के लिए निर्देश देंगे।

चीन की एक विज्ञप्ति के अनुसार दोनों नेताओं के बीच वर्तमान भारत-चीन संबंधों तथा और अन्य साझा हित के मुद्दों पर निष्कपट और गहराई से विचार-विमर्श हुआ। चीन के वक्तव्य के अनुसार राष्ट्रपति शी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-चीन संबंधों में सुधार से दोनों देशो और उनकी जनता के साझा हित पूरे होंगे, विश्व तथा क्षेत्र में शांति, स्थायित्व एवं विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

चीन के विदेश मंत्रालय ने शी के हवाले से कहा, "दोनों पक्षों को आपसी संबंधों के समग्र हित ध्यान में रखने चाहिए और सीमा-विवाद का ढंग से हल निकाला जाना चाहिए ताकि सीमा क्षेत्र में संयुक्त रूप से शांति स्थापित की जा सके।" वर्ष 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच टकराव के बाद यह मोदी और शी के बीच पहली मुलाकात थी। दोनों देशों ने सीमा विवाद हल करने के लिए सेना स्तर की वार्ताएं की हैं।

दोनों सेनाओं ने हाल ही में कोर कमांडर स्तर की वार्ता का 19वां दौर किया। विदेश मंत्रालय के एक वक्तव्य के अनुसार, "वे बकाया मुद्दों को जल्दी हल करने और सैन्य तथा कूटनीतिक माध्यमों से वार्ता जारी रखने पर सहमत हुए। इस दरम्यान दोनों पक्षों ने सीमा क्षेत्र में शांति बनाए रखने पर सहमति जताई।" दोनों देशों के बीच सीमा विवाद पिछले कई दशकों से जारी है। 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध भाी हुआ था।

ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के लिए गए मोदी की साउथ अफ्रीका यात्रा विवादों के घेरे में रही क्योंकि जोहन्सबर्ग में उनका आगमन प्रश्नों के घेरे में आ गया जब दक्षिण अफ्रीका की एक समाचार वैबसाइट डेली मेवरिक ने खबर दी कि भारतीय प्रधानमंत्री ने 22 अगस्त को विमान से उतरने से मना कर दिया क्योंकि मेजबान सरकार ने उनकी अगवानी के लिए किसी वरिष्ठ अथॉरिटी को नहीं भेजा। लेकिन दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति पॉल मैशाटाइल के प्रवक्ता ने कहा कि उनकी हमेशा से ही मोदी का स्वागत करने की योजना थी। प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विमान उतरने से काफी पहली मैशालाइट प्रेटोरिया के वाटरक्लफ हवाई अड्डे पर मौजूद थे जो जोहन्सबर्ग के निकट है जहाँ ब्रिक्स सम्मेलन चल रहा है। दूसरी ओर डेली मेवरिक ने कहा कि आरंभ में एक कैबिनेट मंत्री को वाटरक्लूफ हवाई हड्डे भेजा गया था भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत करने, लेकिन मोदी ने विमान से उतरने से इंकार कर दिया।

वैबसाइट ने कहा, "इसके विपरीत राष्ट्रपति सीरियल रामाफोसा सोमवार की रात को पहुंचने वाले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अगवानी में स्वयं पहुंचे।" वैबसाइट ने कहा कि अधिकारियों का आरोप है कि अंततः उपराष्ट्रपति पॉल मैशालाइट शी के लिए आयोजित एक कार्यक्रम बीच में छोड़कर वाटरक्लफ हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी करने पहुंचे।" यह कहा जा सकता है कि चीन के राष्ट्रपति दक्षिण अफ्रीका की राजकीय यात्रा पर हैं जिसका अलग प्रोटोकॉल है और मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में गए हैं जिसका प्रोटोकॉल अलग है।

- न्यूज़ साइट ने कहा कि, मोदी के स्वागत के लिए एक कैबिनेट मंत्री भेजा गया था इसलिए मोदी ने विमान से उतरने से मना कर दिया था।
- न्यूज़ साइट ने आगे कहा कि, बाद में उपराष्ट्रपति जरूरी मीटिंग छोड़कर स्वागत करने आए तब प्र.मंत्री मोदी ने जोहैनसबर्ग में कदम रखा।

# बिहार में जात आधारित गणना का काम पूरा : नीतीश

पटना, 25 अगस्त। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कहा कि, प्रदेश में जाति आधारित गणना का काम पूरा हो चुका है और आंकड़ा तैयार हो जाने के बाद रिपोर्ट की घोषणा कर दी जाएगी।

- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह घोषणा करत हुए कहा कि, गणना का आंकड़ा तैयार किया जा रहा है, जब सबकुछ तैयार हो जाएगा तो फिर रिपोर्ट घोषित की जाएगी।

नीतीश कुमार ने शुक्रवार को यहां राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के साथ पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बी. पी. मंडल की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि देने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि, सर्वे का काम पूरा हो चुका है, अब उसके आगे एक-एक चीज को देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि, आंकड़ा तैयार किया जा रहा है, जब सबकुछ तैयार हो जाएगा तो फिर रिपोर्ट घोषित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, उच्च न्यायालय के आदेश के बाद ही जाति आधारित गणना का सारा काम हो रहा है। उच्चतम न्यायालय ने भी सर्वे के काम को रोका नहीं है। इस सर्वे में मुख्य बात है कि, सबकी आर्थिक स्थिति का भी पता चल जाएगा। केवल जातियों की संख्या घोषित करने के लिए यह सर्वे नहीं करवाया जा रहा है। सारी चीजें बहुत अच्छे ढ ंग से हो रही हैं। वर्ष 2021 में ही सभी पार्टियों की सहमति से जाति आधारित गणना का कार्यक्रम तय किया गया था। सब कुछ तय होने के बाद वर्ष 2022 में सर्वे का काम शुरू हो गया था।

कुमार ने कहा कि, देश में हर 10 साल पर जनगणना का काम होता था। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2011 में जाति आधारित जनगणना भी करायी गयी थी लेकिन फिर क्या हुआ, केंद्र सरकार द्वारा कुछ नहीं किया जा रहा है। आज वर्ष 2021 के बाद कितने साल बीत गए लेकिन जनगणना का कार्य नहीं हुआ है। कुछ लोग देश का इतिहास बदलने में लगे हुए हैं। जो जरूरी काम है वो नहीं हो रहा। किसकी कितनी आबादी है और किसको कितना लाभ दिया जाएगा, ये सब जरूरी है जो नहीं किया जा रहा है। जब बिहार में जाति आधारित गणना का काम हो जाएगा तो अन्य राज्य के लोग भी इसको देखेंगे। कई राज्य अपने स्तर से जाति आधारित गणना कराना चाहते हैं। बिहार इसका एक मॉडल बनेगा। ये काम सबके हित में होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किस जाति में कितनी उपजातियां हैं, उनकी आबादी कितनी है और उनकी आर्थिक स्थिति क्या है, जाति आधारित गणना से ये सारा कुछ पता चल जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले कोई गांव में रहता था लेकिन अब अगर वो दूसरी जगह चला गया है तो उसकी वास्तविक स्थिति क्या है, सर्वे करने वाले को ये सब अध्ययन करके रिपोर्ट देनी है। इसी से सभी जातियों की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।

# रणथम्थौर में बाघिन टी-107 ने शावकों को जन्म दिया

## रणथम्भौर टाइगर रिज़र्व में 81 बाघ-बाघिन व शावक हैं



सवाईमाधोपुर, 25 अगस्त (निसं)। रणथम्भौर टाइगर रिज़र्व से एक बार फिर से खुशखबरी आई है। यहां इस बार बाघिन टी-107 सुल्ताना ने शावकों को जन्म दिया है, जिससे चलते वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

रणथम्भौर टाइगर रिजर्व प्रथम के मोहित गुप्ता ने बताया कि रणथंभौर टाइगर रिजर्व की रेंज ऑफ प्रोजेक्ट टाइगर में टी -107 की शावकों को जन्म देने की संभावना थी। इसलिए बाघिन की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग लगातार की जा रही थी। शुक्रवार को रेंज के नाका शेरपुर में काली तलाई के पास बाघिन टी-107 एक शावक के साथ कैमरा ट्रैप में कैद हुई है। वनाधिकारियों के अनुसार बाघिन के एक से ज्यादा शावक होने की संभावना है। बाघिन टी-107 की उम्र 7 साल है और यह बाघिन टी-39 की बेटी है।

बाघिन टी-107 ने तीसरी बार शावक को जन्म दिया है। इससे पहले यह दो बार प्रजनन कर चुकी है। फिलहाल वनाधिकारियों की ओर से फील्ड स्टाफ को सुरक्षा व मॉनिटरिंग व ट्रैकिंग के लिए निर्देश दे दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि रणथम्भौर में जुलाई में बाघिन टी-84 ऐरोहैड ने शावकों को जन्म दिया था। इस समय रणथम्भौर में 81 बाघ- बाघिन और शावक है।

- शुक्रवार को काली तलाई के पास बाघिन टी-107, जिसका नाम सुल्ताना है, एक शावक के साथ कैमरा ट्रैप में देखी गई।
- सुल्ताना की उम्र सात वर्ष है और वह बाघिन टी-39 की बेटी है।

# भारत-पाक सीमा पर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

(माइन) नज़र आई, जिसने ग्रामीणों को और ग्रामीणों ने सीमा सुरक्षा बल को इसकी सूचना दी। सीमा सुरक्षा बल की टीम ने लैण्डमाइन की पड़ताल की। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने झिनझिनयाली पुलिस को इसकी सूचना दी।

झिनझिनयाली थाना प्रभारी हड़वंत सिंह ने बताया, "सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने जिंदा एंटी पर्सनल माइन की जानकारी दी। जिसके बाद हमने म्याजलार पुलिस चौकी को इत्तला देकर मौके के लिए रवाना कर दिया।" थाना प्रभारी ने बताया कि, भारतीय सेना के कंट्रोल रूम को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। अब सेना का बम निरोधक दस्ता मौके पर आएगा और वो ही इसे डिफ्यूज करने की कार्रवाई करेगा। तब तक एंटी पर्सनल लैण्डमाइन हमारे कब्जे में रहेगी।

कहा जा रहा है कि, भारतीय सेना के किसी युद्धाभ्यास में ये जमीन में ही दबी रह गई और आंधी चलने से जब रेत उड़ी तो यह जमीन से बाहर आ गई। एंटी पर्सनल माइन का इस्तेमाल इंसानों के खिलाफ किया जाता है, जबकि एंटी-टैंक माइन का इस्तेमाल भारी गाड़ियों के लिए किया जाता है। ये माइन्स घुसपैठियों और दुश्मन की पैदल सेना के खिलाफ रक्षा की पहली पंक्ति के रूप में काम करते हैं। ये आकार में छोटे होते हैं और बड़ी संख्या में तैनात किये जा सकते हैं और सीमाओं पर दुश्मन सैनिकों को मार गिराने के लिए जमीन में दबाए जाते हैं। पैर पड़ते ही माइन धमाके के साथ फटती है और दुश्मन सैनिक के परखच्चे उड़ा देती है।






# विदेश से महंगा कोयला क्यों खरीद रही है गहलोत सरकार : बिहारी लाल बिश्नोई

बीकानेर, 25 (कासं)। नोखा विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने भाजपा संभाग कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसानों को बिजली माफी के नाम पर जेब काटने का काम किया है। बिश्नोई ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि विधानसभा में 23,309 मेगावाट विद्युत क्षमता के साथ राजस्थान को बिजली की दृष्टि से आत्मनिर्भर करने की घोषणा करने वाली गहलोत सरकार का असली चेहरा अब सामने आ गया है।

बिश्नोई ने कहा कि देश में कोयला संकट को देखते हुए केन्द्र सरकार ने राज्यों को 6 प्रतिशत तक विदेश से कोयला खरीद करने की अनुमति दे रखी है। इसकी आड में एक बार फिर गहलोत सरकार महंगा कोयला खरीद रही है। पहले राज्य सरकार ने एक्ट के प्रावधानों की अवहेलना करते हुए अडानी समूह से करीब 1042 करोड़ का 5.79 लाख मीट्रिक टन कोयला 18 हजार रुपये प्रति मीट्रिक टन की लागत से एकल निविदा में खरीदा।

- विदेश से 3.38 लाख मीट्रिक टन कोयला 15 हजार रुपये प्रति मीट्रिक टन की लागत से आयात करने की तैयारी कर रही है सरकार
- आज भी 4 से 6 हजार रूपये मीट्रिक टन की दर से बाजार में स्वदेशी कोयला उपलब्ध है
- बिश्नोईने कहा कि दरों में इतना बड़ा अंतर भ्रष्टाचार का संकेत

अब एक बार फिर विदेश से 3.38 लाख मीट्रिक टन कोयला 15 हजार रुपये प्रति मीट्रिक टन की लागत से आयात करने की तैयारी कर रही है। तीन हजार रुपये प्रति मीट्रिक टन की दरों का अंतर भ्रष्टाचार का संकेत दे रहा है। जबकि आज भी 4 से 6 हजार रूपये मीट्रिक टन की दर से बाजार में स्वदेशी कोयला उपलब्ध है।

बिश्नोई ने कहा कि 6 बार बिजली की दरों में वृद्धि करने तथा साढ़े 4 वर्ष तक औसतन 52 पैसे प्रति यूनिट फ्यूल सरचार्ज वसूलने, 100 यूनिट प्रतिमाह फ्री बिजली व फ्यूल सरचार्ज माफ करने की घोषणा के साथ 76 लाख मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड का महंगाई राहत कैम्प में वितरण करके 1.39 करोड़ मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास किया गया। बिश्नोई ने कहा कि जहां विगत 2 माह के अब जारी बिजली के बिल में औसतन 20 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

वहीं अब शहरी क्षेत्रों में औसतन 5 घंटे व ग्रामीण क्षेत्रों में 7 घंटे की बिजली कटौती ने अंधेर नगरी चैपट राजा की कहावत को सही साबित कर दिया है। बिश्नोई ने कहा कि बिजली की कमी को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी 24 अगस्त से सप्ताह के अंत तक जिला स्तर, उपखंड स्तर व जीएसएस पर विरोध प्रदर्शन करेगी तथा जीएसएस पर काले झंडे लगाकर सांकेतिक धरना देगी। भाजपा युवा मोर्चा, किसान मोर्चा व महिला मोर्चा बिजली कटौती पर लालटेन टॉर्च मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

बिश्नोई ने कहा कि वर्तमान में पीक ऑवर्स में बिजली की डिमांड 16500 मेगावाट तक पहुंच गई है। वहीं विद्युत उपलब्धता मात्र 13 से 14 हजार मेगावाट है। इसका सबसे बड़ा कारण सरकार की अकर्मण्यता से कोटा, सूरतगढ़ , छबड़ा व कालीसिंध पावर प्लांट की 2740 मेगावाट क्षमता वाली 7 यूनिट को कोयले की कमी व तकनीकी रखरखाव के कारण बंद करना है। बिजली की कमी के बहाने सरकार महंगी बिजली खरीदकर व संस्थागत भ्रष्टाचार के षड्यंत्र के कारण बिजली कटौती से आम उपभोक्ता का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

## चीन कहता है...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के लिए सीमा क्षेत्रों में शांति बनाए रखना आवश्यक है। क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और शी सहमत हुए कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वे जल्द तनाव घटाने के उपाय और तेज करें।

मई 2020 में पूर्वी लद्दाख की सीमा पर हुई झड़प के बाद से भारत और चीन के संबंधों में काफी तनाव आ गया है। व्यापक सैन्य और कूटनीतिक प्रयासों के कारण दोनों पक्ष कई क्षेत्रों में पीछे हट गए लेकिन पूर्वी लद्दाख में कई टकराव के स्थानों पर भारतीय और चीनी सेना तीन वर्ष से ज्यादा से आमने-सामने है। सीमा विवाद सुलझाने में भारतीय और चीनी नेता कितने गंभीर है?

क्या इस पूरी कवायद का उद्देश्य अपने देशों में अपनी छवि विकसित करना है? यदि पुराना अनुभव कुछ संकेत देता है तो चीन एल.ए.सी. पर वास्तविक शांति और समझौते के अपने वादो से पीछे हट चुका है। क्या वह इस कहावत को सिद्ध कर रहा है," वादे किए ही तोड़े जाने के लिए जाते है।" केवल समय ही बताएगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

## संक्षिप्त

### जंगली सियार के हमले में 4 घायल

**मालपुरा** (निस) थाना क्षेत्र के कल्याणपुरा गांव के पास शुक्रवार की दोपहर मवेशी चरा रहें चरवाहों पर जंगली सियार ने हमला कर चार जनो को घायल कर दिया। पास ही जंगल में मवेशी चरा रहे अन्य चरवाहों ने तत्काल चारों घायलों को मालपुरा अस्पताल में भर्ती करवाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिन्ताजनक होने पर रहमान पुत्र अनवर शाह,शेर खां पुत्र अजीम खां,खातुन पत्नि ईमामुदीन,पाना पत्नी इकबाल को जयपुर रैफर किया । वही टोडारायसिंह सड़क मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक चालक मो. इमरान पुत्र जाकिर हुसैन घायल हो गया। जिसे मालपुरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### 200 लीटर वॉश की नष्ट

**मालपुरा** (निस) आबकारी थाना मालपुरा के दल ने शुक्रवार को तीन अलग-अलग ठिकानों पर छापामार कार्यवाही कर 200 लीटर अवैध वॉश नष्ट कर अवैध शराब से भरी तीन बोतल जप्त की गई। आबकारी थाना प्रहराधिकारी देवकरण गुर्जर ने बताया कि जरिए मुखबीर की सुचना पर शुक्रवार को थाना टीम द्वारा जयसिंहपुरा,भीतर व सांसी बस्ती डिग्गी में अवैध हथकड शराब बनाने के ठिकानो पर की गई छापामार कार्यवाही में दो भट्टियां व 2०० लीटर वॉश नष्ट कर मौके पर मौजूद एक मुल्जिमान सोना सांसी को एक प्लास्टिक जरिकेन मे भरी शराब व तीन बोतल अवैध हथकड शराब की बरामद होने पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### कलेक्ट्रेट पर झंडा रोहण किया

**खैरथल** संभागीय आयुक्त अंतर सिंह नेहरा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय भवन के ऊपर स्थाई झंडारोहण किया गया इस दौरान पुलिस गाड्र्स की ओर से सलामी दी। इस दौरान संभागीय आयुक्त नेहरा ने कलेक्ट्रेट कार्यालयों का अवलोकन कर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# स्कूल में छात्र की मौत पर मुआवजे की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना समाप्त



पावटा के स्कूल में छात्र की मौत पर मुआवजे की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना आश्वासन के बाद समाप्त हुआ।

**पावटा** । जवाहर नवोदय विद्यालय पावटा में 23 अगस्त की रात कक्षा दसवीं के छात्र सचिन कुलदीप अपने ही क्लास रूम में पंखे से लटका मिला । विद्यालय प्रशासन मौत का कारण आत्महत्या बता रहा है। वहीं परिजनों ने नामजद विद्यालय शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। मृतक के परिजनों सहित जनप्रतिनिधि, महिलाए व भीम आर्मी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा 5० घंटों से प्रागपुरा थाना परिसर में चल रहा धरना परिजनों व प्रशासन के बीच लिखित सहमति के बाद समाप्त कर दिया गया ।

धरने के दौरान परिजनों की मुख्य मांगों में पीडित परिवार के लिए उचित मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और दोषी शिक्षकों के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की। वही प्रशासन एसपी रंजीता शर्मा, प्रशासनिक अधिकारियों, नवोदय कमेटी एसी वी. के. त्यागी व गठित कमेटी के बीच पहले दिन वार्ता विफल रही। वही शुक्रवार को एडिशनल एसपी कोटपूतली विद्या प्रकाश एवं पावटा उपखंड अधिकारी बजरंग स्वामी की उपस्थिति में मुख्य मांगों में पोस्टमार्टम परीक्षण मेडिकल बोर्ड से करवाने, दोनों आरोपी शिक्षक पुलिस के पास अनुसंधान के लिए मौजूद रहने, नवोदय विद्यालय में आउट सौर्सिंग से मृतक के पिता को संविदा पर रखने, पीडित प्रति कर निधि से मृतक के परिवार को अविलंब राशि स्थानांतरित करने, आदि दस सूत्रीय मांगो पर धरना समाप्त हुआ। इस मौके पर पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह, भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड, शाहपुरा से कांग्रेस नेता व पीसीसी सदस्य मनीष यादव, रत्ना कुमारी, ललित गोयल, ओ पी बायला, विजय गुप्ता, मुख राम धन कड, उपेंद्र सिंह शेखावत, सुरेंद्र मेहरा, कृष्ण बाकोलिया, विजेश मुहानिया सहित दूर दूर से आये भीम आर्मी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस दौरान राजस्थान प्रांतीय रैगर महासभा के महासचिव एडवोकेट गुलाब चंद बारोलिया, राजस्थान प्रांतीय रैगर महासभा के उपाध्यक्ष सुखदेव अटल, अखिल भारतीय रैगर महासभा के सचिव बाबूलाल नोगिया, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह व प्रशासन के अधिकारी और हजारों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### हत्या कर शव के टुकड़े किये

**बस्सी**। विधानसभा क्षेत्र बस्सी के कानोता थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हत्या कर शव के टुकड़े करने का मामला सामने आया है। पूरा मामला थाना क्षेत्र के ग्राम रामसर पालावाला का है जहां ग्राम पंचायत भवन के पास सड़क किनारे शव का सिर मिला जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सूचना के बाद मौके पर पहुंची कानोता थाना पुलिस एवं एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाना शुरू कर किया तो उसका शरीर पास ही के हरिजनो के मकाम के अंदर पडा मिला। बडी आश्चर्य की बात रही कि शव के अंग अलग-अलग जगह पर पड़े मिले वहीं कुछ अंग फिलहाल अभी भी गायब हैं। गग्रामीणो एवं एफएसएल की सूचना के अनुसार शव लगभग 7 से 8 दिन पुराना बताया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना के बाद नजदीकी गांव लसाडिया का एक युवक जो कि लगभग 7- 8 दिन से गायब है जिनके परिजनों को भी मौके पर पहचान करने के लिए बुलाया गया है। जिस घर में लाश मिली है उस घर में रहने वाला हरिजन परिवार भी लगभग 7-8 दिन से फरार हैं। घटनास्थल पर देर रात्रि तक डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर जुटे रहे। फिलहाल शव की शिनाख़्त की जा रही है।

## सार-समाचार

### कारागृह का निरीक्षण कर बंदियों की समस्याएं जानी



**टोंक।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) टोंक डॉ. रूबीना परवीन अंसारी ने जिला कारागृह, टोंक का साप्ताहिक निरीक्षण कर सम्पूर्ण व्यवस्था का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याओं को सुना गया व मौके पर ही अधीक्षक जिला कारागृह टोंक को बंदियों की समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देश प्रदान किये गये। न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण के दौरान बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं व बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति एवं अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अधिवक्ता न कर पाने की स्थिति में निशुल्क विधिक सहायता के तहत प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान जमानत होने के बावजूद कारागृह में निरूद्व विचाराधीन बंदियों को जमानत शर्तो के मुताबिक जमानत मुचलके पेश करने एवं आवश्यक विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। जिला कारागृह निरीक्षण के दौरान जेल में भोजन की गुणवता को देखा गया, परिसर की साफ सफाई, विधिक सेवा क्लिनिक, महिला एवं पुरूष बैरक, परिसर का निरीक्षण किया गया।

### शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण



**दूदू** (नि.स) जिला शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंघल ने शुकवार को विभिन्न राजकीय एवं निजीशिक्षण संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सिंघल ने पडासोली,रामनगर, गागरडू मे निरीक्षण कर पोषाहार मिड डे मील योजना की जानकारी ली । संस्था प्रधानो को निर्देश दिए की इन योजनाओ मे कोई कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। नामांकन बढाने भी जोर दिया गया। निजि शिक्षण संस्था प्रधानो को निर्देश दिए कोई भी बाल वाहिनी मे लाइसेंसशुदा चालक होना चाहिये साथ गाडी बीमा युक्त होनी चाहिये अगर कोई कोताही की जावेगी तो संस्था प्रधान जिम्मेदार होगा।

### सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

**सांभरझील।** सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से सांभरलेक इलाके में दो सड़कों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता संजीव माथुर ने बताया कि कोरसीना से शाकम्भरी माता मंदिर तक कुल 4.65 किलोमीटर सड़क के पुनर्निर्माण के लिए 68 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। यह सड़क बनने से शाकम्भरी माता मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिल सकेगी। इसी प्रकार कांठोस नेता और फुलेरा में जनसेवक के नाम से विख्यात विद्याधर सिंह चौधरी की अनुशंषा पर सार्वजनिक निर्माण विभाग ने छापरी से खाखड़की तक 4.8 किलोमीटर सड़क के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की है। यह सड़क 7 मीटर चौडी अर्थात क़रीब 24 फीट चौडी बनेगी जिससे जयपुर जिले की नागौर जिले से कनेक्टिविटी सुगम हो सकेगी। पंचायत समिति सांभर लेक के प्रधान सहदेव गुर्जर ने बताया कि छापरी से खाखड़की सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है,ज्होंने बताया कि पंचायत समिति सांभरलेक के हर गांव में सड़क बने, क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण हो, इसके लिए वह प्रयासरत है।

### पेड़ काटने की मशीन से गला कटा

**खाटूश्यामजी** । कस्बे के बिजली ठोड पावर हाउस के पास पानी की टंकी के सामने नगर पालिका प्रशासन द्वारा सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा था पास ही मार्ग में आ रहे अलडू के पेड़ को स्थानीय लोग काटने के लिए चोमू पुरोहितान निवासी रतनलाल जाट पुत्र महाबक्श को बुलाया गया। आज शुक्रवार को सुबह जैसे ही अलडू का पेड़ काट रहा था की मशीन अचानक गले पर आ गई और पेड़ काटने वाले रतनलाल का गला काट दिया। ई रिक्शा से घायल को उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया सूचना पर थाना अधिकारी सुभाष चंद्र यादव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौका मुआयना कर परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। हालांकि ठाामीण व परिजनों ने पोस्टमार्टम होने के बाद विरोध जताया लेकिन थानाधिकारी सुभाष चन्द्र यादव ने समझाइश के बाद परिजन मान गये और पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी में गोगाराम अध्यक्ष बने

**मालपुरा** (निस) कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशो पर जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा की सहमति से मालपुरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने ब्लॉक की जम्बो कार्यकारिणी की घौषणा की। पीसीसी द्वारा मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट ने अपनी कार्यकारिणी मे धन्नालाल बैरवा को संगठन महामंत्री मनोनीत करते हुए उपाध्यक्ष पद पर आशाराम गुर्जर, अब्दुल्ला गहलोत,रामधन जाट,राजू सिंह, गोपाल बैरवा, अब्दुल हमीद, रामधन जाट, नन्दलाल मीणा,गीता वालिया, चन्द्रशेखर सिंह व महासचिव पद पर लाभचन्द धायल, जोरावर सिंह, धनरूप शर्मा, कन्हैयालाल सैनी पटेल, ईमामुदीन देशवाली, रामेश्वर जैवल्या, इलियास अहमद, महेश वर्मा, बजरंग लाल टोडावत, तेजपाल वाल्मिकी, कोषाध्यक्ष पद पर कमल कुमार जैन सरपंच, सचिव पद पर राधेश्याम खंगार, शिवजीराम चौधरी,रामअवतार शर्मा, महेन्द्र अग्रवाल,बद्रीलाल जाट, कैलाश रावणा राजपूत, किशन लाल गुर्जर, नरेन्द्र धायल, मोतीलाल भाकर, रमेश चन्द शर्मा को मनोनीत करते हुए कैलाश गुर्जर व किशन लाल देशमा को प्रवक्ता एवं नरेन्द्र फुलवारियां व शशि कुमार नामा को मिडिया प्रभारी का दायित्व सौंप 15 कांग्रेसजनो को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया। ब्लॉक कार्यकारिणी पदाधिकारी व सदस्यो को कांग्रेसजनो ने बधाई दे कार्यकारिणी मे सभी वर्गो के कार्यकर्ताओ को त्वजो देने पर हर्ष व्यक्त कर ब्लॉक अध्यक्ष का आभार जताया।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों का शिलान्यास

**लालसोट, रामगढ़, पचवारा ।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा एवं सांसद जसकौर मीणा द्वारा सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों का शिलान्यास किया ।

■ मंत्री व सांसद ने एक दूसरों के तारीफ की

चिकित्सा मंत्री मीणा एवं सांसद मीणा द्वारा लालसोट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टोडा ठेकला में एवं राहुवास तहसील मुख्यालय पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़कों का शिलान्यास किया । इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि विकास कार्य कराने वाले लोगों के ही शिलान्यास पट्टे पर नाम आते है ।निकम्मे लोगों की कभी शिलान्यास पट्टीकाएं नहीं लगती है ।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने आरोप लगाया दस साल जनप्रतिनिधि रहे राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा एवं दौसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे हरीश मीणा पर पलटवार करते हुए कहा कि इन लोगों ने अपने कार्यकाल में कोई विकास कार्य नहीं कराया । इस दौरान मंत्री मीणा द्वारा सांसद जसकौर मीणा की तारीफ करते हुए कहा कि इनको जब भी क्षेत्र की सड़कों के बारे में बताएं गया इनके द्वारा तुरंत केंद्र से सड़के स्वीकृत कराई गई है ।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि इन बनने वाली सड़कों में 60 प्रतिशत तो केंद्र का होता है एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाती है । सांसद जसकौर मीणा ने कहा कि विकास कार्यों में भेदभाव नहीं होना चाहिए एवं नाही मनभेद होना चाहिए ना ही विकास कार्यों को लेकर किसी प्रकार का मतभेद रहना चाहिए । सड़क शिलान्यास कार्यक्रम को प्रधान एडवोकेट नाथूलाल मीणा एवं प्रधान डॉक्टर कौशल्या मीणा आदि ने भी संबोधित किया । शिलान्यास शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान अधिकारी जनप्रतिनिधि ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

## राजस्थान मिशन 2030 के तहत गहन परामर्श कार्यक्रम आयोजित

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी.महाविद्यालय में शुक्रवार को राजस्थान मिशन 2030 के तहत प्राचार्या डॉ. उर्मिल महलावत की अध्यक्षता में गहन परामर्श कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य महलावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वागीण व सामाजिक विकास एवं आर्थिक रुप से सुरक्षा प्रदान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थान मिशन 2030 की संयोजक प्रो. मधु नागर ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय शिक्षाविद, प्रबुद्धजन, अभिभावकगण, पूर्व छात्र परिषद के सदस्य, विकास समिति के सदस्यगण, स्थानीय निजी महाविद्यालय के प्राचार्य, शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक सदस्य एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर राजस्थान के विकास के साथ आम नागरिकों का विकास कैसे हो इसके लिए अपने सुझाव दिये। शिक्षाविद श्रीराम चौधरी एवं रामनिवास यादव ने बताया कि सरकार संस्थानों में रिक्त पदों को तुरन्त प्रभाव से भरे तथा विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियो को नई शिक्षा नीति के बारे में अवगत कराया जाये। प्रहलाद स्वामी ने कहा कि महाविद्यालयों के भौतिक संसाधनों को आर्कशित बनाये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया जाये। फौजी राम ने कहा की शिक्षा रोजगार परख होने के साथ-साथ आधुनिक संसाधनों से पूर्ण होनी चाहिए। विकास समिति के सचिव प्रो. आर.पी गुर्जर ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में मात्रात्मक के स्थान पर गुणात्मक सुधार किये जाए। स्थानीय निजी महाविद्यालय के प्राचार्यो ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होने से राजस्थान में चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में आम जनता एवं विद्यार्थियों को लाभ मिलने के साथ-साथ राजस्थान सरकार में स्वयं की भागीदारी का एहसास होगा। स्काउट गाइड प्रधान एड. मनोज चौधरी ने कहा कि संविधान एवं कानून की जानकारी विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के माध्यम से दी जाये। विधार्थी आर्यन, विष्णु, निशा बंसल, नीरज प्रजापत एवं सरिता गुर्जर आदि ने कहा कि राज्य एवं केन्द्र की सरकारी योजना एवं सेवाओं की जानकारी विद्यालय तथा महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध करवाई जाये। प्रो. आर. के सिंह, नीरु, कपूर चन्द वर्मा, हरिराम धनेटिया, अशोक सिंह ने बताया कि गुणात्मक शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं को निःशुल्क किया जायें।

### प्रशिक्षण शिविर का समापन

**टोंक।** पीपलू पंचायत समिति द्वारा भूतेश्वर परिसर में आयोजित दो दिवसीय सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक व ग्राम रोजगार सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ। सहायक विकास अधिकारी हेमराज सोलंकी ने प्रशिक्षण में बताया गया कि ग्राम पंचायत का संकल्प विकास के लिए गरीबी मुक्त और आजीविका युक्त गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितैषी गांव बनाने की दिशा में काम करना है। ग्राम पंचायत योजना निर्माण के लिए ग्राम नियोजन व सहयोग दल, विकास के मुद्दों की पहचान और समस्याओं का सहभागी आकलन ग्राम गरीबी उन्मूलन कार्य योजना, मॉडल ग्राम सभा का आयोजन, कार्य योजना का ग्राम सभा से अनुमोदन व ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण करने पर जोर दिया गया।

## अधेड़ से 25 हजार रुपये लूटे

**चौरु/उनियारा।** उनियारा कस्बे में शुक्रवार को एक अधेड़ युवक की बाइक के आगे बाइक फंसा कर अधेड युवक से 50 हजार की राशी छीनकर कर ले जाने का मामला सामने आया। पीड़ित खानाराम सैनी ने बताया की वह बाजार में आवश्यक काम से गया था। व सुनार की दुकान से उधार राशी लेकर लौट रहा था। इसी दौरान बस स्टैण्ड के पास नगर पालिका के सामने वाले व्यस्त रोड पर ही एक बाईक पर सवार चार लड़के आये और उन्होंने ने उसकी बाईक के बदमाशों ने अपनी बाईक आगे फंसा कर उसकी जेब में रखें पच्चास हजार की गड्डी जबरदस्ती छीन कर ले गये। वही नगर पालिका के सामने केमरे लगे होने से आरोपियों के फ़ुटेज कैमरे में आने पर पुलिस ने आरोपियों की शिनाख्त करने में लगी हुई है। नगर पालिका के सामने सड़क पर एक महिने पहले भी एक बाईक पर सवार तीन बदमाशों ने देसी कट्टा दिखाकर कर एक युवक के साथ लूट का प्रयास किया था।

### नवीन सड़क का शिलान्यास आज

**मंडावरी।** प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक परसादी लाल मीणा आज मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों का शिलान्यास करेंगे। अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सा मंत्री मीणा आज सुबह 10 बजे नगरपालिका में बनने वाली नई सड़कों का शिलान्यास करेंगे।

## शिक्षा जगत में क्रांति ला रहे कोटपूतली के पंकज

**कोटपूतली।** युट्यूब चैनल कोटपूतली एज्युकेशन के माध्यम से ना केवल राजस्थान बल्कि देश भर में मशहुर हो चले एज्युकेशन एक्सपर्ट पंकज शेरावत ने एक ओर सफलता अर्जित की है। पंकज के चैनल ने युट्यूब पर एक लाख सब्सक्राईबर का आंकड़ा पार कर लिया है। जिन्हें युट्यूब ने सिल्वर प्ले बटन प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि पंकज ने इस चैनल की स्थापना वर्ष 2022 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को की थी। जो इसी वर्ष फरवरी माह में अपनी निरन्तर लोकप्रियता बरकरार रखते हुए क्रमशः 50 हजार व अब 01 लाख का आंकड़ा पार कर चुका है। स्वामी विवेकानन्द को अपना आदर्श मानने वाले 28 वर्षिय युट्यूबर पंकज शेरावत ने शिक्षा जगत में क्रांति ला दी है। आम तौर पर जब युवा अच्छा रोजगार व नौकरी खोजते है, वहीं पंकज इस उम्र में युवाओं को अच्छी शिक्षा व रोजगार प्राप्त करने में सहायता कर रहे है। शेरावत प्रतिदिन अपने विडियो के माध्यम से विधार्थियों व रोजगार की तलाश में घुम रहे युवाओं का मार्गदर्शन करते है। अगर फॉलोअर की दृष्टि से देखा जाये तो शिक्षा के क्षेत्र में उनका चैनल कोटपूतली का सबसे लोकप्रिय युट्यूब चैनल है। जिस पर करीब डेढ़ वर्ष के समय में 500 से अधिक एपिसोड डाले गये है।

अच्छी खासी कमाई भी कर रहे है पंकज - बेहद हँसमुख व जुझारू प्रवृति के पंकज ने जानकारी देते हुए बताया कि युट्यूब चैनल कोटपूतली एज्युकेशन के माध्यम से विधार्थियों व युवाओं की मदद के साथ-साथ वे अच्छी खासी कमाई भी कर लेते है। पंकज ने बताया कि वे कॉलेज के समय से ही युवा पीढ़ी के लिए कुछ अलग करना चाहते थे। जिसके चलते उन्होंने यह चैनल बनाया। पंकज युग पुरूष स्वामी विवेकानन्द को अपना आईडल मानते है। उनका कहना है कि स्वामी विवेकानन्द ने देश को आगे बढ़ाने में युवा पीढ़ी को उठो, जागो व लक्ष्य को प्राप्त करो का संदेश दिया। बस उनके इसी ध्येय वाक्य से जीवन में कुछ नया करने की प्रेरणा मिली।

कस्बे के गोविन्द विहार कॉलोनी निवासी पंकज ने स्थानीय राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय से इतिहास में एम.ए. की पढ़ाई के बाद बीएड की शिक्षा प्राप्त की है। बेहद सामान्य परिवार से आने वाले पंकज के पिता जगदीश प्रसाद प्रबोधक, जबकि माता हेमवती गृहणी है। पंकज की उपलब्धि पर उनके माता-पिता व परिवार के साथ-साथ साथियों को भी बेहद गर्व है। पंकज ने अपनी उपलब्धि का श्रेय जिला शिक्षा प्रसार अधिकारी पद से सेवानिवृत हुए अपने दादा स्व. भौरेलाल शेरावत व माता-पिता एवं परिजनों को दिया है।

## कैदियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन उत्सव मनाया



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार को गोपालपुरा रोड स्थित उपकारागृह परिसर में कैदियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन उत्सव मनाया ।

**कोटपूतली।** स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शुक्रवार को गोपालपुरा रोड स्थित उपकारागृह परिसर में कैदियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। इस मौके पर बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि मनुष्य अपने जीवन में न जाने कितनी भूल व गलतियां करता है, जिसकी सजा उसे सूक्ष्म और स्थूल दोनों तरीके से मिलती है।

यदि मनुष्य अपनी गलतियों को सुधार ले और अपनी भूल के लिए पश्चाताप कर ले एवं किए गए गलत कर्मो के लिए माफी मांग ले तो मनुष्य का जीवन श्रेष्ठ बन सकता है। इससे मनुष्य के मन को शांति व शक्ति दोनों मिलती हैं। इस मौके पर जेल प्रभारी समेत बीके मीना बहन, दूनीलाल, प्रकाश भाई, मुकेश भाई व जेल स्टॉफ मौजूद रहा।

### नर्सिंगकर्मी रहे सामूहिक अवकाश पर

**खाटूश्यामजी** । ग्यारह सुत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे नर्सिंगकर्मी शुक्रवार को सामूहिक अवकाश पर रहे।जिसके चलते राजकीय उप जिला अस्पताल में प्रबंधन ने स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए एएनएम, सीएचओ व नर्सिंग विद्यार्थियों की ड्यूटी लगाई। एसडीएच के पीएमओ डॉ गोगराज सिंह निठारवाल ने बताया कि अस्पताल के 19 नर्सिंग कर्मी अवकाश पर रहे तथा वैकल्पिक व्यवस्था में 4 एएनएम,5 सीएचओ तथा 23 नर्सिंग विद्यार्थियों को व्यवस्था में लगाया गया।


**राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर**
**कार्यालय विश्वविद्यालय अभियन्ता**

**ई-निविदा सूचना संख्या- 10/(2023-24)**

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में विभिन्न कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाइन निविदा उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों, जो राजस्थान सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, केन्द्र सरकार के लोक निर्माण विभाग, डाक एवम् दूरसंचार विभाग, रेलवे एवम् अन्य राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो से, ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा में कुल कार्यो की संख्या 03 है जिनकी कुल अनुमानित लागत 86.13 लाख है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवम् http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है जिसका यू.बी.एन. नम्बर URA2324WSOB000114,115,116 है। NIB : URA2324A0035

विश्वविद्यालय अभियन्ता



श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : श्री टावर्स, प्लाट संख्या 14 ए, साउथ फेज, इंडस्ट्रियल स्टेट, गुंदी, चेन्नई - 600032 तमिलनाडु
शाखा कार्यालय :- 65 ए, पहली मंजिल, सूरज नगर (पश्चिम) अजमेर रोड, सोडाला, जयपुर - 302006 राजस्थान
प्रतीकात्मक कब्जा नोटिस

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( उक्त अधिनियम ) के प्रावधानों के तहत और धारा 13( 12 ) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ( एसएफएल ) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 ( उक्त नियम ) के नियम 3 के साथ पढ़े गए उक्त अधिनियम के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है, ताकि उक्त मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाई जा सके। उधारकर्ताओं द्वारा ऋण राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने धारा 13( 4 ) ) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अगस्त 2023 के इस 18वें दिन नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा ले लिया है। जो की उक्त अधिनियम एवं उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा गया।

| उधारकर्ता का नाम और पता | मांग पत्र के अनुसार देय राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| 1) अधिकृत प्रतिनिधि एवं स्वामी मेसर्स सोनू ट्रेडर्स, कमलेश चौधरी, पुत्र सुजाराम जाट, दुकान नंबर 8-बी, दुकान नंबर 9-बी और दुकान नंबर 29, दुकान नंबर - 30 स्कीम चौधरी मार्केट, डिग्गी मालपुरा रोड, रेनवाल के पास, फागी, तहसील-फागी, जयपुर - 303904 राजस्थान<br>2) कमलेश चौधरी पुत्र सुजाराम जाट, गाड़ोतियों की ढाणी, मीणों की ढाणी, रूपवास, जाटो का बास, जयसिंहपुरा, सांगानेर, जयपुर-303904 राजस्थान<br>3) सुजाराम जाट पुत्र नानगराम जाट, गाड़ोतियों की ढाणी, मीणों की ढाणी, रूपवास, जाटो का बास, जयसिंहपुरा, सांगानेर, जयपुर - 303904 राजस्थान | ऋण खाता संख्या:- CDJA3TF1603070001<br>डिमांड नोटिस दिनांक:-14-06-2023 के संदर्भ में रूपए 1184763 /-( ग्यारह लाख चौरासी हजार सात सौ तिरसठ रुपये मात्र ) का भुगतान करने के लिए | दुकान नंबर 8-बी, क्षेत्रफल 44.44 वर्गगज है, दुकान नंबर 9-बी, क्षेत्रफल 44.44 वर्गगज और दुकान नंबर 29 क्षेत्रफल 33.33 वर्गगज, दुकान नंबर 30, क्षेत्रफल 33.33 वर्गगज। स्कीम चौधरी मार्केट, डिग्गी मालपुरा रोड रेनवाल के पास, फागी, तहसील- फागी, जयपुर- 303904- राजस्थान<br>दुकान संख्या 8-बी और 9- बी की सीमाएं इस प्रकार हैं :-<br>उत्तर की ओर : दुकान नंबर 10 - बी<br>दक्षिण की ओर : दुकान नंबर 7-बी<br>पूर्व की ओर : सार्वजनिक सड़क<br>पश्चिम की ओर : अन्य संपत्ति<br>दुकान संख्या 29 एवं 30 की सीमाएँ इस प्रकार हैं:-<br>उत्तर की ओर : अन्य दुकान<br>दक्षिण की ओर : दुकान नं. 7 - बी 28<br>पूर्व की ओर : अन्य संपत्ति<br>पश्चिम की ओर : डिग्गी मालपुरा रोड |

यह नोटिस बड़े पैमाने पर आम जनता को सावधान करने के लिए भी है कि श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के पास ऊपर उल्लिखित अचल संपत्ति का वैध प्रतीकात्मक कब्जा है और उधारकर्ता या कोई भी व्यक्ति श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना उल्लिखित उपरोक्त किसी भी संपत्ति को पट्टे पर देना / विक्रय करना या अन्यथा निपटान अथवा अलग करना इस नोटिस की प्राप्ति के बाद बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण नहीं करेगा।

Place: जयपुर Date 26-08-2023

sd/-
अधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड







1.0L Turbo Boosterjet Engine with Progressive Smart Hybrid



360 View Camera



Head Up Display




NEXTre' Rear Combination Lights



In-Built Suzuki Connect



Wireless Charger

***VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP OR LOG ON TO WWW.NEXAEXPERIENCE.COM TO BOOK YOUR TEST DRIVE.***

**CONTACT YOUR NEAREST NEXA DEALER: JAIPUR: NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250, 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

Contact us at
**1800-200-[6392]**
**1800-102-[NEXA]**
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

Accessories and features shown may not be part of standard equipment. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.